



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 272 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष कृ.9 2081 मंगलवार, 24 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों का एनकाउंटर

पीलीभीत, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के पीलीभीत में 3 खालिस्तानी आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया। पीलीभीत पुलिस और पंजाब पुलिस ने सोमवार तड़के यह ऑपरेशन किया। सभी आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के सदस्य थे। इन्होंने 19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला किया था। आतंकियों के पास से 2 एके-47 राइफल, 2 ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए। मारे गए आतंकियों में गुरदासपुर निवासी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं। पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में एनकाउंटर हुआ। गोली लगने के बाद तीनों घायलों को पूरनपुर सीएचसी लाया गया।






## 5वीं-8वीं में फेल होने वाले बच्चे प्रमोट नहीं होंगे

### > 2 महीने में दोबारा एग्जाम होगा > फिर फेल हुए तो भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। 5वीं और 8वीं क्लास के एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को अब पास नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने सोमवार को 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। पहले इस नियम के तहत फेल होने वाले स्टूडेंट्स को दूसरे क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था।

सरकार के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में वो पढ़ रहा था उसी में दोबारा पढ़ेगा। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8वीं तक के ऐसे बच्चे को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। केंद्र सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब 3 हजार से ज्यादा स्कूलों पर होगा। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों (दिल्ली और पुडुचेरी) ने पहले ही नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। नए फैसले से स्टूडेंट्स की सीखने की क्षमता बेहतर होगी और एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार होगा। टीचर उस फेल होने वाले स्टूडेंट पर खास ध्यान देंगे साथ ही समय-समय पर पेरेंट्स को भी गाइड करेंगे। >14

# पीएम ने 71 हजार लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटे

### > डेढ़ साल में करीब 10 लाख पक्की नौकरी दी > पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के 45 जगहों पर आयोजित रोजगार मेले में 71 हजार युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जॉइनिंग लेटर बांटे। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा रोजगार मेला है।



पीएम मोदी ने कहा, पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में करीब 10 लाख पक्की नौकरियां दी गईं। पहले की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज युवाओं के लिए नए अवसरों का निर्माण हो रहा है। रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। अब तक 14 मेलों में 9.22 लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। इससे पहले आखिरी रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया था, जिसमें 51 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर बांटा गया था। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है और लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है, क्योंकि भारत में हर नीति और हर निर्णय के केंद्र में भारत का प्रतिभाशाली युवा है। आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व से होता है।

आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी बन गए और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत है। भारत ने अपने स्पेस, डिफेंस सेक्टर में नीतियां बदलीं और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दिया है। इसका फायदा भारत के युवाओं को हुआ। वो नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो सब जगह अपना परचम लहरा रहा है।

## संविधान की रक्षा करते हुई सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या : राहुल गांधी



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद राहुल ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। सोमनाथ सूर्यवंशी की इस महीने की शुरूआत में महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मृत्यु हो गई थी। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद परभणी में हिंसा भड़क गई थी। परभणी के शंकर नगर निवासी सूर्यवंशी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 50 से अधिक लोगों में शामिल थे।

## सीएम स्टालिन का बड़ा आरोप, नियमों में संशोधन निष्पक्ष चुनाव के लिए खतरा

चेन्नई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा-नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में एक खतरनाक संशोधन किया है, जो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार चुनावों में पारदर्शिता को खत्म करने की कोशिश कर रही है और उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर हमले का विरोध करें। उ

न्होंने आरोप लगाया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद, जिसमें चुनाव बूथ का सीसीटीवी फुटेज देने को कहा गया था, >14

## कांग्रेस ने किसानों और महंगाई के मुद्दे पर भाजपा को घेरा



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार को किसान विरोधी और जुमलेबाज करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर किसान विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बढ़ती महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि किसान भारत बनाते हैं, वे देश का गौरव हैं। किसान दिवस पर सभी किसान बहनों और भाइयों और खेत मजदूरों को हार्दिक शुभकामनाएं। देश के किसानों के लिए लड़ने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि मोदी सरकार अपनी जिद और किसान विरोधी नीतियों के जरिये हमारे किसानों के साथ और अन्याय नहीं करेगी और अपने पुराने वादों को लागू करेगी। राहुल गांधी ने भी किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश के सभी अन्नदाताओं को सादर नमन।

## दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन

### 90 साल की उम्र में ली आखिरी सांस



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन हो गया है। उन्होंने 90 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उन्होंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और लीक से हटकर फिल्मों के लिए जाने गए। उन्होंने इंडस्ट्री में 50 साल से भी ज्यादा लंबा सफर तय किया। जानकारी के मुताबिक, श्याम बेनेगल ने मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में शाम 6.30 बजे अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। श्याम सुंदर बेनेगल का जन्म 14 दिसंबर 1934 में हैदराबाद में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। >14

## 'डॉ. आंबेडकर और उनकी विरासत के अपमान के लिए माफी मांगे कांग्रेस'

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। आंबेडकर के मुद्दे पर सियासत तेज है। एक ओर जहां अमित शाह के बयान पर कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। वहीं सोमवार को भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस को यह सब ड्रामा बंद करना चाहिए। कांग्रेस ने डॉ. बीआर आंबेडकर और उनकी विरासत का जो अपमान किया, उसके लिए पार्टी को बिना शर्त जनता के सामने माफी मांगनी चाहिए।



रविशंकर प्रसाद ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के एक टुकड़े को बिना संदर्भ के निकालकर कांग्रेस अपनी राजनीतिक हस्ती बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन देश की जनता सब समझती है। कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली है। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को कोई पद्म विभूषण, पद्मश्री नहीं दिया, लेकिन उनको चुनाव में हराने वाले काजरोलकर को 1970 में पद्म भूषण दिया। उन्होंने 15 हजार वोट से आंबेडकर को हराया था। वहां नेहरू जी भी आंबेडकर के खिलाफ प्रचार करने गए थे। कांग्रेस के खिलाफ हमारे पास सारे सबूत हैं। हम भी इसे सबको दिखाएंगे।

कांग्रेस और डॉ. आंबेडकर के अपमान का काला चिट्ठा हम देश को दिखाएंगे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज देशभर में कांग्रेस कुछ नाटक कर रही है। आंबेडकर जी के प्रति उनमें बेहद प्यार उमड़ रहा है। हम कांग्रेस के चेहरे को बेनकाब करने आए हैं। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। उनको संविधान सभा का सदस्य नहीं बनने दिया।











## हफ्ते में 70 घंटे काम के नारायण मूर्ति की बात से सहमत नहीं कार्ति

### *बोले-अधिक काम करना अर्थहीन*

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति पर तंज कसा। नारायण मूर्ति ने लगातार 70 घंटे के कार्य सप्ताह पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए त्याग की आवश्यकता है, विश्राम की नहीं। उनके इस विचार से कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अधिक समय तक काम करना अर्थहीन है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नारायण मूर्ति के विचार पर असहमति जताते हुए कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, अधिक समय तक काम करना अर्थहीन है। हमारा ध्यान कार्यक्षमता पर होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, दैनिक जीवन एक संघर्ष है। यह अकुशल और घटिया बुनियादी ढांचे से जूझ रहा है। अच्छी सामाजिक व्यवस्था और सद्भाव के लिए कार्य-जीवन को संतुलित रखना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत को चार दिन के कार्य सप्ताह की ओर बढ़ना चाहिए। सोमवार दोपहर 12 बजे से लेकर शुक्रवार दोपहर के दो बजे तक। कार्ति चिदंबरम ने यह टिप्पणी कांग्रेस के ही नेता गौरव गोगोई के बयान के बाद की।

### सीटी रवि मामले पर विधान परिषद के अध्यक्ष ने कहा

## 'हमारे पास कोई रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं'



बेंगलूरू, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में भाजपा एमएलसी सीटी रवि और बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर के बीच लगातार विवाद बना हुआ है। हेब्बलकर ने रवि पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, अब विधान परिषद के अध्यक्ष बसवराज होरट्टी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि 19 दिसंबर को परिषद हॉल में दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत रिकॉर्ड नहीं की गई थी। साथ ही रिकॉर्डिंग के रूप में प्रसारित की जा रही कोई भी बातचीत फर्जी है। होरट्टी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 19 दिसंबर को विधान परिषद के स्थगित होने के बाद कुछ भी रिकॉर्ड नहीं किया गया था। इस मामले से संबंधित कोई भी वीडियो हमारे पास उपलब्ध नहीं है। केवल हमारे पास प्रामाणिक ऑडियो, वीडियो हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि परिषद के बाहर किसी को भी वीडियो बनाने और ऑडियो रिकॉर्ड करने की अनुमति नहीं है। अगर परिषद के बाहर किसी के पास इस मामले से जुड़ा कोई वीडियो है तो उसे फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) को भेजा जाना चाहिए। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर हम कार्रवाई करेंगे। घटना के बाद, 19 दिसंबर को रवि को बेलगावी में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कर्नाटक हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी।

### संजय राउत का महायुति पर हमला

# वे केवल सत्ता के लिए साथ, उनमें वैचारिक समानता नहीं



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। शिवसेना नेता संजय राउत ने सोमवार को महायुति गठबंधन पर हमला बोला। संजय राउत ने कहा कि महायुति गठबंधन में सहयोगी दल केवल सत्ता के लिए साथ हैं। उनमें वैचारिक समानता बिल्कुल भी नहीं है। पहले वे अपनी पार्टी की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देते हैं और फिर सरकार बनाने के लिए साथ आते हैं। राउत ने विभागों के आवंटन में हो रही देरी को लेकर भी महायुति सरकार पर निशाना साधा। राउत ने कहा कि पहले सरकार नहीं बनी और एक बार सरकार बन गई, तो विभाग आवंटन एक महीने बाद हुआ। अब संरक्षक मंत्री पदों को लेकर चर्चा चल रही है। इससे कुछ होने वाला नहीं है और यह अंत तक चलता रहेगा। राउत ने कहा कि संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति का कोई फायदा तो होता नहीं है। क्योंकि वे केवल अपने हितों की पूर्ति करते हैं। राउत ने कहा कि पंकजा या धनंजय मुंडे बीड के संरक्षक मंत्री बनते हैं तो क्या प्रधान संतोष देशमुख को न्याय मिलेगा? जो परभणी का संरक्षक मंत्री बनेगा तो क्या वह पुलिस हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी को न्याय दिला पाएगा? जो ठाणे का संरक्षक मंत्री बनता है क्या वह कल्याण के मराठी परिवार को उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय दिलाने में कामयाब होगा? राउत ने कहा कि इसका कोई फायदा नहीं है। संरक्षक मंत्री का अर्थ खुद को सिर्फ सत्ता में बनाए रखने का तरीका है। जो गढ़ चिरोली का मंत्री बनता है वह यहां से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए कुछ नहीं करता। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ काम कर रही है। मनसे देवेंद्र फडणवीस, नरेंद्र मोदी और अमित शाह को अपना आदर्श मानती है और ये तीनों नेता महाराष्ट्र के दुश्मन हैं।

## अहमदाबाद में बाबा साहेब की मूर्ति की नाक तोड़ी गई

अहमदाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संसद में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच अहमदाबाद के खोखरा इलाके में बाबासाहेब की एक मूर्ति की नाक तोड़ दी गई। इससे इलाके में तनाव के हालात बन गए हैं। भारी संख्या में जमा लोग धरने पर बैठ गए हैं। लोगों की मांग है कि आरोपी को गिरफ्तार उसका सार्वजनिक जुलूस निकाला जाए। खोखरा इलाके में शास्त्री कॉलेज के सामने डॉ. बाबा साहेब की यह मूर्ति लगी हुई है। आज सुबह सड़क से गुजरा रहे कुछ लोगों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त हालात में देखा और इसके बाद लोगों की भीड़ जमा होती चली गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## पुणे में डंपर ने फुटपाथ पर 9 लोगों को कुचला

### 2 बच्चों समेत 3 की मौत, देर रात की घटना; ड्राइवर नशे में था, गिरफ्तार

पुणे, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पुणे में रविवार रात करीब 1 बजे एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है और 6 लोग गंभीर रूप ये घायल हुए हैं। मृतकों में 2 बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से एक की उम्र 1 साल और एक की उम्र 2 साल है। एक्सीडेंट वाघोली के केसनंद फाटा इलाके में हुआ। डंपर चलाने वाला ड्राइवर नशे में था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि फुटपाथ पर करीब 12 मजदूर सो रहे थे। चश्मदीदों ने बताया कि डंपर तेज रफ्तार में था। वह सो रहे लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। इसके बाद घायल मजदूर चिल्लाने लगे। हमने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। 2 दिन पहले मुंबई में फुटपाथ पर खेल रहे एक 4 साल के बच्चे को एसयूवी कार चालक ने रौंद दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसके पिता भी मजदूरी करते हैं।

**सभी मजदूर अमरावती के रहने वाले थे**

पुलिस ने बताया कि 22 साल के विशाल विनोद की मौत हो गई। वहीं, जानकी दिनेश पवार (21), रिनिशा विनोद पवार (18), रोशन शशदु भोसले (9), नागेश निवृत्ति पवार (27), दर्शन संजय वैराल (18) और अलीशा विनोद पवार (47) का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायलों को पहले आईनॉक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें ससून अस्पताल भेज दिया गया। ये सभी अमरावती के रहने वाले हैं। ये काम के लिए पुणे आए थे और काम के बाद अब वापस लौट रहे थे।

## खबरें जरा हटके

### बगीचे में बागवानी कर रहा था कपल, अचानक मिट्टी में धंसे मिले कई दांत



**जांच हुई तो पता चली चौंकाने वाली बात!**

आज जहां आपके खेत या बगीचे हैं, कल वहां पर जंगल रहे होंगे. जहां जंगल रहे होंगे, वहां पर जंगली जानवर भी रहते होंगे. कुछ जंगली जानवर आज भी इस धरती पर मौजूद हैं, पर कुछ विलुप्त हो चुके हैं. जो विलुप्त हो गए, उनके अवशेष मिलते रहते हैं, जो उनके बारे में ज्यादा जानकारी देने का काम करते हैं. हाल ही में अमेरिका में एक कपल को भी अपने बगीचे में किसी जीव के दांत मिले. जब उन्होंने उस दांत को जांच के लिए दिया तो वैज्ञानिकों को ऐसी बातें पता चली, जिसे जानकर वो भी चौंक गए और आप भी चौंक जाएंगे.

डेली स्टार न्यूज वेबसाइट के अनुसार न्यूयॉर्क के एक कपल को अपने गार्डेन में कुछ दांत मिले. कपल ने अपनी पहचान को गोपनीय रखते हुए न्यूज पोर्टल्स से बात की और इस घटना के बारे में बताया. जब वो बगीचे में बागवानी कर रहे थे, तब उन्हें काफी बडे.साइज के दांत मिट्टी में गड़े मिले. उन्होंने फौरन एक्सपर्ट्स को बुला लिया जिससे दांतों के बारे में ज्यादा जानकारी मिल सके.

**13 हजार साल पहले के जीव के मिले दांत**

जांच में पता चला कि वो दांत असल में विशाल मैस्टोडॉन के थे, जो हाथियों के पूर्वज थे और मैमथ के नजदीकी रिश्तेदार हुआ करते थे. ये जीव इस धरती पर 13 हजार साल पहले तक मौजूद थे. न्यूयॉर्क स्टेट म्यूजियम के डायरेक्टर ऑफ रिसर्च एंड कलेक्शन, रॉबर्ट फर्नेस ने कहा कि इस खोज से न्यूयॉर्क के इतिहास के बारे में काफी कुछ पता चला है. मैस्टोडॉन के इस जबड़े से इसकी प्रजाति के जीवों के बारे में ज्यादा जानकारी प्राप्त करने का मौका हाथ लगा है.

### 1932 से आया रहस्यमय टाइम ट्रैवेलर, पहुंच गया 2050 में

**ऐसे-ऐसे सबूत दिखाए, पुलिस का भी चकरा गया माथा!**



इंसान जबसे इस दुनिया में आया है, तब से वो काफी तरक्की कर चुका है. उसने मीलों की दूरी घंटों में समेटने के लिए तरह-तरह के वाहन बना दिए लेकिन आज भी एक ऐसी यात्रा है, जो उसकी पकड़ से बाहर है. ये यात्रा समय की यात्रा है. यही वजह है कि इंसान अब भी टाइम ट्रैवेलिंग के सिर्फ सपने ही देख रहा है. टाइम ट्रैवेलिंग की तमाम कहानियां हम सुनते हैं. हालांकि हमें कभी ऐसा कोई पुख्ता सबूत नहीं मिलता है. आज हम आपको कहानी ऐसे शख्स की सुनाते हैं, जिसने अपने दावे से पुलिस भी चकरा गई. आज आपको कहानी ऐसे शख्स की सुनाते हैं, जिसने अपने अजीबोगरीब दावे से सबको चकित कर दिया.

**मैं बीते समय से आया हूं...**

मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक सर्गेइ पोनोमैरेंको नाम के शख्स ने साल 2006 में एक चौंकाने वाला दावा किया. यूक्रेन की राजधानी कीव में ये शख्स मिला और उसने अधिकारियों को बताया कि वो 1932 से साल 2006 में आ गया है. उसके कपड़े भी उसी ज़माने के थे और उसके पास एक पुराना सा कैमरा भी था. उसने जो दस्तावेज़ दिखाए, वो भी साल 1950 के थे. उस वक्त उसकी उम्र 25 की थी. इतना ही नहीं उसकी एक गर्लफ्रेंड भी फोटो में थी, जिसे जब अधिकारियों ने ढूंढा तो उसकी उम्र उस वक्त 70 साल निकली. इतना ही नहीं उसने एक यूएफओ की भी फोटो दिखाई और कहा कि इस तस्वीर को खींचने के बाद ही वो भविष्य में आ गया.

### क्या है दुनिया के सबसे छोटे शहर का नाम? जहां रहते बस 52 लोग



दुनिया के सबसे छोटे देश में वेटिकन सिटी को शुमार किया जाता है. इसकी कुल जनसंख्या 764 लोगों की है, वहीं इसका क्षेत्रफल 44 हेक्टेयर (108.7 एकड़) है. ज्यादातर लोगों को इस देश के बारे में जानकारी है, जो इटली के रोम सिटी के अंदर बसा है. लेकिन अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे छोटा शहर कौन सा है, तो क्या आप उसका नाम जानते हैं? हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि मात्र 52 लोगों की जनसंख्या वाला पहाड़ पर बसा यह शहर भले ही दुनिया में सबसे छोटा हो, लेकिन इस प्रसिद्धी की वजह कुछ और ही है. इस शहर का नाम ह्यूम है, जो क्रोएशिया में बसा है. इस्त्रिया की पहाड़ियों पर बसा यह छोटा सा शहर सिर्फ़ 100 मीटर लंबाई और 30 मीटर की चौड़ाई तक फैला है और इसमें दो मनमोहक पत्थरों वाली गलियां और तीन सीढ़ीदार संरचनाएं बनी हैं.

बता दें कि ह्यूम शहर की बसावट मध्यकालीन दौर से भी पहले की है. इसका सबसे पहला उल्लेख "चोलम" के रूप में 12वीं शताब्दी के अभिलेखों में मिलता है. वहीं, इस शहर को मिरना नदी घाटी के किनारे को बसाते समय बचे हुए पत्थरों से हुआ था. सदियों तक युद्ध के मैदानों के बीच में बसे इस शहर में सुरक्षा से जुड़े कार्यों को किया जाता था. लेकिन बाद में हालात बदले तो वहां पर वॉच टॉवर, घंटी और अन्य चीजें बनती चली गईं. वैसे इसकी पॉपुलैरिटी की वजह इसका छोटा होना या प्राचीन होना तो है ही, लेकिन शराब की एक खास ब्रांड बिस्का की वजह से ये ज्यादा चर्चित है. रिपोर्ट के अनुसार, यह मिस्टलेटो-युक्त फल ब्रांडी एक प्राचीन सेल्टिक ड्रूयड रेसिपी पर आधारित है जो 2,000 साल से भी ज़्यादा पुरानी शराब है. बिस्का को दुनिया का सबसे बेस्ट श्नैप्स माना जाता है. श्नैप्स मतलब शराब. इतना ही नहीं, यहां हर साल प्रीफेट का चुनाव भी होता है, जो लोगों के आपसी झगड़े को निपटाते हैं. इसमें जीत हासिल करने वालों को सबसे बेस्ट बिस्का शराब पीने को दिया जाता है.

## बर्थडे पार्टी में तीन लोगों का मर्डर, ताबड़तोड़ चलीं गोलियां

पंचकूला, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पंचकूला में सुबह तड़के 3 बजे होटल के अंदर बर्थडे पार्टी के समय पार्किंग में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। जिसमें नई स्कार्पियो कार में बैठे दिल्ली के 2 युवकों और हिसार कैंट की युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

हरियाणा के पंचकूला से सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। यहां एक होटल में बर्थडे पार्टी चल रही थी, इसी बीच सोमवार तड़के सुबह तीन बजे पार्किंग में अज्ञात हमलावरों ने एक युवती समेत तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के अनुसार, पिंजौर पुलिस थाने के प्रभारी सोमबीर ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली के निवासी विक्की, विपिन और हिसार की निवासी निया के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि होटल की पार्किंग में अज्ञात हमलावरों ने तीनों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस को गैंगवार का भी शक है। वहीं मामले में पंचकूला के सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) अरविंद कंबोज ने फोन पर बताया, 'तीनों एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए आए थे और उसी समय यह घटना हुई।'

उन्होंने आगे बताया कि विक्की की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उस पर कुछ मामले दर्ज हैं। सहायक पुलिस आयुक्त ने यह भी कहा, ''हम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और अन्य सुराग जुटा रहे हैं।'' हत्या किस वजह से की गई, इस बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस को शक है कि यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हो सकता है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## 10 साल दिल्ली बेहाल : आप के खिलाफ भाजपा का 'आरोप पत्र'

### अनुराग ठाकुर बोले-पाप धोते-धोते यमुना काली हो गई

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में विधानसभा चुनाल होने वाले हैं। चुनावी माहौल के बीच भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। सोमवार को दिल्ली में भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा का आरोप पत्र जारी किया। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर में एक बार फिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कई मुद्दों पर केजरीवाल को घेरा और सवाल पूछे हैं। दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है।




दिल्ली में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप पत्र जारी करने के बाद कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने यमुना नदी को इतना प्रदूषित कर दिया है कि यह इतनी बदबूदार, झागदार और जहरीली हो गई है। आगे कहा कि मुझे याद है, 2022 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा था कि अगले चुनाव से पहले, वह लोगों के साथ यमुना नदी में डुबकी लगाएंगे, यानी 2025 के चुनाव से पहले। केजरीवाल को उनका वादा याद दिलाते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि 10 साल बीत गए हैं और 2025 में जाने के लिए केवल 10 दिन बचे हैं। क्या यमुना की सफाई हुई? क्या यमुना साफ हो गई है?, इतना ही नहीं उन्होंने कई सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार के अनेक मंत्री और दर्जनों विधायक जेल जा चुके हैं। जो केजरीवाल सोनिया गांधी और शीला दीक्षित को जेल में डालने की बात करते थे, वे गंभीर आरोप लगने के बाद भी अपना पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे।

**केजरीवाल ने शराब घोटाला करने का काम किया: सचदेवा**

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य का सपना दिखाने वाले केजरीवाल ने शराब घोटाला करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगों का दाग अब तक लोगों की स्मृतियों से गायब नहीं हुआ है।

अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली दंगे करवाने का बेहद गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन्हीं दंगों में आइबी अफसर अंकित शर्मा को मारा गया था। अरविंद केजरीवाल ने अंकित शर्मा को मारने का आरोपी ताहिर हुसैन आम आदमी पार्टी का ही पार्षद था।

## दिल्ली में महिला सम्मान योजना शुरू

### अरविंद केजरीवाल ने खुद किया रजिस्ट्रेशन



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में आज से महिला सम्मान योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री आतिशी ने खुद रजिस्ट्रेशन कर इसकी शुरूआत की है। दिल्ली के किदवई नगर में आप नेता पहुंचे थे। वहीं कुछ दिनों पहले अरविंद केजरीवाल ने इस योजना को शुरू किए जाने का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के अंतर्गत दिल्ली की महिलाओं को चुनाव से पहले एक हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं, चुनाव के बाद इस राशि को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। 23 दिसंबर से इस योजना में रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो गई है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करेंगे।

**केजरीवाल ने बताया कैसे मिलेगा लाभ**

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि योजना का एलान होने के बाद लोग फोन करने पूछ रहे हैं कि पंजीकरण कब से शुरू होगा। उन सभी का इंतजार खत्म हो गया है। सोमवार से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके लिए कहीं लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। आप कार्यकर्ता लोगों के घर पहुंचेंगे। इसके लिए पार्टी ने दिल्ली के हर इलाके में बड़ी संख्या में टीमें तैनात की हैं। जिनका भी पंजीकरण हो, उनको अपना कार्ड अपने पास रखना है। सरकार बनने के साथ लोगों के खाते में पैसे आने लगेंगे।

## गुजरात में कांपी धरती, कच्छ में 3.7 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

अहमदाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात के कच्छ में सोमवार की सुबह 3.7 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। यह झटका सुबह के 10.44 बजे महसूस किया गया था। जिले में इस महीने तीन की अधिक तीव्रता से यह दूसरी भूकंपीय झटका है। इससे पहले सात दिसंबर को जिले में 3.2 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। पिछले महीने 18 नवंबर को कच्छ में चार की तीव्रता से भूकंप आया था। इसके ठीक तीन दिन पहले 15 नवंबर को उत्तर गुजरात के पाटन में 4.2 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## श्रीनगर में डल झील पर आधा इंच बर्फ की परत

**बद्रीनाथ में झरना जमा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार, एमपी में ओले गिरने का अलर्ट**



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के ऊंचे हिमालयी इलाकों में बर्फबारी और बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान माइनस से 10 डिग्री नीचे तक पहुंच गया है। श्रीनगर में 21 दिसंबर की रात 50 साल में सबसे ठंडी रात रही। यहां पारा माइनस 8° था। 22 दिसंबर को तापमान 4 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया। चिल्लई कलां के तीसरे दिन डल झील भी जम गई। यहां झील की सतह पर आधा इंच मोटी बर्फ की परत दिखाई दे रही है। बद्रीनाथ धाम के पास उर्वशी धारा का झरना लगातार हो रही बर्फबारी के कारण बहते-बहते ही पूरी तरह जम गया है। मौसम विभाग ने 23 से 28 दिसंबर के बीच मध्य प्रदेश में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में भी आज बारिश की संभावना जताई गई है।

## लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में नौ के खिलाफ मुकदमा

### ठाणे में महिला समेत आठ बांग्लादेशी पकड़े

मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। लोन दिलाने में मदद करने के नाम पर 1.74 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक समेत नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवी मुंबई के कामोठे निवासी 40 वर्षीय बिल्डर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसके व्यापार के लिए चार करोड़ रुपये का लोन पास कराने में मदद करने की बात कही।

साथ ही प्रोसेसिंग शुल्क के तौर पर उससे 24.41 लाख रुपये ले लिए। नौपाड़ा पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कई अन्य लोगों के साथ भी ऐसा ही किया। इस तरह कर्ज लेने वालों से 1.74 करोड़ रुपये ठगे गए। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद वित्तीय सलाहकार फर्म के मालिक, बैंक प्रबंधक और सात अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**ठाणे में अवैध रूप रह रहे आठ बांग्लादेशी पकड़े**

पुलिस ने ठाणे में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को पकड़ा है। इसमें एक महिला भी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि सूचना और शिकायत के आधार पर केल्हार और कोगांव क्षेत्र में छापेमारी की। यहां पर 22 से 42 साल तक की उम्र के आठ लोग मिले। जो भारत में रहने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसमें तीन लोग कबाड़ी, दो लोग मजदूर, एक राजमिस्त्री और प्लम्बर है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट से पूजा खेडकर को बड़ा झटका अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और ओबीसी-दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का केस दर्ज है। पूजा खेडकर पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अवैध रूप से ओबीसी और दिव्यांगता कोटा लाभ का दावा करने का आरोप लगाया है।



न्यायमूर्ति चंदर धारी सिंह की पीठ ने 27 नवंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इस बीच, अदालत ने अंतिम निर्णय होने तक खेडकर को दी गई अंतरिम सुरक्षा बढ़ा दी है। खेडकर ने अधिवक्ता बीना माधवन के माध्यम से कहा कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं और उन्होंने प्रस्तुत किया कि हिरासत में पूछताछ आवश्यक नहीं है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट संजीव भंडारी के माध्यम से अदालत को सूचित किया कि जांच जारी है, और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता हो सकती है, साथ ही कहा कि साजिश के कुछ पहलुओं की अभी भी जांच की जानी चाहिए।

**ट्रेनिंग के दौरान आईएएस पर जांच**

पूजा ने पुणे के श्रीमती काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। बाद में 2021 में यूपीएससी सीएसई परीक्षा 841 वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की। ट्रेनिंग के बाद इसी वर्ष जून 2024 में उन्हें पुणे कलेक्टर आफिस में पहली नियुक्ति मिली। हालांकि पहली ही नियुक्ति में ट्रेनिंग के दौरान उन पर जांच बैठ गई और इसी बीच उनका ट्रांसफर कर दिया गया। दरअसल, पूजा पर आरोप है कि दफ्तर ज्वाइन करने से पहले ही उन्होंने अनुचित मांगे शुरू कर दी। कलेक्ट्रेट के कई अफसरों ने इस संबंध में कलेक्टर के पास लिखित शिकायत दी है। जिसके बाद पुणे के डीएम सुहास दिवसे ने मुख्य सचिव से उनकी शिकायत की।

### पूजा पर लगे आरोप

- पूजा खेडकर पर आरोप है कि ट्रेनिंग पीरियड के दौरान उन्होंने सरकारी आवास, स्टाफ, गाड़ी और दफ्तर में अलग केबिन की मांग की।
- अपनी निजी ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का लोगो लगाया।
- उन्होंने चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक ट्रांसपोर्टर को छोड़ने के लिए डीसीपी रैंक के अधिकारी पर दबाव बनाया।
- उन्होंने आईएएस बनने के लिए झूठे दस्तावेज का इस्तेमाल करते हुए यूपीएससी के फार्म में खुद को ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर बताया।
- पूजा समृद्ध परिवार से हैं। वह खुद लगभग 17 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं।
- पूजा ने विकलांगता श्रेणी के तहत यूपीएससी का आवेदन पत्र भरा था। दावा किया गया कि वह 40 फीसदी दृष्टिबाधित हैं और किसी मानसिक बीमारी से जूझ रही हैं। हालांकि - मेडिकल के दौरान वह हर बार नहीं पहुंची।
- एमबीबीएस कॉलेज में दाखिले के समय भी दस्तावेजों की हेर-फेर के आरोप पूजा पर हैं।

## 153 से अधिक सेलफोन बरामद

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी उत्तरी क्षेत्र सुश्री रश्मि पेरुमल ने उत्तरी क्षेत्र के सभी एसीएसपी और एसएचओ के साथ बताया कि टीम ने 153 से अधिक सेलफोन की सफल बरामदगी की। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अपराध से निपटने और खोए हुए सेलफोन को बरामद करने में उत्तरी क्षेत्र पुलिस के प्रयासों को दर्शाती है। बरामद किए गए सेलफोन उनके असली मालिकों, पीड़ितों को सौंप दिए गए हैं, जिससे प्रभावित लोगों को राहत मिली है।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.89 से 92_ डीआरएम_डब्ल्यू एचवायबी 24 दि.20-12-2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्युरमेंट के माध्यम से दि.16/01/2025 के 15.00 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा सं.-89_डीआरएम डब्ल्यू_एचवायबी _24 कार्य विवरणः एचवायबी डिवीजनः क) 14 स्टेशनों तथा 62 लेवल कोर्रिंग्स पर निजी वाटर टैंकरों द्वारा रेलवे कालोनियों के स्टाफ क्वार्टर्स के लिए पेय जल आपूर्ति करना। ख) नामित या नामिनेटेड स्टेशनों पर टीएम साइडिंग्स के लिए पेय जल का प्रावधान। अनुमानित मूल्यः रु.1,63,95,610.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)-रु.2,32,000/-

निविदा सं.-90_ डीआरएम_डब्ल्यू _एचवायबी _24 कार्य विवरणः एससी-डीएचएनइ सेक्शनः-पूर्ण डिपाजिट नियम व शर्तों पर, याकुतपुरा-हुप्पुगुडा स्टेशनों के बीच किमी 11/900--12/0 पर, आरयुबी पुल सं.38ए पर 1X6.00X2.75 एम साइज का प्रस्तावित निर्माण कार्य। अनुमानित मूल्यः रु.2,22,41,633.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)-रु.2,61,200/-

निविदा सं.-91_डीआरएम डब्ल्यू _एचवायबी _24 कार्य विवरणः एचवायबी डिवीजन-वर्ष 2024-25 के लिए हैदराबाद/डिवीजन में पुल कार्यो के लिए वार्षिक क्षेत्रीय ठेका या एन्युएल झोनल कांट्राक्ट्। अनुमानित मूल्यः रु.60,00,000.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)-रु. 1,20,000/-

निविदा सं.-92_ डीआरएम _डब्ल्यू _एचवायबी _24 कार्य विवरणःएससी-एमयुइ सेक्शनः एसएसइ/पी.डब्ल्यू/युएमआरआई सेक्शन के तहत पृथक स्थानों पर प्रस्तावित सेस्स रिपेयर या मरम्मत कार्य। अनुमानित मूल्यः रु.91,90,250.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)-रु.1,83,800/-

**विभागीय रेल प्रबंधक, कार्य, हैदराबाद**

PUB/1272

**सूचना सं. -36-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25, दि.21-12-2024**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सीडब्ल्यूएम/एलजीडीएस द्वारा तत्संबंधित निविदा सं.36-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25 की बंद तिथि 13-01-2025 के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाताओं द्वारा अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स स्वीकार नहीं किये जाएंगे एवं इस प्रकार के मैन्युएल आफर्स प्राप्त होने पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

ठेकेदारों को इस बात की अनुमति दी जाती है कि, वे इस निविदा के निविदा दस्तावेज मूल्य एवं पूधरा का भुगतान, आयआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध आनलाइन पेमेंट्स जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट आदि द्वारा ही कर सकते हैं। इस मामले में डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रिसीप्ट्स, एफडीआर आदि के रूप में मैन्युएल पेमेंट्स अस्वीकार्य हैं।

क्रम सं.-01, निविदा सं.36-सीडब्ल्यूएमएलजीडीएस-इटी-2024-25 दि.21-12-2024 कार्य विवरणः कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद के आईसीएफ डिजाइन(एसी) कोचेस में एयर वेन्ट वाल्व एवं वैक्यूएम वाल्व सहित 30एल(एलएचबी टाइप) की फिटमेन्ट करना। अनुमानित मूल्यःरु. 39,64,800/-(रु. उनचालीस लाख चौंसठ हजार आठसौ मात्र) पूधराः रु. 79,300/-(रु.नवासी हजार तीनसौ मात्र) पूरा करने की अवधिः 12 महिने बंद तिथिः 13.01.2025 के 11.00 बजे

**वेबसाइट विवरणः**
www.ireps.gov.in

निविदा के संपूर्ण विवरण का नोटिस बोर्ड स्थानः कार्यालय चीफ वर्कशाप मैनेजर, कैरेज वर्कशाप, लालागुडा, सिकंदराबाद-500017

**चीफ वर्कशाप मैनेजर, सीडब्ल्यूएस, लालागुडा, सिकंदराबाद-**

PUB/1273

**ई-निविदा सूचना सं. इएलएस-बीजेडए-इटीएन-23-2024-25 दि.04-12-2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु दि.26-12-2024 के 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम सं.01, टेंडर नं. बी/इ.221/टीआरएस/आरसी/526 इ-टेंडर नं. इएलएस-बीजेडए-इटीएन-23-2024-25 दि.04-12-2024 कार्य विवरणः एआरएनओ स्टेटर तथा इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के रोटोर्स की मरम्मत/रिवाइन्डिंग करना-मात्रा 14 नग। निविदा मूल्यः रु.13,14,210.44(जीएसटी सहित), पूधरा (बोली सुरक्षा राशि) रु.26,300.00, पूरा करने की अवधिः 24 महिने निविदा दस्तावेज मूल्यः रु.शून्य निविदा बंद तिथि व समयः26-12-2024 के 15.00 बजे

भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, किसीभी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद होने की तिथि से पहले, वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (टीआरएस),इएलएस, विजयवाडा**

A1630

PUB/1274

**निविदा शर्तों/ विस्तृत जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिन्ग हेतु कृपया हमारा वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**

# आने वाले दिनों में जीवंत तेलंगाना देखने को मिलेगा : भट्टी




हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि आने वाले दिनों में हर कोई व्यापक विकास और कल्याण कार्यक्रमों के साथ जीवंत तेलंगाना देखेगा। उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को यहां प्रजा भवन में बैंकरों की बैठक में बात की। पूरा देश तेलंगाना को आश्चर्य से देखने वाला है। तेलंगाना सरकार ने मूसी कायाकल्प को एक प्रतिष्ठित परियोजना के रूप में लिया है। कौशल, खेल विश्वविद्यालयों और फार्मा कंपनियों के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। भट्टी ने कहा कि बैंकर्स को तेलंगाना राइजिंग के आदर्श वाक्य के साथ दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ योजना तैयार रखनी चाहिए। उन्होंने खुलासा किया कि क्षेत्रीय रिंग रोड के निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त कर ली गई है और जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी।

भट्टी ने कहा कि बैंकर्स को कृषि ऋण जारी करने में तेजी लानी चाहिए। यदि समय पर किसानों को ऋण स्वीकृत नहीं किया जाता है, तो वे कोई लाभ नहीं देंगे। जबकि 2024 खरीफ सीजन के लिए लक्ष्य 54,480 करोड़ रुपये था, 44,438 करोड़ रुपये जारी किए गए, जो लक्ष्य का 81.57 प्रतिशत है। चूंकि रबी सीजन के ऋण के लिए अभी एक महीने का समय है, इसलिए बैंकों को तेजी लानी चाहिए। भट्टी ने कहा कि बैंकर्स किसी भी राज्य के आर्थिक विकास के लिए रीढ़ होते हैं, उन्होंने जीडीपी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बैंकर्स की सराहना की। भट्टी ने कहा कि बैंकों को पुनर्भुगतान में वृद्धि हुई है, ऋण की मंजूरी में कमी आई है और यह सामान्य नहीं है। राज्य सरकार ने किसानों के लिए ऋण माफी योजना के तहत दो महीने के अंतराल में बैंकों को 21,000 करोड़ रुपये जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि बैंकरों के इतिहास में कहीं भी राज्य सरकार द्वारा ऐसा निर्णय नहीं लिया गया। टर्म लोन की मंजूरी में लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करने के लिए बैंकरों को बधाई देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मशीनीकृत कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी पर ध्यान दिया जाना चाहिए और बैंकरों को कृषि मशीनरी की खरीद के लिए ऋण स्वीकृत करने में उदारता दिखानी चाहिए। इसी तरह, बैंकों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को ऋण स्वीकृत करने पर महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसर पैदा करेंगे, वस्तुओं के उत्पादन में सहायता करेंगे और सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करेंगे।

# सार्वजनिक शिकायतों का शीघ्र निवारण किया जाना चाहिए : जीएचएमसी आयुक्त



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता) जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने अधिकारियों को प्रजावाणी कार्यक्रम को प्राथमिकता देकर शिकायतों का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया है। आयुक्त ने सोमवार को जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित सार्वजनिक रेडियो कार्यक्रम में भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के समाधान की तलाश में आए लोगों की दलीलें सुनीं और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कई लोगों की समस्या का समाधान सप्ताह-दस दिन के अंदर कर दिया जायेगा। इस मौके पर कमिश्नर ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान के लिए संबंधित अधिकारी पहल करें। सड़क मरम्मत, जल निकासी की समस्या, अनधिकृत निर्माण, स्वच्छता प्रबंधन, कुत्तों की समस्या, रोजगार सृजन, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुआवजे आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रजावाणी फोन-इन कार्यक्रम के माध्यम से 5 अनुरोध प्राप्त हुए और उन्हें समाधान के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया।

जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जन सुनवाई में 62 अनुरोध प्राप्त हुए, जिनमें से टाउन प्लानिंग विभाग के लिए 28, इंजीनियरिंग रखरखाव के लिए 7, कर और एफए अनुभागों के लिए 6-6, स्वच्छता और भूमि अधिभोग विभागों के लिए 3-3 और 2-2 अनुरोध प्राप्त हुए। यूसीडी, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विभागों के लिए, यूबीडी, आवास और प्रशासन विभागों के लिए एक-एक रुपये की शिकायतें प्राप्त हुईं। जीएचएमसी के तहत छह क्षेत्रों में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए।

जिनमें से कुकटपल्ली जोन में 41, सिकंदराबाद जोन में 20, सेरिलिंगमपल्ली जोन में 22, चारमीनार जोन में 6, एलबीनगर जोन में 21 और खैरताबाद जोन में 05 शिकायतें प्राप्त हुईं। अतिरिक्त आयुक्त सुभद्रा देवी, नलिनी पद्मावती, पंकजा, अशोक सम्राट, चंद्रकांत रेड्डी, सत्यनारायण, रघु प्रसाद, यादगिरी राव, वेणु गोपाल रेड्डी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अब्दुल वकील, सीएमएचओ डॉ. पद्मजा, अतिरिक्त सी. सीपी गंगाधर, प्रदीप और अन्य भाग लिया।

# स्वयं सहायता समूहों द्वारा 231 एकड़ में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना : शांति कुमारी

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा पहले चरण में लगभग 231 एकड़ में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है। महिला शक्ति कार्यक्रम के तहत चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आज सचिवालय में आयोजित की गयी। इस समीक्षा बैठक में पंचायती राज, ग्रामीण विकास संगठन के सचिव लोकेश कुमार, पंचायती राज, ग्रामीण विकास आयुक्त सृजना, एसईआरपी सीईओ दिव्या और अन्य शामिल हुए। इस मौके पर सीएस शांति कुमारी ने कहा कि अगले छह माह में प्रथम चरण में पांच जिलों में 231 एकड़ में सोलर पावर प्लांट लगाने की दिशा में कदम उठाया जाये। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा खाली पड़ी देवदाय भूमि को पट्टे पर देकर सोलर प्लांट स्थापित किये गये। उन्होंने कहा कि राज्य के महिला संघों के सदस्यों को करोड़पति बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प के तहत इन महिला संघों द्वारा 150 इलेक्ट्रिक बसें जुटाई जाएं और उनके प्रबंधन की जिम्मेदारी आरटीसी को सौंपी जाए।

उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में जिला संघ भवनों का निर्माण कार्य जून माह के अंत से पहले पूरा करने की दिशा में कदम उठाया जाये। 25 जनवरी तक माधापुर के इंदिरा महिला शक्ति बाजार में 'सरस मेला' आयोजित करने के लिए कदम उठाए जाएं।

## जीएचएमसी ने 8,440 करोड़ के बजट को स्थायी समिति ने मंजूरी दी

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, जीएचएमसी ने रुपये आवंटित किए हैं। सोमवार को हुई विशेष बजट बैठक में स्थायी समिति ने 8,440 करोड़ के बजट प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती, स्थायी समिति के सदस्य बन्नाला गीता प्रवीण मुदीराज, मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन, मोहम्मद कादिर, मन्ने कविता रेड्डी, मोहम्मद राशिद फराजुद्दीन, उप्पलापति श्रीकांत, शहर के मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी की अध्यक्षता में विशेष बजट बैठक में शामिल हुए। सबीहा बेगम, चिंताला विजया शांति, कंडी शैलजा, अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायुडू, गीता राधिका, सुभद्रा देवी, नलिनी पद्मावती, वेणुगोपाल रेड्डी, सत्यनारायण, पंकजा, सरोजा, अशोक सम्राट, रघु प्रसाद, चंद्र कांत रेड्डी, यादगिरी राव, जोनल कमिश्नर अपूर्व चौहान, अनुराग जयंती, रविकिरण, वेंकन्ना, उपेन्द्र रेड्डी, लेखा परीक्षक वेंकटेश्वर रेड्डी, वित्त सलाहकार सरथ चंद्र, सीसीपी श्रीनिवास, मुख्य पशु चिकित्सा अब्दुल वकील, सीई रखरखाव भास्कर रेड्डी और अन्य ने भाग लिया। स्थायी समिति की बैठक में बजट पर व्यापक चर्चा हुई और इसे मंजूरी दी गयी। विभिन्न विभागों के संबंध में संबंधित अधिकारियों ने सदस्यों की शंकाओं का समाधान किया।

# नरसिम्हा राव को 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को उनकी 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए नरसिम्हा राव की सेवाओं को याद किया। विधायक सुदर्शन रेड्डी और पूर्व सांसद रंजीत रेड्डी भी मौजूद थे।

इस बीच, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड ने पीवी ज्ञान भूमि का दौरा किया और नरसिम्हा राव को उनकी 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्रियों, विधायकों, एमएलसी, सांसदों और कांग्रेस नेताओं ने भी तेलंगाना में विभिन्न स्थानों पर पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी।

# टीपीसीसी प्रमुख ने संध्या थिएटर की घटना का राजनीतिकरण की आलोचना की




हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और एमएलसी महेश कुमार गौड़ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं की आलोचना की है, जिन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए संध्या थिएटर की घटना का फायदा उठाया। सोमवार को गांधी भवन में एक मीडिया ब्रीफिंग में, टीपीसीसी अध्यक्ष ने दोनों राजनीतिक दलों पर स्थिति का फायदा उठाने के प्रयास में राज्य सरकार के प्रति दुश्मनी भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य सरकार ने अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म पुष्पा-2 के लिए विशेष स्क्रीनिंग की अनुमति दी है और तेलुगु फिल्म उद्योग के विकास के लिए कांग्रेस सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रतिबद्धता के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मैं विपक्षी दलों से संध्या थिएटर में हुई घटना का राजनीतिकरण करने से बचने का आग्रह करता हूं। भगदड़ की त्रासदी वास्तव में दुखद है और इसे बड़े मुद्दे के रूप में नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ.बी.आर. अंबेडकर के बारे में संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणियों से जनता को गहरा ठेस पहुंची है। इन अपमानजनक टिप्पणियों के जवाब में, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के आग्रह पर पिछले सप्ताह तेलंगाना में विभिन्न विरोध प्रदर्शन हुए हैं। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ने कहा कि डॉ.बी.आर. अंबेडकर के बारे में भाजपा नेता की अपमानजनक टिप्पणी एक बार फिर प्रकाश में आई है, उन्होंने अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमंडल से तत्काल हटाने की मांग की। महेश कुमार गौड़ ने इस बात पर जोर दिया कि संसद लोकतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च संस्था है; हालांकि, उन्होंने भाजपा नेताओं पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की साजिश करने का आरोप लगाया।

# हैदराबाद विश्वविद्यालय में अनोखी खोज

### छात्रावासों में एसिड फ्लाई के प्रकोप को खत्म करने के लिए एलईडी लाइट्स

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) के एक छात्र ने एक प्रोफेसर के साथ मिलकर यह पता लगाया है कि यदि छात्रावासों में सफेद प्रकाश उत्सर्जक डायोड यानी एलईडी लाइट उपलब्ध हो, तो इससे यूओएच परिसर में छात्रों के बीच एसिड फ्लाई के हमलों की बारहमासी कीट समस्या को कम किया जा सकता है।

हैदराबाद विश्वविद्यालय के एकीकृत एमएससी विज्ञान (भौतिकी) के छात्र तेजस एंटो कन्नमपुझा ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रोफेसर बी.आर. शमन्ना के साथ मिलकर हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में छात्रों पर एसिड फ्लाई के हमलों की चिरकालिक समस्या का समाधान किया।

दोनों ने छात्रावास के कमरों में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रकाश स्रोत से कम पराबैंगनी विकिरण के प्रभाव और एसिड फ्लाई के हमलों पर इसके प्रभाव की एक सरल तकनीक का इस्तेमाल किया। तेजस द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि एलईडी लाइटें सीएफएल या तापदीप्त लैंप जैसे प्रकाश के अन्य स्रोत वाले कमरों की तुलना में एलईडी लाइट वाले छात्रावास के कमरों में एसिड फ्लाई के हमलों की दर को कम करती हैं।

दिसंबर, 2024 में प्रतिष्ठित पत्रिका इंडियन जर्नल ऑफ एंटोमोलॉजी में प्रकाशित इस शोध के परिणाम




विश्वविद्यालय परिसर के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि छात्रावास के कमरों में प्रकाश स्रोत को बदलकर, एलईडी लाइट पर स्विच करके इस बारहमासी लेकिन परेशान करने वाली कीट समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

शोध में तेजस ने पाया कि एसिड मक्खियां (पैडरस प्रजाति) जो रोव बीटल हैं, रात के समय संपर्क में आने पर त्वचा पर एसिडिक जलन पैदा करती हैं, जिसे पैडरस डर्माटाइटिस कहते हैं और इसे वैश्विक कीट माना जाता है। उन्होंने हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रावास में पैडरस डर्माटाइटिस के प्रकोप से प्रभावित 209 छात्रावास निवासियों के बीच इस कीट के हमलों पर प्रकाश के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक शोध अध्ययन किया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों को बधाई देते हुए हैदराबाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जे. राव ने उनसे विभिन्न प्रकार के प्रकाश के विरुद्ध मक्खी आकर्षण गुणांक का प्रदर्शन करने का आग्रह किया।

# तेलंगाना में साइबर अपराध में 18 प्रतिशत की वृद्धि

## 2024 में नागरिकों को 1,866 करोड़ का नुकसान

## पीड़ितों को 174 करोड़ रुपये मिले वापस

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के लोगों को 2024 में साइबर धोखाधड़ी के कारण 1,866 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। 2024 में रिपोर्ट की गई सबसे आम साइबर धोखाधड़ी में व्यापार निवेश, स्टॉक धोखाधड़ी, अंशकालिक नौकरियां, डिजिटल गिरफ्तारी, नकली ग्राहक सेवा और डेबिट और क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी शामिल हैं। साइबर अपराध से संबंधित सबसे अधिक शिकायतें साइबराबाद से थीं, उसके बाद हैदराबाद और राचकोंडा का नाम आता है।

तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो (टीजीसीएसबी) की निदेशक शिखा गोयल ने कहा कि इस वर्ष तेलंगाना राज्य से राष्ट्रीय अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी 1930) पर साइबर धोखाधड़ी की 1,14,174 शिकायतें दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 91,652 थी। शिखा गोयल ने कहा कि पिछले साल की तुलना में साइबर अपराध में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह लोगों द्वारा इंटरनेट का बेतहाशा इस्तेमाल और जालसाजों द्वारा



लोगों को ठगने के लिए अपनाए गए नए तरीके हैं।

अधिकारी ने बताया कि सक्रिय उपायों के कारण 244 करोड़ रुपये की राशि रोक ली गई तथा उचित प्रक्रियाओं के बाद पीड़ितों को 174 करोड़ रुपये की धनराशि वापस कर दी गई। वर्ष के दौरान, राज्य भर में विभिन्न साइबर अपराधों से संबंधित 24,643 मामले दर्ज किए गए और जांच की गई। शिखा गोयल ने कहा कि टीजीसीएसबी साइबर अपराधियों के खिलाफ शून्य सहनशीलता बनाए रखता है। तेलंगाना में 19,653 मामलों में शामिल कुल 1057 साइबर अपराधियों और देश भर में कुल 1,16,421 मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सिम कार्ड और मोबाइल फोन के दुरुपयोग को रोकने के लिए, टीजीसीएसबी ने 14,984 सिम कार्ड और 9,811 आईएमईआई को ब्लॉक किया।

अधिकारी ने कहा कि अगर आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया जाए तो पूरा गैजेट बेकार हो जाता है और इसका इस्तेमाल साइबर अपराध करने के लिए नहीं किया जा सकता। यह सिम कार्ड को ब्लॉक करने से कहीं आगे का रास्ता है और ज़्यादा परिणाम देने वाला है।

## बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय शल्य चिकित्सा

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री सत्य साईं संजीवनी सेंटर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर एंड रिसर्च तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले के कोंडापाका में अपने परिसर में बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय शल्य चिकित्सा कर रहा है। हाल ही में श्री सत्य साईं स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट द्वारा शुरू किया गया यह केंद्र, भर्ती से लेकर छुट्टी तक निःशुल्क उपचार प्रदान कर रहा है, साथ ही रोगी और उनके माता-पिता को निःशुल्क दवाएं, भोजन भी प्रदान कर रहा है।

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं.eT-East-WAT-43-2024, दिनांक :16.12.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर मण्डल के मण्डल अभियन्ता/साउथ/वाल्टियर, वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/सेन्ट्रल/वाल्टियर, वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/ईस्ट/वाल्टियर, वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/नॉर्थ/वाल्टियर एवं मण्डल अभियन्ता/वेस्ट/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न यार्ड में टंग रेल एवं रोबोटिक वेल्डिंग द्वारा क्षतिग्रस्त CMS क्रॉसिंग की रीकंडिशनिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 5,21,04,086.89, EMD(रुपये में): 4,10,500/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 09.01.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-825/P/24-25

# सीएम योगी पहुंचे प्रयागराज अरैल में टेंट सिटी का लिया जायजा

## तैयारियां तेज करने का दिया निर्देश



प्रयागराज, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। महाकुंभ की तैयारियां का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज पहुंच गए हैं। उनका हेलीकॉप्टर डीपीएस ग्राउंड में उतरा। यहां से सीधे वह अरैल घाट पर तैयार हो रहे टेंट सिटी पहुंचे। तैयारियों का जायजा लेते हुए समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें तैयारियों के बारे में जानकारी दी। यहां के बाद सीएम गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां पर दशाश्वमेधेश्वर महादेव का पूजन करने के बाद आरती उतारी।

**अधिकारियों के साथ बैठक कर ली जानकारी**

दशाश्वमेध मंदिर में पूजन करने के बाद सीएम योगी का काफिला मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा है। यहां पर मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करके महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन, दीपक पटेल, महापौर गणेश केसरवानी आदि हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों से मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बैठक में महाकुंभ के कार्यों से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें रिवर फ्रंट, नागवासुकि मंदिर घाट पर हुए कार्यों के साथ, दारागंज, संगम क्षेत्र, अलोपीबाग फ्लाईओवर से लेकर पांटून पुल निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**आई ट्रिपल सी में अधिकारियों के साथ बैठक की**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आई ट्रिपलसी में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने महाकुंभ के तहत शहर और संगम तट पर चल रहे कार्यों का जायया लिया। सीएम योगी ने न्यू ओपीडी ब्लॉक और बर्न वार्ड का जायजा लिया। यहां पर चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के आगमन के चलते मरीजों और तीमारदारों का प्रवेश रोक दिया गया था। इसको लेकर मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री के जाने के बाद मरीजों को आने की अनुमति दी गई। स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल में मुख्यमंत्री के आगमन पर एक घंटे से ही ट्रामा सेंटर के बाहर मरीजों को रोक दिया गया था। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो लड़कों की मौत

पूर्णिया, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्णिया में सोमवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। दोनों काम से घर लौट रहे थे, तभी उनके घर से 500 मीटर पहले एक अज्ञात फोर व्हीलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की कुछ ही देर बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ने दोनों की पहचान की, जिसके बाद आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना रघुवंश नगर थाना के वरुणा गांव के वार्ड 14 की है। मृतक की पहचान वरुणा गांव के रहने वाले शिवचरण दास के 18 साल के बेटे सुभाष कुमार और भिखारी दास के 25 साल के बेटे अमन कुमार के रूप में हुई है। अमन की 6 महीने पहले ही शादी हुई थी।

# '2025 में सीएम नीतीश कुमार के लिए आखिरी चुनाव होगा'

## > तेजस्वी यादव ने कर दी यह भविष्यवाणी



वैशाली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। तेजस्वी यादव ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव सीएम नीतीश कुमार के लिए आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि जनता भी जानती है कि सीएम नीतीश कुमार से अब बिहार चल नहीं रहा। इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें जवाब देगी। वहीं सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन के सवाल पर तेजस्वी ने साफ कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। इसपर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकता हूं।

**बिहार की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह**

इधर, तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि "माई-बहिन मान योजना" से बिहार की महिलाओं में जबरदस्त उत्साह है। नीतीश सरकार में जीविका दीदी के दोहन के अलावा कुछ नहीं किया। इतिहास साक्षी है, समाज में हर बड़ा बदलाव एक समर्पित, अनुशासित और साझी सोच से शुरू होता है। राजद कार्यकर्ताओं के समर्पण, उनकी सोच और उत्साह देख कर पक्का यकीन हो गया है कि हमलोग मिलकर एक ख़ुशहाल समाज, प्रगतिशील बिहार तथा एक नए बिहार के सपने को साकार करने वाली क्रांति का अटूट हिस्सा बनने जा रहे हैं। आप हमारे कार्यकर्ता बंधू और बहनें हमारी ऊर्जा हैं, हमारी शक्ति है, हमारा आत्मविश्वास है।

बता दें कि तेजस्वी यादव बिहार के हर जिले में घूम रहे हैं। कार्यकर्ताओं के साथ वह संवाद कर रहे हैं। रविवार मध्य रात्रि तेजस्वी यादव पटना लौट रहे थे। इसी दौरान वैशाली जिले के कई जगहों पर राजद कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव बिदुपुर के ककरहट्टा में स्वतंत्रता सेनानी अक्षयबट राय के मूर्ति आवरण कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे।

# सहारनपुर–नोएडा में बारिश, 6 जिलों में अलर्ट

## 4 दिन बाद गलन और बढ़ेगी, क्रिसमस बाद पूरे यूपी में बरसात की संभावना

नोएडा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सहारनपुर और नोएडा में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। सुबह से ही यहां बादल छाए हैं। तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने से ठंड बढ़ गई है। यूपी के 28 जिलों में आज घना कोहरा छाया रहा। पश्चिमी यूपी के 6 जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं। पूरे प्रदेश में 27 दिसंबर से बारिश होने की संभावना है। इससे 4 दिन बाद गलन बढ़ जाएगी। अयोध्या सबसे ठंडा रहा। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में पारा 6.5 और मेरठ-मुजफ्फरनगर में 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। दिन में सबसे ज्यादा तापमान प्रयागराज में 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गाजियाबाद में एक्यूआ बढ़कर 300 के पार पहुंच गया। लखनऊ में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।

## लखनऊ में बैंक के 42 लॉकर तोड़ने वाले का एनकाउंटर

लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़ने वाले बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एक आरोपी को पैर में गोली मार गिरफ्तार किया। उसके दो साथियों को भी पकड़ा गया है। दूसरी कार में सवार 4 बदमाश फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की नगदी, ज्वेलरी, एक देसी कट्टा, कारतूस, एक कार और लॉकर काटने वाला कटर बरामद हुआ है। दूसरी कार से भागे 4 बदमाशों को पुलिस की टीमें तलाश कर रही हैं। बैंक चोरी में शामिल सभी 7 आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया- सोमवार सुबह मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि बैंक के लॉकर काटने वाले बदमाश चिनहट इलाके में हैं। कार से अयोध्या की तरफ जा रहे हैं। इस पर क्राइम टीम पूर्वी और चिनहट पुलिस ने चेकिंग शुरू की। इस दौरान 2 कार में 7 संदिग्ध युवक नजर आए। कार रुकवाई तो वे पुलिस पर फायरिंग करने लगे। तीनों गाड़ी से उतरकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई।

## 'ये लोग खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार खोद देंगे' : अखिलेश का भाजपा पर निशाना

इटावा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के इटावा में भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने हर जगह मंदिर या अन्य जगह खुदाई पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग एक दिन खोदते-खोदते अपनी सरकार खोद देंगे। सपा मुखिया ने यहां पत्रकारों से बातचीत में संभल में मंदिर मिलने पर कहा, ये ऐसे ही खोदते रहेंगे और खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार को खोद देंगे।

ये मठ विधान पर चलने वाले लोग हैं। सरकार हटेगी तभी आवारा पशु हट पाएंगे। 'वन नेशन-वन इलेक्शन' वाले अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाए। उन्होंने बाराबंकी के सपा विधायक द्वारा भाजपा को हिन्दू आतंकवादी कहे जाने वाले बयान पर कहा कि जो लोग नफरत फैलाते हैं, लोगों को मारते हैं, सड़क पर नंगा कर देते हैं, उन्हें क्या कहा जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के बयान को राजनीति से प्रेरित बताते हुए उन्होंने कहा कि यह भाजपा की अंडरग्राउंड विचारधारा है।

# सीएम नीतीश कुमार ने 781.54 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

बेतिया, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री श नीतीश कुमार ने आज प्रथम चरण की 'प्रगति यात्रा' पश्चिम चम्पारण जिले से प्रारंभ की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया प्रखंड की धोकराहां पंचायत अंतर्गत शिकारपुर गांव पहुंचकर मनरेगा पार्क का अवलोकन किया। मनरेगा योजना के तहत पार्क का निर्माण हुआ है, जो धोकराहां पंचायत के बीचोंबीच स्थित है, जिसके पश्चिम दिशा में एक तालाब अवस्थित है। इस पार्क में स्थानीय बच्चों के खेलने के लिए 'चिल्ड्रेन पार्क' भी बना हुआ है। पार्क के निर्माण से धोकराहां पंचायत के साथ-साथ आसपास की पंचायत के लोग भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। मनरेगा पार्क के ठीक पीछे जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत निर्माण कराये गये तालाब का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने मछली का जीरा छोड़ने के साथ ही इसे जीविका के ग्राम संगठनों को हस्तांतरण किया। हस्तांतरण के फलस्वरूप मुख्यमंत्री के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए जीविका दीदियों का चेहरा उत्साह एवं आत्मविश्वास से भरा हुआ था।



**16 नर्सरी के लिए 48 लाख रुपये का चेक वितरण**

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निजी (अन्य प्रजाति) पौधशाला प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वन विभाग द्वारा 16 नर्सरी हेतु 48 लाख रुपये का चेक वितरण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री, हर घर नल का जल, पक्की गली-नाली योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट लाईट योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना इत्यादि का अवलोकन करते हुए गांव में पहुंचे जहां पीएमईजीपी योजना के तहत पूनम शर्मा के द्वारा संचालित मोजा निर्माण इकाई का जायजा लिया। इसी परिसर में उद्योग विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने 5-5 लाभुकों को प्रथम किस्त तथा द्वितीय किस्त की राशि का चेक दिया। इसी परिसर के निकट में सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत लाभुक दीदियों को द्वितीय किस्त की राशि विमुक्ति के उपरांत कुल 55 दीदियों को जीविकोपार्जन हेतु ई-रिक्शा का हस्तांतरण मुख्यमंत्री ने किया। डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी रेस्पॉन्स फैसिलिटी-सह-ट्रेनिंग सेंटर के उद्घाटन के बादमुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग द्वारा 11931.00 लाख रुपये की लागत से पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत मसान नदी के दाएं तटबंध और संबद्ध कार्य का शिलान्यास, जल संसाधन विभाग द्वारा 10962.90 लाख रुपये की लागत से पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड (टिकुलिया पंचायत) से मझौलिया प्रखंड (बहुअरवा पंचायत) तक सिकरहना दायां तटबंध निर्माण कार्य का शिलान्यास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 5047.47 लाख रुपये की लागत से चनपटिया प्रखंड अंतर्गत तुरहापट्टी पंचायत में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 914.96 लाख रुपये की लागत से पीपी तटबंध से चारमरहा पथ के साथ हाई लेवल ब्रिज स्पैन 2X16.84 मीटर चैनल के निर्माण कार्य का शिलान्यास सहित पश्चिम चम्पारण जिले में विभिन्न विभागों के 752.17 करोड़ रुपये की 400 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से बटन दबाकर शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

**11.465 एकड़ भूमि का बंदोबस्ती पट्टा वितरण**

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम अंतर्गत पीड़ित के आश्रित को परिचारी वर्ग अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरित किया। वहीं अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम अंतर्गत कुल 67 लाभुकों को 11.465 एकड़ भूमि का बंदोबस्ती पट्टा वितरण किया।

*अजय राय से डेढ़ घंटे पूछताछ*

## प्रभात पांडेय की मौत से जुड़े सवाल पूछे गए; बोले-पुलिस सीसीटीवी नहीं दे रही

लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को हुसैनगंज कोतवाली पहुंचे। प्रभात पांडेय मामले में बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस ने बुलाया था। पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे तक अजय राय से 4 दरोगा और थानाध्यक्ष ने सवाल पूछे और बयान दर्ज किए। अजय राय के साथ सांसद किशोरी लाल शर्मा, सांसद राकेश राठौर, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, निवर्तमान प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव भी कोतवाली में मौजूद रहे। अनिल यादव के भी बयान दर्ज किए जाएंगे। बयान दर्ज कराने के बाद कोतवाली से बाहर निकले अजय राय ने मीडिया से बात की। कहा, हमारी तरफ से पुलिस को पूरा सहयोग मिल रहा है। लेकिन, पुलिस इस मामले में एकतरफा कार्रवाई कर रही है। हमारी तरफ से जो बातें हैं, उन पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से सीसीटीवी की जो डीवीआर लेकर पुलिस की टीम आई थी, उसको भी वापस नहीं किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस की तरफ से भी शिकायत दी गई थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुझे भी काफी चोट आई, लेकिन उन सब मामलों में कुछ नहीं हुआ।

## एक और मंदिर खुलवाने पहुंचीं मेयर

कानपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर के मुस्लिम क्षेत्रों में बंद पड़े मंदिरों को खुलवाने के लिए महापौर प्रमिला पांडेय ने अभियान छेड़ रखा है। सोमवार को मुस्लिम क्षेत्र कर्नलगंज स्थित लुधौरा में स्थित मंदिर को खुलवाने पहुंची। यहां मंदिर के गेट पर लगे ताले को ईंट से तोड़ा गया। इसके बाद लोग अंदर पहुंच गए और दर्शन किए। मंदिर का ताला खुलने से लोग खुश नजर आए और बोले- अब इस मंदिर में रोज पूजा करेंगे। यह काफी सालों से बंद था, इस कारण से यहां पूजा पाठ सब बंद था। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। इसके पहले महापौर ने शनिवार को बेकनगंज में बंद पड़े 5 मंदिरों का निरीक्षण कर कब्जामुक्त कराया था।

# गोरखपुर अग्निकांड : संपत्ति पर थी नजर

## शादी में न बुलाने पर बढ़ी नाराजगी, परिवार को जिंदा जलाया; तीन की और मौत




गोरखपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। गोरखपुर के चिलुआताल में आग से झुलसे परिवार के पांच सदस्यों में से नवविवाहिता माला (25), पति अरविंद निषाद (30) और जेठ बृजेश निषाद (32) की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार देर रात माला ने एक निजी अस्पताल में दम तोड़ा। वहीं, रविवार शाम चार बजे मेडिकल कॉलेज में बृजेश और सात बजे अरविंद की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद माला का गीडा क्षेत्र के कालेसर में दाह संस्कार किया गया। जबकि बृजेश और उसके छोटे भाई अरविंद का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा गया है। 14 दिसंबर की देर रात दहला गांव में दो भाइयों के कमरे में ताला लगाकर आरोपी बड़े भाई बेचन निषाद ने थिनर (तारपीन का तेल) डालकर आग लगा दी थी। आग से बृजेश निषाद (32), पत्नी मधु (28), बच्ची रिद्धिमा (03), अरविंद निषाद (30) और उसकी पत्नी माला (25) वर्ष झुलस गए थे। परिजन और आस-पास के लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बेचन की दहशत की वजह से कोई रिश्तेदार उसके खिलाफ तहरीर देने आगे नहीं आए। तब माला के भाई संतोष साहनी ने चिलुआताल थाने में केस दर्ज कराया। घटना के बाद से ही आरोपी बेचन फरार है। अरविंद और माला की चार दिसंबर को शादी हुई थी। पांच दिसबर को झंगहा के नई बाजार की माला विदा होकर दहला गांव पहुंची थीं। अभी हाथ की मेहंदी भी नहीं छूटी थी। रविवार को माला के ससुर मुन्नी लाल ने कालेसर के मुक्तिधाम घाट पर दाह संस्कार किया। माला के पिता छोटे लाल, पत्नी कमला देवी, भाई और बहनें भी पहुंची थीं। बहन को दुल्हन की तरह सजाकर आखिरी बार विदाई दी। इधर, बृजेश की मौत के बाद उनकी पत्नी मधु का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बेटी रिद्धिमा के साथ मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं।

**पिता बोले-पता होता तो बचपन में ही दबा देता गला**

मुन्नीलाल ने बहू का दाह संस्कार किया। उन्होंने कहा कि पता होता बेटा ऐसा करेगा तो बचपन में ही बेचन का गला दबा देता। हंसता खेलता परिवार बिखर गया। बहू मर गई, दोनों बेटे भी मर गए। मेरा तो सब कुछ खत्म हो गया। माला की मां कमला देवी ने कहा कि बेटी के हाथ में मेहंदी भी अभी नहीं छूटी थी और वह दुनिया से चली गई।

## महाकुंभ पर डीजीपी बोले-7 लेयर में होगी सुरक्षा

**सुरक्षा के लिए 200 करोड़ के उपकरण खरीदे, 45 दिनों में 40 से 50 करोड़ श्रद्धालु आएंगे**

प्रयागराज/लखनऊ, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- हम महाकुंभ आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कहीं किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए 7 लेयर में सुरक्षा व्यवस्था तैयार की है। महाकुंभ हमारे लिए अवसर है। करीब 200 करोड़ रुपए के सुरक्षा उपकरण खरीदे हैं। 45 दिनों में करीब 40 से 50 करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे। छह तिथियां महत्वपूर्ण हैं, जिनमें 3 शाही स्नान के दिन हैं। पहली तिथि पौष पूर्णिमा 13 जनवरी की है। दूसरी मकर संक्रांति 14 जनवरी को शाही स्नान, तीसरा मौनी अमावस्या का शाही स्नान 29 जनवरी को होगा। अंतिम शाही स्नान बसंत पंचमी के दिन 3 फरवरी को होगा। उसके बाद माघी पूर्णिमा 12 फरवरी और महाशिवरात्रि 26 फरवरी के साथ महाकुंभ का समापन होगा। डीजीपी ने कहा-इतने कम दिनों में करोड़ों लोगों का आवागमन हो रहा है, इसके लिए अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है।

# नकली नोट छापने वाले आदिल का कबूलनामा

## असली जैसा नोट बनाने में 2 महीने लगे; गर्लफ्रेंड के घर छापता और बाजार में चला देता

मुरादाबाद, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मुरादाबाद में 2.74 लाख रुपए की जाली करेंसी के साथ पकड़े गए आदिल ने सिलसिलेवार दैनिक भास्कर को बताया कि वो कैसे नकली नोट छापता था और उसे असली जैसा नोट बनाने में कितना वक्त लगा ? आदिल ने बताया कि वो करीब 3 साल से नकली नोटों के धंधे में लगा था। उसने नकली नोट छापने के लिए प्रिंटर का इस्तेमाल किया और सबसे पहली कोशिश उसने A4 पेपर पर की। लेकिन धीरे-धीरे वो पेपर बदलता गया और ड्राइंग पेपर पर जाकर उसकी सर्च पूरी हुई। करीब 2 महीने की प्रैक्टिस के बाद वो हूबहू असली जैसा नोट प्रिंट करने में कामयाब रहा।

आदिल ने बताया कि उसने नोट में मौजूद होने वाली चमकीली स्ट्रिप के स्थान पर चमकीले टेप का प्रयोग किया। नोट छापने के लिए अपनी गर्लफ्रेंड के घर को ठिकाना बनाया। आदिल का घर से करीब 500 मीटर दूर रहने वाली एक विधवा नर्स के साथ अफेयर था। नकली नोट छापने का काम आदिल इसी के घर से करता था। आदिल ने बताया कि वो रोजाना नोट छापता था और रोज उन्हें बाजार में चला देता था। उसने मझोला के जयंतीपुर इलाके में अपनी गर्लफ्रेंड के घर को जाली करेंसी के काम के लिए अपना हेडक्वार्टर बना रखा था। हालांकि उसने पुलिस पूछताछ में दावा किया है कि उसकी नर्स गर्लफ्रेंड को इस बारे में कुछ भी पता नहीं था। उसके अस्पताल जाने के बाद वो नकली नोट छापता था।

**मूवी देखकर प्रिंटर से छापने शुरू किए नकली नोट**



एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया- मझोला पुलिस ने जयंतीपुर में एक घर से जाली करेंसी छापते हुए आदिल निवासी टंकी के पास जयंतीपुर को रंगेहाथ दबोच लिया। उसके दो साथी मोहम्मद नाजिम निवासी एचएस स्कूल के पास राजा का सहसपुर बिलारी और शबाब अख्तर उर्फ राहुल निवासी काले बाबा का मैदान के पास नई आबादी जयंतीपुर को भी पकड़ा है। आदिल ने शाहिद कपूर की मूवी 'फर्जी' देखकर प्रिंटर की मदद से जाली करेंसी छापने के आइडिया पर काम शुरू किया। कई बार फेल होने के बाद वो आखिरकार इसमें कामयाब हुआ और हूबहू नोट छापने लगा। पुलिस पूछताछ में आदिल ने बताया कि वो अभी तक करीब 3 लाख रुपए के नकली नोट बाजार में खपा चुका है। वो खुद नोट छापता था। उसके बाकी दोनों साथी नाजिम और शबाब अख्तर उर्फ राहुल नकली नोटों को गांव देहात के बाजारों में खपाने का काम करते थे।

**मीडिया में घुल मिल गया था आदिल, फोटोग्राफी करता था**

एसपी सिटी ने बताया-आदिल बेहद शातिर अपराधी है। अपने कारनामों पर पर्दा डालने के लिए उसने मीडिया जॉइन कर ली। पिछले दो सालों में वो प्रेस फोटोग्राफर की तरह काम करने लगा था। कुछ मीडिया वालों को फोटो उपलब्ध कराकर उनका साथ पकड़ लिया था। उसकी स्ट्रैटजी ये थी कि या तो वो अपने अड्डे पर जाली करेंसी छापता था या फिर बाकी वक्त में मीडिया के बीच घुला-मिला रहता था। यहां तक कि उसने इस बीच परोक्ष रूप से कुछ अखबारों के लिए भी काम करना शुरू कर दिया था। वो मीडिया में मुख्य धारा में शामिल होने की कोशिशों में जुटा था। यही वजह रही कि जब आदिल पकड़ा गया तो उसे छुड़ाने के लिए कुछ मीडिया वाले पैरवी में भी उतरे।

# 'आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठा कर ले जायेगा'

## कुमार विश्वास के बयान पर भड़कीं सुप्रिया श्रीनेत बोलीं-2 मिनट की सस्ती तालियों के लिए हद से गिर गए हैं



नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ में एक कवि सम्मेलन के दौरान कवि कुमार विश्वास ने एक ऐसी बात कह दी जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा है। कुमार विश्वास ने कहा कि अपने बच्चों नाम याद कराईए सीता की बहनों और राम के भाइयों के।

अपने बच्चों को रामायाण सुनवाइए, गीता पढ़वाइए अन्यथा ऐसा ना हो कि आपके घर का नाम तो रामायण हो और आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठाकर ले जाए। कुमार विश्वास के इस बयान पर अब कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने उन्हें निशाने पर लिया है।

सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'अगर आपके अपने घर में एक बेटी हो तो क्या आप किसी और की बेटी पर भद्दी टिप्पणी करके सस्ती तालियां बटोरेंगे। ऐसा करने पर आप किस हद तक गिरे हुए हैं, इसका तो अंदाजा लग ही गया है।' कांग्रेस नेता ने कहा, ' कुमार विश्वास आपने सोनाक्षी सिन्हा के अंतरधार्मिक विवाह पर तो घटिया तंज किया ही पर आपने अपने अंदर महिलाओं के लिए जो असल सोच है उसे भी उजागर कर दिया। आपके शब्द वरना आपके घर की श्रीलक्ष्मी को कोई और उठा कर ले जायेगा। क्या लड़की कोई समान है जिसको कोई कहीं उठा कर ले जाएगा? कब तक आपके जैसे लोग एक औरत को पहले पिता और फिर पति की संपत्ति समझते रहेंगे।'

सुप्रिया श्रीनेत ने आगे लिखा, 'विवाह और दांपत्य की नींव बराबरी, आपसी विश्वास और आपसी प्रेम है। कोई किसी को कहीं उठा कर नहीं ले जाता और 2024 के भारत में आप अपनी मर्जी से शादी करने पर परवरिश पर सवाल उठा रहे हैं!?? क्या एक लड़की को यह हक नहीं कि जिससे उसकी मर्जी हो उससे वह विवाह करे? या कौन क्या खायेगा, क्या पहनेगा, किससे प्यार करेगा, कैसे विवाह करेगा इसका निर्णय भी धर्म के स्वयंभू ठेकेदार करेंगे।'

**आपके सर्टिफिकेट की किसी को जरूरत नहीं-सुप्रिया श्रीनेत**

कांग्रेस नेता ने कहा, 'वैसे परवरिश पर तो सवाल तब भी नहीं होना चाहिए जब आपके साथ वाले बाउंसर एक संभ्रांत डॉक्टर को पीट डालें यह तो आपकी कमी है जो आपका स्टाफ आपके रहते हुए ऐसा करे आपके सर्टिफिकेट की ना तो शत्रुघ्न सिन्हा को जरूरत है ना उनकी कामयाब बेटी सोनाक्षी को, लेकिन अपने से 17 साल उम्र में छोटी लड़की पर आपकी टिप्पणी आपकी छोटी सोच को बेनकाब जरूर कर देती है। ना श्रीराम किसी की बपौती हैं, ना रामायण, ना उससे जुड़ा कोई नाम।'

# मंत्री न बनाए जाने के बाद सीएम फडणवीस से मिले छगन भुजबल

## > अजित पवार से नाराजगी की खबरों का किया खंडन



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता छगन भुजबल ने सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इसेक बाद से ही सियासी गलियारे में अटकलें लगाई जाने लगीं कि वे भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री आवास पर हुई मुलाकात के बाद भुजबल ने कहा कि मैं किसी से नाराज नहीं हूं। मैंने पहले भी इस बात को कह चुका हूं। मैंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें महायुति की जीत में ओबीसी मतदाताओं की भूमिका के बारे में बताया।

छगन भुजबल ने बताया कि आज मैंने और समीर भुजबल ने सीएम फडणवीस से मुलाकात की। हमें यह बात माननी होगी कि चुनाव में मिली बंपर जीत में ओबीसी समुदाय की बड़ी भूमिका है। हम किसी भी प्रकार से ओबीसी समुदाय का नुकसान नहीं होने देंगे। मौजूदा घटनाक्रमों को लेकर मैंने सीएम फडणवीस से कुछ दिनों का समय मांगा है। इसके बाद हम फिर मिलेंगे और कोई रास्ता जरूर निकालेंगे। आने वाले 10 से 12 दिनों में कोई न कोई समाधान तो जरूर ही निकलेगा। इससे पहले बारामती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अजित पवार ने पहली बार छगन भुजबल पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कुछ लोगों को मंत्रिमंडल में नहीं लिया गया तो नाराजगी जता रहे हैं। कभी-कभी नए लोगों को मौका देना पड़ता है। गलतफहमी पैदा करके बयानबाजी करना ठीक नहीं है। कभी-कभी पुराने लोगों को कोई और मौका देने के बजाय केंद्र में कैसे मौका दे सकते हैं? इसका पर विचार करना पड़ता है।

**अजित पवार पर निशाना साधा था**

कुछ दिन पहले ही वरिष्ठ एनसीपी नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र सरकार की नई मंत्रिपरिषद से बाहर किए जाने को लेकर अजित पवार पर निशाना साधा था। उन्होंने दावा किया था कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के पक्ष में थे। छगन ने एक्स पर भी लिखा था, 'जहां नहीं चैना, वहां नहीं रहना।' ओबीसी नेता ने कहा था कि वह मंत्री नहीं बनाए जाने से निराश नहीं हैं, लेकिन अपने साथ हुए व्यवहार से अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आरक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन, मेहदी और मीरवाइज ने उठाई समान अवसर की मांग

जम्मू, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस के नेता और श्रीनगर से लोकसभा सदस्य आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने सोमवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निवास के बाहर शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें जम्मू और कश्मीर में आरक्षण की पुनरावलोकन की मांग की गई।

इस प्रदर्शन की घोषणा करते हुए मेहदी ने कहा था कि वह जम्मू और कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध करेंगे, जो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद लागू की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा पहाड़ी भाषी लोगों को आरक्षण दिए जाने के बाद जम्मू और कश्मीर में खुली मेरिट श्रेणी को केवल 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है, जबकि 70 प्रतिशत सीटें विभिन्न समुदायों के लिए आरक्षित की गई हैं। विशेष रूप से चिकित्सा और सर्जरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र इस नीति के खिलाफ विरोध कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह नीति योग्यता को हाशिये पर डालती है और जहां मेरिट सर्वोपरि होनी चाहिए, वहां औसत दर्जे को बढ़ावा देती है।

# गोवा पुलिस की हिरासत से भागा आरोपी गिरफ्तार

## इस हाई प्रोफाइल मामले में विपक्ष मांग रहा था सीएम का इस्तीफा

पणजी, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इस महीने की शुरुआत में गोवा पुलिस की हिरासत से भागे जमीन हड़पने के आरोपी को केरल से गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के लिए राहत लेकर आई है क्योंकि इस मुद्दे पर विपक्ष सीएम का इस्तीफा मांग रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी सिद्दीकी सुलेमान खान 12 दिसंबर की सुबह पुलिस हिरासत से कथित तौर पर एक कांस्टेबल की मदद से भाग गया था। सिद्दीकी सुलेमान खान पणजी की क्राइम ब्रांच के लॉक-अप में बंद था, जहां से वह कथित तौर पर एक पुलिस कॉन्सटेबल की मदद से फरार हो गया था।

**कॉन्सटेबल की मदद से पुलिस हिरासत से भागने का दावा**

सीएम प्रमोद सांवत, जिनके पास गृह विभाग की जिम्मेदारी है, उन्होंने बताया कि सिद्दीकी सुलेमान खान को दो दिन पहले केरल में गिरफ्तार किया गया था और उसे सोमवार को गोवा लाया जाएगा।

कई जमीन हड़पने के मामलों में आरोपी खान (55) को चार साल से अधिक समय तक फरार रहने के बाद पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था। वह 12 दिसंबर को गोवा पुलिस की हिरासत से भाग गया था। खान की फरारी का एक कथित वीडियो सामने आया था जिसमें एक कांस्टेबल लॉक-अप का ताला खोलता और मोटरसाइकिल पर उसे भागने में मदद करता हुआ दिखाई दे रहा था।

# आयकर विभाग के हाथ लगी पूर्व कॉन्स्टेबल की डायरी

## सालभर में 100 करोड़ का लेनदेन; 52 जिलों के आरटीओ के नाम-नंबर भी मिले

भोपाल, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। भोपाल में मेंडोरी के जंगल से गुरुवार रात 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश के साथ इनोवा कार जब्त की गई थी। मामले की पड़ताल के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों के हाथ एक डायरी और कुछ ऐसे दस्तावेज लगे हैं, जिनमें खुलासा हुआ है कि आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने परिवहन विभाग के अफसरों के साथ सालभर में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन किया है।

आयकर विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सौरभ को वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) लेने के बाद भी सारे आरटीओ पैसे भेजते थे। जिसे वह इधर-उधर करता था। अब इस मामले में परिवहन विभाग के आला अफसरों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।




**52 जिलों के आरटीओ के नाम और नंबर भी मिले**

आयकर विभाग को सौरभ शर्मा से संबंधित जांच में जो रिकॉर्ड मिले हैं, उसमें प्रदेश के 52 जिलों के आरटीओ के नाम और नंबर भी मिले हैं। इसके साथ ही यह भी लिखा है कि किस आरटीओ से कितनी राशि मिली है। बताया जा रहा है कि राशि किसे दी गई, इसके भी कुछ दस्तावेज मिले हैं। हालांकि, अभी इसे जांच के दायरे में बताकर सामने नहीं लाया गया है।

**चेतन से पूछताछ पूरी, सौरभ अभी तलब नहीं**

जिस चेतन सिंह गौर की कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए, उससे आयकर विभाग ने पूछताछ लगभग पूरी कर ली है। वह अभी आयकर विभाग के अफसरों के संपर्क में है। उसके बयान के आधार पर मुख्य किरदार सौरभ शर्मा से पूछताछ की जानी है। बताया जा रहा है कि अभी सौरभ शर्मा को तलब नहीं किया गया है, लेकिन जल्दी ही उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

**जांच के घेरे में आ सकते हैं परिवहन आयुक्त**

इस पूरे मामले में जिलों के आरटीओ की भूमिका सामने आने के बाद अब परिवहन मुख्यालय के मुखिया और परिवहन आयुक्त की भूमिका भी जांच के घेरे में आ सकती है। आयकर विभाग फिलहाल इतना ही कह रहा है कि परिवहन विभाग इसमें इन्वॉल्व है, लेकिन किसी आईपीएस अधिकारी को लेकर अभी जांच शुरू नहीं है।

# करंट से ठेका मजदूरों की मौत मामले में एनएचआरसी सख्त

**मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से मांगी रिपोर्ट**

चेन्नई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण निगम (टैंजेडको) में ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत दो व्यक्तियों की दुखद मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। यह हादसा 18 दिसंबर को तिरुचि के केके नगर में ओलैयूर रिंग रोड के पास हुआ था, जहां ये मजदूर हाई-टेंशन ओवरहेड बिजली लाइन की मरम्मत कर रहे थे और बिजली के करंट से उनकी जान चली गई।

**अगर खबर सही हुई तो...**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन पर बिना सुरक्षा उपकरण के और बिजली पूरी तरह से बंद किए बिना काम किया जा रहा है।

इस पर आयोग ने कहा कि अगर मीडिया की खबरें सच साबित होती हैं तो बिजली विभाग की ओर से घोर लापरवाही का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप दो मजदूरों की मौत हो गई। आयोग ने यह भी कहा कि राज्य में ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन है और आयोग के लिए चिंता का विषय है।

**दो सप्ताह के अंदर मांगी रिपोर्ट**

एनएचआरसी ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया है। साथ ही, तमिलनाडु के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ बिजली बिल बकाया

## सीएम साहा बोले-अभी आपूर्ति रोकने का विचार नहीं



अगरतला, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश त्रिपुरा का बकाया बिजली बिल चुका नहीं पा रहा है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि बांग्लादेश पर त्रिपुरा के 200 करोड़ रुपये बिजली के बकाया हैं। यह राशि लगातार बढ़ रही है। हालांकि अब तक पड़ोसी देश की आपूर्ति बाधित करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश अपना बकाया जल्द ही चुका देगा।

सीएम साहा ने कहा कि त्रिपुरा में जब पावर प्लांट लगा था तो उसकी कई मशीनें और उसके टुकड़े बांग्लादेश और चटगांव बंदरगाह के जरिये यहां आए थे। इसलिए त्रिपुरा सरकार ने समझौते के तहत बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति शुरू की। सीएम ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है कि अगर बकाया नहीं चुकाया गया तो हम बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति कब तक जारी रख पाएंगे।

दरअसल त्रिपुरा राज्य बिजली निगम लिमिटेड ने बांग्लादेश पावर डवलपमेंट बोर्ड के साथ एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के जरिये एक समझौता किया था। इसके तहत त्रिपुरा बांग्लादेश को 60-70 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। त्रिपुरा ने मार्च 2016 से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति शुरू की थी। बताया जाता है कि बांग्लादेश को अदाणी पावर के झारखंड स्थित गोड्डा प्लांट से भी बिजली आपूर्ति की जाती है।

मगर 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया का भुगतान न करने पर अदाणी पावर ने बांग्लादेश में बिजली कटौती शुरू कर दी है। अब अदाणी पावर से बांग्लादेश को 1400-1500 मेगावाट की जगह 520 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जा रही है।

# एयरफोर्स में फाइटर जेट्स और पायलटों की कमी

## 114 फाइटर जेट की डील पेंडिंग, तेजस की डिलीवरी 2028 तक; सरकार ने कमेटी बनाई

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) में फाइटर जेट्स और पायलटों की कमी है। सरकार के पास 114 फाइटर जेट खरीदने की डील पेंडिंग है। एयरफोर्स ने एचएएल को 83 तेजस मार्क-1A बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है, लेकिन अमेरिकी कंपनी की इंजन भेजने में देरी के कारण डिलीवरी 2028 तक हो पाएगी।

एयरफोर्स ने पिछले महीने दिल्ली में हुए वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इसकी जानकारी दी थी। इन कमियों को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हाई-लेवल कमेटी बनाई है। यह कमेटी जरूरतों को ध्यान में रखकर पुरानी और नए प्रोजेक्ट्स पर नजर रखेगी।

कमेटी में डिफेंस सेक्रेटरी (प्रोडक्शन) संजीव कुमार, डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) के प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत और वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल टी. सिंह को शामिल किया गया है। कमेटी दो से तीन महीने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**कैग की रिपोर्ट-आईएएफ में पायलट की कमी**

वहीं, कैग रिपोर्ट ने इंडियन एयरफोर्स में पायलटों की कमी के आंकड़े बताए हैं। फरवरी 2015 में 486 पायलटों की कमी थी, जो 2021 के अंत तक 596 हो गई। 2016 से 2021 के बीच 222 ट्रेनी पायलटों को भर्ती करने का प्लान था, लेकिन वायुसेना टारगेट पूरा नहीं कर पाई।

**एचएएल के पास तेजस का ऑर्डर**

एयरफोर्स ने फरवरी 2021 में 46 हजार 898 करोड़ के सिंगल इंजन वाले 83 तेजस फाइटर जेट्स बनाने का काम हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को दिया है।

लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक ने इंजन नहीं भेजे जिससे एचएएल इनकी सप्लाई में देरी कर रही है। एचएएल, 2024-25 वित्तीय वर्ष में एयरफोर्स को 16 तेजस देने वाली थी लेकिन अब 2-3 जेट्स ही दे पाएगी।

# स्टीयरिंग और थ्रॉटल में खराबी से हुआ मुंबई नाव हादसा

**नेवी सूत्रों का दावा-क्रू को बोट में खराबी की जानकारी थी, दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी**

मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। 18 दिसंबर को मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट नेवी के जहाज से टकराने के बाद समुद्र में डूब गई थी। इस हादसे में 15 लोगों की जान चली गई। नेवी सूत्रों ने बताया कि ये घटना स्टीयरिंग असेंबली और थ्रॉटल क्वाड्रंट (बोट की स्पीड कंट्रोलिंग) में तकनीकी खराबी के कारण हुई।

जिससे बोट की रफ्तार को काबू में नहीं लाया जा सका। हादसे में जिंदा बचने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि, दुर्घटना से पहले बोट की जांच की गई थी और क्रू को बोट में खराबी की जानकारी दी गई थी। हादसे से जुड़े वीडियो में भी साफ तौर पर देखा गया कि नेवी बोट की रफ्तार तेज थी। इसी के चलते बोट सही समय पर मुड़ नहीं पाई। 18 दिसंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे नेवी की स्पीड बोट पैसेंजर बोट से टकराई, जिसके बाद पैसेंजर बोट डूबने लगी थी। नौसेना ने 11 बोट और 4 हेलिकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया।

# बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर डिजिटल अरेस्ट, 11 करोड़ वसूले

## > टीआरएआई अधिकारी बनकर कॉल की

## > आधार-सिम के फर्जी इस्तेमाल की जानकारी देकर डराया

बेंगलुरु, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के हेब्बल में 39 साल के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुए। ठगों ने उन्हें डरा-धमकाकर 11.8 करोड़ रुपये वसूल लिए। बाद में शक होने पर इंजीनियर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामला एक महीने पुराना है। पुलिस को दिए बयान के मुताबिक शख्स ने 25 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच पैसे गंवाए। ठगों ने इंजीनियर को टीआरएआई (टेलिकॉम रेगुलेरिटी ऑफ इंडिया) अधिकारी बनकर कॉल किया था और आधार-सिम के फर्जी इस्तेमाल की जानकारी देकर डराया था।

**11 नवंबर को पहली कॉल आई, टीआरएआई अधिकारी बनकर धमकाया था**

सॉफ्टवेयर इंजीनियर विक्रम (बदला हुआ नाम) को 11 नवंबर को सुबह करीब 10.30 बजे मोबाइल नंबर 8791120931 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को टीआरएआई का अधिकारी बताया और विक्रम से कहा कि उसके नाम से खरीदे गए सिम कार्ड का इस्तेमाल अवैध विज्ञापनों और धमकी भरे मैसेजों के लिए किया जा रहा है। जालसाज ने उन्हें बताया कि इसके लिए उनके आधार का इस्तेमाल किया गया है। फिलहाल अब उनके सिम को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मुंबई के कोलाबा साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

**दूसरी कॉल फर्जी पुलिस अधिकारी ने की, मनी लॉनड्रिंग के केस में डराया**

कुछ दिनों बाद एक दूसरे ठग ने मोबाइल नंबर 7420928275 से इंजीनियर से संपर्क किया और खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उसने विक्रम से कहा कि उसके आधार का इस्तेमाल मनी लॉनड्रिंग के लिए बैंक अकाउंट खोलने में किया गया है। उन्होंने विक्रम को चेतावनी दी कि वह अपने परिवार सहित किसी को भी कॉल के बारे में न बताएं, क्योंकि धोखाधड़ी में प्रभावशाली व्यक्ति शामिल हैं, जो पहले से ही मनी लॉनड्रिंग के मामलों में गिरफ्तार हैं। ठगों ने इंजीनियर को वर्चुअल जांच में सहयोग न करने पर फिजिकली अरेस्ट करने की धमकी दी थी। इंजीनियर को आखिर में तीसरी बार एक और कॉल आया। जालसाजों ने उससे स्काइप ऐप डाउनलोड करवाया। इसके बाद, पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति ने वीडियो कॉल किया, जिसमें उसने मुंबई पुलिस से होने का दावा किया।

## दिल्ली चुनाव में 'एमपी फॉर्मूला'!

# बड़े नेताओं को उतारने की तैयारी में बीजेपी इसी हफ्ते आ सकती है पहली लिस्ट

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने केंद्र शासित प्रदेश की सभी 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. वहीं, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) भी अब उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप देने में जुटी है.

बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक इसी हफ्ते होने की संभावना है और माना जा रहा है कि इस बैठक में मुहर लगने के बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी इसी हफ्ते आ सकती है।




सूत्रों की मानें तो दिल्ली की सत्ता से 26 साल का वनवास समाप्त कराने की कोशिश में जुटी बीजेपी इस बार दिल्ली विजय के लिए एमपी फॉर्मूला आजमा सकती है. बीजेपी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में उन सीटों से उम्मीदवारों का ऐलान किया जा सकता है जिन्हें पार्टी के लिए मुश्किल माना जाता है. पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की सीट नई दिल्ली, मुख्यमंत्री आतिशी की सीट कालकाजी से उम्मीदवार का ऐलान पहली ही लिस्ट में किया जा सकता है. इसके अलावा बीजेपी अपने कुछ पूर्व सांसदों को भी विधानसभा चुनाव के रण में उतार सकती है।

नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के सीएम फेस और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को उम्मीदवार बना सकती है. प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हो सकते हैं. चर्चा इस बात की भी है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस छोड़कर आए कैलाश गहलोत, राजकुमार गौतम, राजकुमार चौहान और अरविंदर सिंह लवली जैसे नेताओं को टिकट का ऐलान भी बीजेपी पहली लिस्ट में कर सकती है.

सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता बीजेपी का दामन थाम सकते हैं और उनको टिकट दिया जाना भी करीब-करीब तय बताया जा रहा है. बताया जा रहा है कि बीजेपी ने सीटवार सर्वे का काम पूरा कर लिया है और हर विधानसभा सीट से तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम का पैनल भी तैयार है. दिल्ली विधानसभा में बीजेपी के आठ विधायक हैं और इनमें से कुछ का टिकट कटना भी तय बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीजेपी यह तय कर चुकी है कि दिल्ली चुनाव किसी एक नेता को सीएम फेस घोषित किए बगैर सामूहिक नेतृत्व के फॉर्मूले पर ही लड़ा जाएगा. यही फॉर्मूला पार्टी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के साथ ही राजस्थान में भी आजमाया था. बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जनवरी महीने के पहले हफ्ते में कर सकता है और इससे पहले सभी 70 सीटों के लिए बीजेपी उम्मीदवार घोषित करने की तैयारी में है।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 24 दिसंबर- 2024

## अकूत संपत्ति का सिपाही

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में जिस कार से 52 किलो सोना मिला है, उससे संबंधित एक डायरी भी मिली है। पता चला है कि उस डायरी में उन अफसरों का पूरा हिसाब-किताब है, जिन्हें सौरभ शर्मा उगाही में हिस्सेदारी देता था। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि प्रदेश के सभी आरटीओ से करीब 100 करोड़ की उगाही होती थी। अब इस मामले में ईडी की भी एंट्री हो गई है। जाहिर है यदि जांच तरीके से हुई तो सौरभ शर्मा के मामले में कई बड़े लोग भी बेनकाब हो सकते हैं। बहरहाल, जांच एजेंसियों ने अभी बड़े नामों का खुलासा नहीं किया है। आरटीओ कॉन्स्टेबल पद से वीआरएस ले चुके सौरभ शर्मा के केस में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। सौरभ के दोस्त की गाड़ी से जो डायरी मिली है। उस डायरी में उसके आकाओं और अफसरों का हिसाब है, जिन्हें भारी-भरकम हिस्सेदारी मिलती थी। हर साल वह करीब 100 करोड़ की उगाही अपने गुर्गों के जरिए करता था। उसकी पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि नौकरी से इस्तीफे के बाद भी अपनी गाड़ी पर आरटीओ का बोर्ड लगाकर वह चलता था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सौरभ शर्मा की डायरी मिलने के बाद उन सफेदपोशों की धड़कनें बढ़ गई हैं लेकिन जांच एजेंसियां उनके नाम उजागर करने से कतरा रही हैं। यह डायरी सौरभ के दोस्त चेतन गौर की कार से मिली है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के 55 जिलों के आरटीओ का हिसाब इस डायरी में है। साथ ही यह भी लिखा है कि कहां से कितनी राशि आ रही है और किसे कितनी मिल रही है। चेतन गौर ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उगाही की राशि में से हिस्सेदारी किन-किन अफसरों तक पहुंचती थी। लेकिन जांच एजेंसियों ने अपने मुंह पर ताला लगा रखा है। पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की डायरी मिलने के बाद उसका पूरा नेक्सस सामने आ गया है। उन बड़े लोगों की नींद गायब है, जिनके नाम सामने आने लगे हैं। कहा जाता है कि पावर कॉरिडोर के कई बड़े लोगों का हाथ सौरभ शर्मा के ऊपर था। उन्हीं लोगों के आशीर्वाद से वह फल फूल रहा था। यही वजह है कि कुछ सालों में ही सौरभ शर्मा ने अरबों रुपए का साम्राज्य खड़ा कर लिया था। कहा जा रहा है कि आयकर विभाग ने चेतन गौर के बयान दर्ज कर लिए हैं। यह सौ से अधिक पन्नों में है। चेतन ने सौरभ शर्मा के कई राज उगले हैं। उसने यह भी बताया है कि यह राशि किन-किन लोगों तक पहुंचती थी। डायरी में कथित तौर पर दिसंबर 2024 तक के हिसाब मिले हैं। ऐसे में यदि सौरभ शर्मा ने मुंह खोला तो जांच एजेंसियों के रडार पर कई बड़े चेहरे सामने आ जाएंगे। इसलिए लोकायुक्त की छापेमारी जब उसके घर पर चल रही थी तो उसने बचाने की काफी कोशिश की गई। इसके साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि छापे से पहले ही उसे सूचना भी मिल गई थी। अब सीसीटीवी वीडियो सामने आए हैं, उनमें दिख रहा है कि जिस गाड़ी से 52 किलो सोना और दस करोड रुपए मिले हैं वह छापेमारी से पहले सौरभ के घर में खड़ी थी। ऐसे में सवाल है कि क्या सौरभ को लोकायुक्त की छापेमारी की सूचना मिल गई थी। इसके बाद वह सारी चीजों को छिपाने में लग गया। जिसकी एक कडी यह भी थी कि सोना और रुपए भर कर उसे जंगल में छिपा देना भी था।

# तस्करी के लिए हाइटेक ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रहा पाक



सुनील महला

सभी जानते हैं कि पकिस्तान दुनिया में आतंकवाद का गढ़ है। पाकिस्तान न केवल आज दुनिया में आतंकवाद फैला रहा है बल्कि वह स्वयं भी इससे बहुत त्रस्त है। हाल ही में उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर बड़ा आतंकवादी हमला हुआ, मीडिया के हवाले से खबरें आईं हैं कि आतंकवादियों की ओर से किए गए इस भीषण हमले में 16 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। मीडिया से यह भी सूचना मिली है कि पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा बलों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकवादी हमला है।न केवल आतंकवाद बल्कि पाकिस्तान अपने यहां से नशा व हथियारों की तस्करी का भी आज एक बड़ा गढ़ ही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान ड्रग्स व हथियारों की स्मगलिंग के लिए ऐसे हाईटेक ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है, जो आसानी से पकड़ में नहीं आते।

गौरतलब है कि जहां नशीली दवाओं की तस्करी अक्सर अपराध के अन्य रूपों जैसे-आतंकवाद, मनी लॉन्ड्रिंग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी होती है, वहीं दूसरी ओर हथियारों की तस्करी आतंकवाद व आतंकी घटनाओं को जन्म देती है।कहना ग़लत नहीं होगा कि आज नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी से राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा है। नशा व हथियार तस्करी ही नहीं धार्मिक शिक्षा के नाम पर भी पाकिस्तान आज एक खतरनाक खेल, खेल रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और खुफिया एजेंसी आइएसआइ के गठजोड़ का भी एक फ्रांसीसी पत्रिका 'ले स्पेक्टेकल डू मोंड' द्वारा यह खुलासा किया गया है कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को सेना की तरह प्रशिक्षित कर रहा है और धार्मिक शिक्षा के नाम पर साज़िश रच रहा है। यह बहुत ही खतरनाक है कि आज जैश धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी तैयार कर रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान धार्मिक शिक्षा की आड़ में आतंकी ही तैयार नहीं कर रहा है अपितु वह भारत में हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के नये-नये तरीके खोज रहा है और उन्हें इस्तेमाल में ला रहा है।

सच तो यह है कि पाकिस्तान स्थित विभिन्न आतंकवादी समूह आज डिजिटल यानी कि विभिन्न आनलाइन गतिविधियों के जरिए भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने में लिप्त है। हालांकि, भारतीय सुरक्षा एजेंसियां, हमारे देश की साइबर टीम और हमारे तमाम सुरक्षा बिल इसको लेकर पहले से ही बहुत सतर्क और मुस्तैद हैं। बावजूद इसके भारत को पाकिस्तान द्वारा की जा रही डिजिटल घुसपैठ को रोकने के लिए और बड़े कदम उठाने की जरूरत इसलिए है क्योंकि आज का जमाना सूचना क्रांति का है।हम सभी जानते हैं कि आज आनलाइन माध्यमों से पलों में भारत विरोधी कंटेंट को इधर से उधर पहुंचाया जा सकता है। आज तस्कर और आतंकी लगातार तकनीक और मोबाइल क्रांति का सहारा ले रहे हैं। सच तो यह है कि मोबाइल और तकनीक के इस्तेमाल ने आतंकियों/तस्करों/ माफियाओं के लिए तस्करी के तरीके, रास्ते सटीक और आसान बना दिए हैं। आलम यह है कि अब सरहद के पास कोई स्थान विशेष को निर्दिष्ट करके हथियार और हेरोइन, अफीम, गांजा ,चरस, नशीली दवाएं आदि मादक पदार्थ तथा हथियार तक गिराए जाते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान, भारत समेत विश्व के अनेक देशों में हथियारों और नशीले पदार्थों की खपत करता है। आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान में सालाना 44 टन तक संसाधित हेरोइन की खपत होती है। पड़ोसी अफ़गानिस्तान से 110 टन हेरोइन और मॉर्फिन की तस्करी पाकिस्तान के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में की जाती है। इसके अलावा, माना जाता है कि पाकिस्तान का अवैध ड्रग व्यापार सालाना 2 बिलियन डॉलर तक कमाता है।

आज पाकिस्तान ड्रोन से अवैध रूप से ड्रग्स कारोबार में लिप्त है।आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 के दस महीनों में ही पाकिस्तान से पंजाब सीमा पर भेजे गए 177 ड्रोन बरामद किए गए हैं। यह बरामदगी 2023 में पकड़े गए ड्रोन की संख्या से 107 अधिक है। गत वर्ष 60 ड्रोन बरामद हुए थे। वर्ष 2022 में जून के महीने में यह सामने आया था कि पाक के तस्कर पंजाब सीमा से सटे खेतों व बॉर्डर फेंसिंग के पास नशे से भरी ईंटें फेंक रहे हैं। उस वक्त यह भी सामने आया था कि पानी की मोटरों में इस्तेमाल होने वाले होलो पंप में भी नशा भरकर सीमा पार से भेजा जा रहा है और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों का भी इस्तेमाल नशा तस्करी में किया जा रहा है। पिछले कुछ समय पहले यह भी सामने आया था कि अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट भारत में नशे की खेप लाने के लिए अलग-अलग रास्तों का फायदा उठा रहे हैं। मसलन, गुजरात का मुंद्रा पोर्ट, पंजाब बॉर्डर, नेपाल और म्यामांर के रास्ते भारत में ड्रग्स लाई जा रही है। वाकई यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज भारतीय तस्कर पाकिस्तानी तस्करों को लोकेशन भेज ड्रोन के माध्यम हेरोइन,गांजा, चरस और असलहा आदि की खेप मंगवा रहे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाक तस्करों का समर्थन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ भी करती है। आइएसआइ इन्हीं तस्करों की मदद से भारत में विस्फोटक सामग्री, हथियार व नशीले पदार्थों तक को भिजवाती है। सच तो यह है कि पाकिस्तान भारत में शांति व सौहार्द को भंग करने के उद्देश्य से चोरी-छुपे हथियारों की सप्लाई के साथ नशा तस्करी को भी अंजाम दे रहा है और यही कारण है कि भारत में तस्करी आज एक बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है, जो सिर्फ कानून व्यवस्था पर ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिति, हमारे समाज और पर्यावरण, स्वास्थ्य पर भी कहीं न कहीं बुरा असर डाल रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तस्करी का प्रभाव केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहता। यह पूरे देश की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समाज और पर्यावरण तक को प्रभावित करता है। पाकिस्तान अपनी धरती से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता रहा है और आज भी वह लगातार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त है। तस्करी की बात करें तो हाल ही में पंजाब के अमृतसर (ग्रामीण) में पुलिस ने 4 किलो हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस हेरोइन को पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी करके लाया गया था। हेरोइन ही नहीं पुलिस ने एक 9 एमएम पिस्तौल भी बरामद की है। आज भी नेपाल और पंजाब के रास्ते पाकिस्तान से हेरोइन और अफीम जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है और इस आशय की खबरें मीडिया के माध्यम से आतीं रहतीं हैं। दो साल पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबरें आईं थीं कि पाकिस्तान, अपने हितैषी चीन में बने नये ड्रोन के स्थान पर अब पाकिस्तान में ही बनाए गए पुराने ड्रोन तस्करी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।सूत्रों के मुताबिक भारतीय सुरक्षा बलों की पाकिस्तानी तस्करों पर लगातार कार्रवाई और महंगे चीनी ड्रोन से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए पाकिस्तान द्वारा ऐसा किया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान से भारतीय सीमा में आने वाले ज्यादातर ड्रोन चीन में ही बने होते हैं, जिनमें हेक्साकॉप्टर और क्वाडकॉप्टर ड्रोन भी शामिल हैं। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज ज्यादातर अपने देश में बने ड्रोन से ही हथियार और नशा भारत में सप्लाई कर रहा है।आज हमारे देश की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ, सीमा सुरक्षा बल और सीमा शुल्क अधिकारी, पाकिस्तानी तस्करों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हैं, अनेक ड्रोनों को उन्होंने मार गिराये हैं और तस्करों को पकड़ा भी हैं,जिसके परिणामस्वरूप अवैध व्यापार अस्थायी रूप से रुका भी है। हालाँकि, यह बात अलग है कि तस्करी में शामिल लोग अपने अवैध व्यापार( नशीले पदार्थों, हथियारों की सप्लाई) को जारी रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों के साथ ही तस्करी के अन्य विकल्पों की तलाश करते हैं। आज पाकिस्तान आतंकियों, तस्करों की सहायता से देश के अंदरूनी इलाकों में अव्यवस्थाओं को फैलाने की कोशिश करता है और इसके लिए वह सूचना क्रांति के इस दौर में नये-नये हथकंडे अपना रहा है।

# उपभोक्ताओं को मिले त्वरित न्याय



योगेश कुमार गोयल

देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए ‘राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस’ मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को ‘उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019’ (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्व अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया। ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# बांग्लादेश बर्बादी की ओर चल पड़ा है

राजेश कुमार पासी

बांग्लादेश की सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनुस आजकल पाकिस्तान से दोस्ती की कसमें खा रहे हैं। तुर्की द्वारा विकासशील मुस्लिम देशों के लिये एक संगठन डी-8 बनाया गया था। इसकी एक बैठक मिस्र में बुलाई गई थी जिसमें मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश के प्रमुख के रूप में बुलाया गया। ये अजीब बात है कि जिस देश में कोई सरकार नहीं है, वहां सरकार का मुख्य सलाहकार है और वो सलाहकार उस देश के प्रधानमंत्री के रूप में सब जगहों पर घूम रहा है। पाकिस्तान के साथ दोस्ती में यूनुस इतने बौरा गए हैं कि उनका बस चले तो बांग्लादेश को खींचकर पाकिस्तान से जाकर मिला दें । बांग्लादेश ये भूल चुका है कि इसी पाकिस्तान ने उसके तीस लाख नागरिकों को निर्ममतापूर्वक कत्ल कर दिया था और लाखों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ इसलिए बलात्कार किया था ताकि बांग्लादेश की नस्ल ही बदल दी जाए । अगर भारत दखल नहीं देता तो पाकिस्तान द्वारा शुरू किया गया कत्लेआम कहाँ जाकर रुकता, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। हज़ारों भारतीय सैनिकों को बांग्लादेशी अवाम को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी देनी पड़ी तब जाकर ये कत्लेआम रुका था । उस वक़्त पाकिस्तान अमेरिका की गोद में बैठा हुआ था, उससे लड़ने का मतलब था अमेरिका को चुनौती देना । इसके बावजूद इंदिरा जी ने अपने देश की सुरक्षा को खतरे में डालकर बांग्लादेशियों की रक्षा की । अगर रूस बीच में नहीं आता तो ब्रिटेन और अमेरिका की नेवी भारत पर हमला कर देती । आज वही बांग्लादेश उस युद्ध में भारत को सिर्फ सहयोगी मात्र बता रहा है। उसका कहना है कि सारी लड़ायी मुक्तिवाहिनी ने लड़ी थी, भारतीय सेना तो सिर्फ उसका साथ दे रही थी। वो भूल गए हैं कि पाकिस्तान के 90000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था। इतनी बड़ी सेना के सामने खड़े होना भी मुक्तिवाहिनी के लिए संभव नहीं था। सवाल पैदा होता है कि आज बांग्लादेश भारत से दूर और पाकिस्तान के नजदीक क्यों जा रहा है। वास्तव में बांग्लादेश में कट्टरता इतनी बढ़ गई है कि बांग्लादेशी पाकिस्तानियों से भी ज्यादा भारत से नफरत करने लगे हैं। शेख हसीना ने इन कट्टरपंथियों को दबाकर रखा हुआ था, इसलिये यह नफरत दिखाई नहीं दे रही थी। जब उनकी सरकार चली गई है तो बांग्लादेशियों की भारत और हिंदुओं के प्रति नफरत को पूरी दुनिया देख रही है। बंगलादेशी हिंदुओ का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है और बांग्लादेश की सरकार सो रही है। ऐसा भी देखने में आ रहा है कि बांग्लादेश की सेना और पुलिस भी हिंदुओं पर अत्याचार कर रही है। मुस्लिम देशों की सबसे बड़ी समस्या कट्टरता है जिसके कारण वो बर्बादी की ओर जा रहे हैं। भारत में अकसर मुस्लिम बुद्धिजीवी और नेता मुस्लिमों के पिछड़ेपन का रोना रोते हैं और इसका कारण सरकार और हिंदुओ को बताते हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा दूसरे एशियाई और अफ्रीकी देशों की बदहाली भी क्या भारत सरकार के कारण है । क्या सभी जगहों पर हिन्दू समाज जाकर मुसलमानों को बर्बाद कर रहा है। मुस्लिम समाज कट्टरता को पालता-पोसता है और जब कट्टरता की मार पड़ती है तो रोता है। एक समय पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत से आगे बढ़ चुकी थी लेकिन भारत को बर्बाद करने के लिए पाकिस्तान ने अपने देश में कट्टरपंथी और आतंकवादी पैदा किये. आज वही कट्टरपंथी और आतंकवादी पाकिस्तान को बर्बाद कर रहे हैं । पाकिस्तान राष्ट्र तो नहीं था लेकिन एक देश जरूर बन गया और यह एक देश के रूप में कब तक जिंदा रहेगा, ये देखने वाली बात है। बांग्लादेश आज पाकिस्तान के रास्ते पर चल पड़ा है और लगता है कि ये पाकिस्तान से भी पहले बर्बाद होना चाहता है। अगर कोई ठान ले कि उसने गड्ढे में कूदना है तो उसको कोई नहीं रोक सकता । बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न को देखकर भारत में राष्ट्रवादी बोल रहे हैं कि भारत सरकार बांग्लादेश को सारे निर्यात बंद क्यों नहीं कर देती । उन्हें ऐसा लगता है कि अगर भारत बांग्लादेश को निर्यात बंद कर दे तो वो बर्बाद हो सकता है । वास्तव में शेख हसीना ने बांग्लादेश को बहुत मजबूत कर दिया है ।

बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था लगभग 450 बिलियन डॉलर की हो चुकी है जबकि पाकिस्तान की अभी 350 अरब डॉलर ही है । यह ठीक है कि भारत की अर्थव्यवस्था लगभग चार ट्रिलियन हो चुकी है लेकिन दोनों देशों के आकार को देखते हुए कहा जा सकता है कि बांग्लादेश भारत के बराबर खड़ा है । भारत और बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय लगभग समान है और एक बार तो यह भारत से ज्यादा भी हो चुकी थी ।

## संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा



संजीव ठाकुर

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं।

आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# रुपए का रोग, तिजोरी का संयोग



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

हमने सोचा, शहर में बड़े आदमी के यहाँ जाकर कुछ उधारी माँग लें। उधारी के पुराने खतरनाक रोगियों का चेहरा बड़ा बोलता है। वे जैसे ही हमारी ओर देखे, उनकी नजरों में एक चमक थी – एक ऐसी चमक जो कह रही थी, अरे भाई, ये पैसे माँगने आए हैं! और हमें भी समझते देर न लगी कि उधारी का यह खेल खाली हाथ ही छूटने वाला है। मगर जैसे हमारे लिए उधारी माँगना एक कर्तव्य था, वैसे उनके लिए मना करना भी तो एक धर्म था! हमने बड़ी विनम्रता से अपनी माँग रखी, और साहब बोले, “भाई, तुमको उधारी की पड़ी है, और हम तो इन बैंक वालों के ब्याज के बोझ में दबे जा रहे हैं।” हमारी आँखें कुछ चौड़ी हो गईं – यह भी कोई नई बीमारी है, ब्याज का बोझ! लोग तो बुखार और सर्दी से मरते हैं, पर ये साहब ब्याज के भार में दुबले होते जा रहे थे! उनका चेहरा खिला हुआ, सेहत तंदरुस्त, पर मनुष्य ब्याज के नाम से गला कटाए बैठा था। कहीं मन में झुरझुरी हुई – “यह ब्याज की बीमारी भी बुरी नहीं लगती! ऐसा रोग जिसका नाम सुनते ही लोग सिकुड़ जाएँ। मगर इसका इलाज तो बड़े-बड़े डॉक्टर्स भी नहीं करते!” ब्याज की यह बीमारी भी अजीब रोग है – जिसे लग जाए, वह कहता है, “अरे भाई, अब तो ब्याज ही मार डालेगा।”

और जिसे न लगे, वह भाग-दौड़ में हड्डियाँ गला डालता है, “काश! एक बार यह उधारी का सुख तो मिलता!” हम तो ठहरे आम आदमियों के दुख के मारे, जिन्हें न ब्याज मिला, न उधारी। बस यही दुख कि पाँच सौ रुपये का उधार न मिला। और उधारी की भी किस्मत होती है साहब, नहीं तो हम तो कितने दुख में हैं कि हमारे पास देने के लिए कुछ नहीं और उधारी लेने की हैसियत नहीं।

दूसरे बंधु का दुख भी क्या निराला था। बेचारे ने तीन मंजिल का मकान बनाने का सपना देखा था, और अब टेढ़े रास्ते पर दो ही मंजिल का साया पड़ रहा था। तीसरी मंजिल के लिए बजट की तंगी आ गई। सोचते-सोचते माथा पीटते हुए बोले, “क्या करूँ? दो ही मंजिल बनाकर क्या लोग मुझे समझेंगे कि मैं सचमुच का बड़ा आदमी हूँ?” फिर एक और बंधु थे, जिनकी दुख-कथा अपने आप में अनोखी थी। पिछले साल उन्होंने किताबों का ठेका लिया, पचास हजार की किताबें बेच डालीं। इस साल चालीस हजार पर ही दिल बैठ गया, बेचारे को बड़ा दुख हुआ। बेचारे का दुख देखकर हम पर भी दुख का असर होने लगा – आखिरकार, दुनिया को तो किताबें चाहिए ही, वरना ज्ञान का दीपक कैसे जलता? और वही हमारे सामने एक और सज्जन आ बैठे। बोले, “भाई साहब, ये बैंक वालों का ब्याज तो जान ले रहा है। मेरे तीन ट्रक खड़े-खड़े जंग खा रहे हैं। अब देखो, चार ट्रक की ईएमआई है, सिर्फ एक चलता है।” हम तो बैठे ही थे सोचने, इनका दुख भी हलका कर दें। हमारा दुख क्या था? यही कि किसी का दुख हल्का कर सकें तो थोड़ा मन हल्का हो। शहर की इस भारी दुनिया में दुख के किस्म-किस्म के रंग-ढंग हैं। किसी का दुख है कि ब्याज से बचने की राह नहीं, किसी का दुख है कि तीसरी मंजिल नहीं। हमारे पास दुख का छोटा कारण था – कि पाँच सौ रुपये का उधार माँगते हुए भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा था।

# गांव वाले थे परेशान...अचानक बूढ़ी औरत के रूप में आई मां दुर्गा



**सोनभद्रः** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में मां दुर्गा का चमत्कारी मंदिर है। कहा जाता है कि इस मंदिर में मां दुर्गा खुद गांव वालों की मदद के लिए आई थीं। इस मंदिर में लोग दूर-दूर से दर्शन करने आते हैं। इस चमत्कारी मंदिर की कहानी काफी रोचक है। कहा जाता है कि मां दुर्गा स्वयं अवतार लेकर यहां आई थीं और गांव वालों का उद्धार किया था। इस मंदिर में मां दुर्गा ने खुद गांव वालों की मदद के लिए एक बूढ़ी औरत का रूप लेकर लगान भरा था। इस मंदिर की कहानी ब्रिटिश काल के दौरान से जुड़ी है।यह चमत्कारी मंदिर सोनभद्र जिले के रेवतीपुर गांव में मौजूद है।

मान्यता है कि ब्रिटिश शासन काल में रेवतीपुर गांव में अकाल पड़ा था और अंग्रेज़ों ने गांव पर लगान में कोई कमी नहीं की थी। गांव वालों के पास खाने तक के पैसे नहीं थे, ऐसे में उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की। इसके बाद मां भगवती ने एक बूढ़ी औरत का रूप धारण कर अंग्रेज़ों के पास जाकर लगान भर दिया। यही कारण है कि नवरात्रि के दौरान यहां पर बड़ी संख्या में लोग मां भगवती की दर्शन करने आते हैं। मान्यता है कि जो भक्त यहां आते हैं उनकी मनोकामना जरूर पूरी होती है।

वहीं मंदिर के सेवादार ने लोकल 18 से खास बातचीत में बताया कि दुर्गा माता का यह मंदिर प्राचीन और काफी चमत्कारी है। माता दुर्गा के आशीर्वाद से गांव में बेहद सुख शांति बनी रहती है और कोई भी यहां दर्शन के लिए आता है, तो माता उनके मनोरथ जरूर पूरी करती हैं। माता दुर्गा का दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। लोगों की जब मनोकामना पूरी होती है, तो वह यहां भंडारा कराते हैं। आपको बता दें कि यह मंदिर सोनभद्र नगर मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। गांव में होने के चलते मंदिर से कुछ दूरी तक बस तक की सुविधा है।

मंदिर तक जाना निजी साधन या आटो बेहतर संसाधन है। राबर्ट्सगंज तक आने के लिए रेल और बस मार्ग दोनों विकल्प है। वहां से 15 किलोमीटर दूर आपको आने -जाने में असुविधा हो सकती है। ठहरने और भोजन के लिए आपको राबर्ट्सगंज में ही कई कम कीमतों में होटल मिल जाएंगे। इसके साथ ही लग्जरी होटल भी यहां उपलब्ध हैं। यहां आप रात्रि विश्राम के बाद जनपद के अन्य स्थानों पर भी घूम सकते हैं।

## धन से शांति नहीं मिलती

संसार से आशक्ति ही दुख का कारण है, सिर्फ उत्तरदायित्व को समझकर मानव को क्रियाकारक रहना होगा। जीवन में हरि स्मरण से ही सुखानुभूति मिलती है, मानव जीवन में दिनचर्या, खान पान एवं आत्म संयम पर विशेष ध्यान देना होगा जिससे जीवन को सफलता मिल सके। धन कीमती वस्तु है परन्तु रक्षा सिर्फ धर्म ही करता है। इसलिए धर्म का हमेशा आदर करें और धन को सत्कर्म में खर्च करते रहें, जिससे हमारी इंद्रियां विचलित न होकर परमात्मा के अनुराग में स्थित हो सकेंगी । **- पंडित भानु प्रताप दुबे**

# महाभारत कथाः कैसे 24 महीने के गर्भ के बाद हुआ कौरवों का जन्म ?

## आखिर में पैदा हुई इकलौती बहन



महाभारत की कहानी कौरवों और पांडवों के इर्दगिर्द घूमती है। जब राजा पांडु अपनी दोनों पत्नियों कुंती और माद्रि के साथ महल छोड़ वन में रहने चले गए तो धृतराष्ट्र अकेले हस्तिनापुर पर शासन करने के लिए रह गए। उसी वक्त भीष्म ने गांधार राजा की पुत्री गांधारी का हाथ मांगने के लिए अपने दूत भेजे। गांधारी तैयार हो गईं और अपने भाई शकुनि के साथ हस्तिनापुर चल पड़ीं। दूसरी युवा लड़कियों की तरह उन्होंने भी अपने भावी पति को लेकर तमाम सपने संजोये थे लेकिन हस्तिनापुर पहुंचते ही सारे सपने चकनाचूर हो गए। हस्तिनापुर आने के बाद उन्हें पता चला कि उनका होने वाला पति तो जन्म से ही नेत्रहीन है।

गांधारी स्वाभिमानी और अपने पिता के वचन को पूरा करने वाली दृढ़ निश्चयी लड़की थीं। जब उन्हें इस बात का पता चला तो उन्होंने जीवनभर अपनी आंखों पर पट्टी बांधने और अपने पति की परेशानी को साझा करने का प्रण ले लिया। इस तरह गांधार पर्वत की राजकुमारी हस्तिनापुर की रानी तो बनीं लेकिन अपनी दृष्टि का बलिदान कर अंधकार को गले लगा लिया। लेखिका नमिता गोखले अपनी किताब "महाभारतः नई पीढ़ी के लिए" में लिखती हैं कि धीरे-धीरे धृतराष्ट्र अपनी पत्नी से बहुत प्रेम करने लगे। कुछ समय बाद गांधारी गर्भवती हुईं तो धृतराष्ट्र बेसब्री से अपने बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहे थे।

**24 महीने रहा गर्भ तब पैदा हुए कौरव**

जन्म का समय यानी नौवां महीना करीब आया तो धृतराष्ट्र और बेसब्र हो गए। हालांकि अभी प्रसव पीड़ा जैसी कोई बात ही नहीं थी। धीरे-धीरे नौवां महीना बीत गया और फिर एक के बाद एक महीने बीतते रहे और गांधारी की गर्भावस्था चलती रही। आखिरकार गांधारी ने दो वर्ष बाद जन्म दिया। उनके गर्भ से मांस की एक लोथड़ेनुमा कठोर गेंद निकली, जो एक सौ एक टुकड़ों में विभाजित थी। इन टुकड़े में से प्रत्येक को शुद्ध मक्खन से भरे कांसे के बर्तन में रखा गया। इस तरह उन टुकड़ों से धृतराष्ट्र और गांधारी के 101 बच्चे पैदा हुए। जिनमें 100 लड़के और एक लड़की थी।

**दुर्योधन, दुःशासन और इकलौती बेटी का जन्म**

धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पहले बेटे का नाम दुर्योधन और दूसरे का दुःशासन रखा। सबसे आखिर में जन्मी इकलौती बेटी का नाम दुःशाला रखा गया। उधर, पांडु अपनी पत्नी कुंती और माद्रि के साथ हस्तिनापुर के महल से बहुत दूर हिमालय की एक गुप्त घाटी में जंगलों में बीच जीवन व्यतीत कर रहे थे। उनके बेटे यानी पांडवों का भी जन्म हो चुका था। पांडु जब अपने पांचों पुत्रों, पांडवों को आनंदित होकर देखते थे। सुनहरी आंखों वाले युधिष्ठिर और उसके शक्तिशाली भाई भीम गोरे रंग के थे। बीच के भाई अर्जुन सांवले, सबल और पराक्रमी थे। इसी तरह नकुल और सहदेव शरारती थे और मस्तमौला थे।

**कुंती ने अकेले पांडवों को पाला**

वन में पांडु अपना श्राप भूल चुके थे। एक दिन जब वो अपनी पत्नी माद्रि से दुलार कर रहे थे, उसी दौरान प्रेम के देवता कामदेव का एक बाण उन्हें लगा। माद्रि की गोद में ही पांडु का देहावसान हो गया। माद्रि चीखने लगीं। वह खुद को पांडु की मौत का दोषी मान रही थीं। माद्रि ने कहा 'मैं और नहीं जीना चाहती स्वामी... मैं तुम्हारे साथ ही मृत्युलोक को जाऊंगी।। इस तरह माद्रि का भी निधन हो गया। अब पांच छोटे बच्चों को पालने का भार विधवा कुंती पर था। वह अपने पांचों पुत्रों को लेकर हस्तिनापुर आ गई।



# शनि-बुध 30 साल बाद जनवरी 2025 में बनाएंगे यह योग



न्याय के कारक ग्रह शनि और ग्रहों के राजकुमार बुध जनवरी 2025 में एक ऐसा योग बनाने जा रहे हैं, जिससे नए साल में कुछ राशियों को लाभ प्राप्त हो सकता है। ऐसा योग 30 साल पहले बना था। दरअसल, शनि और बुध 19 जनवरी को त्रि-एकादश योग बनाएंगे, साथ ही ये दोनों ग्रह एक-दूसरे से 60 डिग्री पर भी होंगे। शनि बुध से तीसरे भाव में होंगे वहीं बुध शनि के एकादश भाव में होंगे। दोनों ग्रहों की इस स्थिति के कारण ही इसे त्रि-एकादश योग कहा जाता है। आइए ऐसे में अब जान लेते हैं कि, शनि-बुध का यह योग किन राशियों को 2025 की शुरुआत में फायदा पहुंचाएगा।

**मेष राशि**

बुध और शनि त्रि-एकादश योग के दौरान आपके नवम और एकादश भाव में होंगे। इस ग्रह स्थिति के चलते आपको सामाजिक और पारिवारिक जीवन में अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। धार्मिक क्रियाकलापों में आप हिस्सा लेंगे, इसके साथ ही आपके ज्ञान में भी वृद्धि होगी। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि हासिल हो सकती है। धन लाभ के भी योग हैं। विद्यार्थियों के लिए भी समय बेहद अनुकूल साबित होगा बुध आपके तार्किक क्षमता को बढ़ाएंगे। खासकर इस राशि के वो विद्यार्थी जो विज्ञान, गणित जैसे विषयों का अध्ययन कर रहे हैं उन्हें सफलता प्राप्त होगी। इसके साथ ही सरकारी क्षेत्रों से भी इस राशि वालों को लाभ प्राप्त हो सकता है।

**मकर राशि**

त्रि-एकादश योग के बनने से कारोबारियों को विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। आपकी जो योजनाएं बीते साल में पूरी नहीं हो पायी थीं वो नए साल में पूरी होंगी। माता-पिता का भी इस साल आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी पेशा लोग भी कार्यक्षेत्र में अच्छे बदलाव देख सकते हैं।

पैतृक संपत्ति को लेकर अगर कोई विवाद घर में चल रहा था, तो वो भी सुलझ सकता है। शनि के प्रभाव से आध्यात्मिक गतिविधियों में भी इस राशि के जातक हिस्सा ले सकते हैं। यात्राएं करने का भी इस राशि के जातकों को मौका मिलेगा और यात्राएं फायदेमंद भी साबित होंगी। सामाजिक स्तर पर आपके नए और अच्छे दोस्त इस दौरान बन सकते हैं।

**कुंभ राशि**

शनि के स्वामित्व वाली कुंभ राशि के जातकों को त्रि-एकादश योग से सबसे अधिक लाभ मिलेगा। आपके रुके हुए कार्य 2025 के शुरुआती महीनों में पूरे हो सकते हैं। आपके काम की तारीफ होगी, साथ ही कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। धन प्राप्ति के नए स्रोत भी कुंभ राशि के जातकों को नए साल में मिल सकते हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है। मानसिक रूप से आप खुद को सशक्त पाएंगे और शारीरिक रूप से भी फिट रहेंगे। शनि-बुध की स्थिति के चलते इस राशि के विद्यार्थी भी शिक्षा क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू सकते हैं। घर परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न हो सकते हैं, और इनमें हिस्सा लेकर आप खुद को तरोताजा करेंगे।

# नए साल में पाना चाहते हैं आर्थिक लाभ ?

## जरूर आजमाएं वास्तु के ये आसान टिप्स

जब भी नए साल की शुरुआत होती है तो इसे बेहतर बनाने के लिए हम कई तरह के उपाय करते हैं और संकल्प लेते हैं। इसी तरह वास्तु में भी कुछ ऐसे उपायों का जिक्र मिलता है जिनको साल की शुरुआत में अगर आप आजमाते हैं, तो आपके जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। वास्तु के ये नियम आपके जीवन में सुख-समृद्धि तो लाते ही हैं, साथ ही पारिवारिक शांति और अच्छी सेहत के लिए भी इन्हें बेहद कारगर माना जाता है। आइए जानते हैं वास्तु के इन उपायों के बारे में।

**उत्तर दिशा से जुड़ा उपाय**

अगर आप चाहते हैं कि, साल 2025 आपके लिए नए अवसर लेकर आए, आपको जीवन में सुख-समृद्धि और धन मिले तो साल की शुरुआत में उत्तर दिशा से जुड़ा उपाय आपको आजमाना चाहिए। आपको करना बस इतना है कि, साल के पहले दिन उत्तर दिशा को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखना है। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपके घर में ऊर्जा का प्रवाह होता है। सकारात्मकता ऊर्जा घर में और घर के लोगों में आती है। यूं तो उत्तर दिशा को हमेशा ही साफ-सुथरा रखना चाहिए, लेकिन साल के पहले दिन इसे व्यवस्थित रखने से आपको शुभ फल प्राप्त होते हैं।




**दक्षिण-पूर्व दिशा से जुड़ा उपाय**

वास्तु शास्त्र में दक्षिण-पूर्व दिशा को आग्नेय कोण भी कहा जाता है। वास्तु की मानें तो इस दिशा में धन रखने से घर में धन का प्रवाह कभी नहीं रुकता। इसलिए साल 2025 के पहले दिन आपको इस दिशा में धन की तिजोरी स्थापित करनी चाहिए। अगर ऐसा करना संभव ना भी हो तो आप कुछ मात्रा में धन इस दिशा में रख दें। ऐसा करने से साल भर आपको धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

**किचन में करें ये वास्तु उपाय**

साल 2025 के पहले दिन रसोई घर की साफ-सफाई अवश्य करें। इसके साथ ही एक दीपक इस दिन किचन की उत्तर-पूर्व दिशा में आपको रखना चाहिए। इसके साथ ही उत्तर दिशा में जल का एक पात्र भर कर भी रखें। वास्तु के अनुसार, ऐसा करने से आपको आर्थिक उन्नति साल भर प्राप्त हो सकती है। इसके साथ ही यह उपाय घर के लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

**मुख्य द्वार से जुड़ा उपाय**

साल का पहले दिन आपको अपने घर के मुख्य दरवाजे को सजाना चाहिए। यहीं से आपके घर में ऊर्जा का प्रवाह होता है, इसलिए साल के पहले दिन इसकी साफ-सफाई आपको करनी चाहिए, साथ ही रंगोली आप घर के मुख्य द्वार के पास बना सकते हैं। वहीं इस दिन द्वार पर आम पीपल के पत्तों का बंधनवार बांधना भी शुभ होता है। वास्तु के अनुसार, यह आसान सा कार्य आपके जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आ सकता है। साल के पहले दिन ऐसा करने से आप सकारात्मक रहते हैं और यह पॉजिटिव एनर्जी आपके लिए साल भर मददगार रहती है।

**जरूर करें ये कार्य**

साल के पहले दिन आपको पूजा स्थल की सफाई और पूजा अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही कुछ समय ध्यान के लिए भी अवश्य निकालें। ऐसा करने से ऊर्जा आपको प्राप्त होती है। आप सही मार्ग की ओर आगे बढ़ते हैं और जीवन में सफलता आपको प्राप्त होती है।

# घर की सुख-समृद्धि को बुरी नजर से बचाने के लिए मंगलवार के दिन करें ये उपाय

1. अगर आप कुछ-कुछ दिनों के अंतराल में अपने आपको आर्थिक समस्याओं से घिरा पाते हैं और अब इस स्थिति से जल्द से जल्द बाहर निकलना चाहते हैं, तो अपनी डांवाडौल आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए मंगलवार के दिन आपको हनुमान जी के इस मंत्र का 21 बार जप करना चाहिए। मंत्र है-'ऊँ हं हनुमते नमः।'

2. अगर आपके दांपत्य रिश्ते के मध्य ऊष्मा पहले की अपेक्षा कम हो गई है और आप फिर से अपने रिश्ते में एक नई ऊष्मा भरना चाहते हैं तो मंगलवार के दिन स्नान आदि के बाद मिट्टी का एक दीपक लेकर, उसमें चमेली का तेल भरिये और एक लाल रंग की पड़ी हुई बत्ती लगाइए। अब उस दीपक को हनुमान जी के मंदिर ले जाकर जलाइए। अगर घर से बाहर मंदिर में नहीं जा सकते तो घर में ही हनुमान जी की तस्वीर के आगे वो दीपक जलाइए। भगवान के आगे दीपक जलाते समय अगर दोनों दंपति मौजूद हो तो और भी श्रेष्ठ है वरना स्वयं ही दीपक जला दें। इसके साथ ही दीपक जलाने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ भी करें।

3. अगर आपको अपने किसी काम को करने में परेशानी आ रही है और वह पूरा नहीं हो पा रहा है तो मंगलवार के दिन के दिन एक मौली, यानि कलावा लेकर हनुमान जी के मंदिर जाएं और वहां जाकर उस मौली को हनुमान जी के चरणों में रख दें। अब भगवान के चरणों से सिंदूर लेकर अपने माथे पर टीका लगाएं। उसके बाद वहां रखी मौली में से एक लंबा सा धागा निकालकर अपने हाथ की कलाई में बांध लें और बाकी बची हुई मौली को वहीं मंदिर में ही रखा रहने दें।

4. अगर आप कर्ज के बोझ से परेशान हैं और आपसे कर्ज चुकाए नहीं चुक रहा है तो मंगलवार के दिन आपको स्नान आदि के बाद साफ कपड़े पहनने चाहिए। फिर घर में किसी उचित स्थान पर आसन बिछाइए और उस पर दक्षिण दिशा की ओर मुख करके बैठ जाइये। आसन पर बैठने के बाद श्री हनुमान का ध्यान करते हुए ऋणमोचक मंगल स्तोत्र का पाठ करें। इसके अलावा अगर आप मंगलवार के दिन मंगलवारके दिन अपने कर्ज की एक किश्त या एक रुपया भी लेनदार को चुकायेंगे तो आपका



बाकी का कर्जा भी जल्द ही उतर जायेगा।

5. अगर आप अपने परिवार की खुशियां बरकरार रखना चाहते हैं तो मंगलवार के दिन स्नान आदि के बाद थोड़े-से चमेली के फूलों को इकट्ठा करें। अब उन चमेली के फूलों की माला बनाएं और हनुमान जी के मंदिर में जाकर भगवान को वो माला अर्पित करें। साथ ही अपने परिवार की खुशियों की दुआ करते हुए एक धूपबत्ती भी जलाएं।

6. अगर आप लवमेट के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत करना चाहते हैं या अपनी जिंदगी में प्यार की बयार को बनाये रखना चाहते हैं तो मंगलवार के दिन आपको मंगल के मंत्र का जप करना चाहिए । मंत्र इस प्रकार है- ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः। इस मंत्र का 11 बार जप करें और जप करने के बाद हनुमान जी को बूंदी के प्रसाद का भोग लगाएं।

7. अपने घर की सुख-समृद्धि के लिए अपने परिवार को हर बुरी नजर से बचाये रखने के लिए मंगलवार के दिन आपको एक छोटा-सा मिट्टी का बर्तन लेना चाहिए। अब उस बर्तन में शहद डालना चाहिए और उसके ऊपर ढक्कन लगाना चाहिए। इस प्रकार मिट्टी के बर्तन में शहद डालकर, उस पर ढक्कन लगाकर हनुमान जी के मंदिर में रख आएं।

8. अगर आप अपने कामों की गति को बनाये रखना चाहते हैं या अपने किसी खास काम की सफलता सुनिश्चित करना चाहते हैं तो मंगलवार के दिन के दिन एक सफेद कोरा कागज और केसरीया सिंदूर लें।

अब उस सिंदूर में थोड़ा-सा चमेली का तेल मिलाकर, उससे सफेद कोरे कागज पर भगवान राम का नाम लिखें। राम, राम, राम इस प्रकार 11 बार 'राम' नाम लिखना है। लिखने के बाद उस कागज को अच्छे से सुखा लें और सूखने के बाद उस कागज को मोड़कर अपने पर्स में रख लें।

9. यदि आपका बच्चा अचानक रात को सोते समय डर जाता है या उसे दूसरे नए लोगों से मिलने-जुलने में परेशानी होती है तो मंगलवार के दिन आपको श्री हनुमान की उपासना करनी चाहिए। साथ ही भगवान को केसरिया सिंदूर अर्पित करना चाहिए और अपने बच्चे के माथे पर भगवान के चरणों से लिया गया सिंदूर लगाना चाहिए।

# रैपर बादशाह के साथ क्या है हानिया आमिर का कनेक्शन?




पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर खूब चर्चा में रहती हैं। भारत में भी उनकी लोकप्रियता काफी ज्यादा है। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी हानिया खबरों में रहती हैं। यूं तो मीडिया रिपोर्ट्स में दावे दोनों के रिलेशनशिप के दावे किए जाते हैं। मगर, बादशाह इस बात को खुद स्पष्ट कर चुके हैं कि वे और हानिया अच्छे दोस्त हैं। अब हानिया ने बादशाह के साथ अपने कनेक्शन पर बात की है।

**बादशाह के साथ है ये रिश्ता**

हाल ही में हानिया ने रैपर व सिंगर बादशाह के साथ अपने कनेक्शन पर बात की। दरअसल, दोनों के बीच रिलेशनशिप की खबरें आती रही हैं। इसके अलावा हानिया को बादशाह के कॉन्सर्ट में भी देखा गया और उन्होंने इवेंट की क्लिप अपनी इंस्टा स्टोरीज पर भी शेयर की थी। हालिया बातचीत में हानिया ने सिंगर के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की और बादशाह को अपना दोस्त बताया।

**भारत की इस जगह घूमना पसंद करेंगी हानिया**

हानिया आमिर ने माशेबल मिडील ईस्ट से बातचीत में बादशाह के बारे में बात करने के साथ-साथ यह भी बताया कि वे भारत में किस जगह जाना चाहती हैं। दरअसल, उनसे पूछा गया कि भारत में वे किस जगह जाना पसंद करेंगी? इस पर अदाकारा ने कहा, 'चंडीगढ़'। इसके बाद जब इसकी वजह पूछी गई तो उन्होंने जवाब दिया, 'क्योंकि उनके दोस्त बादशाह इस जगह से हैं, इसलिए वे चंडीगढ़ घूमना पसंद करेंगी'।

**बादशाह कर चुके हैं अफेयर की अफवाहों को खारिज**

इससे पहले बादशाह भी अपनी और हानिया की दोस्ती के बारे में बात कर चुके हैं। कुछ वक्त पहले बादशाह ने हानिया आमिर के साथ चल रहीं अपनी डेटिंग अफवाहों को सिरे से खारिज किया था। उन्होंने अटकलों का खंडन करते हुए कहा कि हानिया उनकी बहुत अच्छी दोस्त हैं। हानिया के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए बादशाह ने बताया कि पाकिस्तानी अभिनेत्री उनकी दोस्त हैं। दोनों का रिश्ता बहुत अच्छा है। दोनों की मुलाकात होती है, खूब मस्ती होती है, सिर्फ इतना ही।

**कौन हैं हानिया?**

हानिया पाकिस्तान की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। हानिया आमिर ने 'दिलरुबा', 'तितली', 'इश्किया', 'संग-ए-माह' और 'मुझे प्यार हुआ था' जैसे पाकिस्तानी नाटकों में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता है। उनकी गिनती पाकिस्तान की हाईएस्ट पेड अभिनेत्रियों में होती है।

# मोहनलाल अब किसी भी फिल्म का नहीं करेंगे निर्देशन 'बारोज' को बनाने की बताई दिलचस्प वजह



मोहलाल की निर्देशन में बनी फिल्म 'बारोज' की रिलीज में अब सिर्फ कुछ दिन ही बाकी हैं। हाल ही में इस दिग्गज अभिनेता ने खुलासा किया कि 'बारोज' के बाद वह किसी भी फिल्म का निर्देशन नहीं करेंगे। गलाटा प्लस से बात करते हुए मोहनलाल ने कहा कि 'बारोज' उनकी पहली और आखिरी निर्देशन वाली फिल्म होगी। उन्होंने फिल्म के निर्देशन का कारण भी बताया और कहा कि उनका मूल विचार थ्रीडी फिल्म बनाने का था, जिसे बिना थ्रीडी चश्मे के देखा जा सके।

**बिना चश्मे के थ्रीडी का मिलेगा मजा**

मोहनलाल ने कहा कि आमतौर पर लोग थ्रीडी फिल्में देखने के बाद सिर दर्द की शिकायत करते हैं, लेकिन 'बारोज' के प्रीव्यू शो में ऐसा नहीं हुआ। मोहनलाल ने पहले एक ऐसी थ्रीडी फिल्म बनाने का विचार किया था, जिसे बिना चश्मे के देखा जा सके, लेकिन यह काफी महंगा था।

**इस वजह से किया निर्देशन**

मोहनलाल ने कहा कि वह असंभव चीजों को करने का शौक रखते हैं और इसी कारण उन्होंने 'बारोज' का निर्देशन करने का निर्णय लिया। अभिनेता ने कहा कि फिल्म को बनाते समय सबकुछ सही तरीके से होता चला गया।

**हैंस जिमर से किया था संपर्क**

फिल्म की एक दिलचस्प जानकारी यह है कि 'बारोज' की टीम ने हॉलीवुड के दिग्गज संगीतकार हैंस जिमर से संपर्क किया था, ताकि वह फिल्म का संगीत तैयार कर सकें। मोहनलाल ने उन्हें एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पूछा, लेकिन हैंस जिमर ने जवाब दिया कि उनके पास समय नहीं है। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि हैंस जिमर की टीम ने फिल्म के साउंडट्रैक में योगदान दिया है और उनके कुछ संगीतकार भी इस फिल्म का हिस्सा बने हैं।

**इस दिन रिलीज होगी बारोज**

'बारोज' 25 दिसंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, उन्नी मुकुंदन की फिल्म 'मार्को' भी चर्चा में है। फिल्म को जबर्दस्त सकारात्मक समीक्षाएं मिल रही हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# ओरी के हाथ लगी भंसाली की फिल्म विशिष्ट भूमिका में दिखेंगी दीपिका पादुकोण



संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की कास्ट अब हर दिन के साथ और भी ज्यादा रोमांचक होती जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल जैसे बड़े सितारे पहले से ही मुख्य भूमिका में हैं। अब इस कास्ट में एक और दिलचस्प नाम जुड़ गया है।

**भंसाली की फिल्म में ओरी**

सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। अक्सर वह सेलेब्स के साथ फोटो क्लिक कराते हुए नजर आते हैं। अब ताजा रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि वह भंसाली की फिल्म का हिस्सा बनेंगे।

**फिल्म में इन किरदारों में दिखेंगे सितारे**

फिल्म में ओरी एक समलैंगिक पात्र का किरदार निभाएंगे, जो आलिया के सबसे करीबी दोस्त होंगे। आलिया फिल्म में एक कैबरे डांसर के रूप में नजर आएंगी। इस किरदार के लिए आलिया ने काफी तैयारियां की हैं। वह फिल्म में अपने नए अवतार से दर्शकों पर फिर से जादू चलाने की पूरी कोशिश में हैं। फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारी की भूमिका में होंगे।

**दीपिका का होगा कैमियो**

दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म में एक कैमियो रोल में नजर आएंगी, हालांकि उनके किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। दीपिका और भंसाली का एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं।

उन्होंने 'गोलियों की रासलीला राम-लीला', 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' जैसी चर्चित फिल्मों में एक साथ काम किया है। फिल्म के निर्माता इसे 20 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में जोर-शोर से जुटे हुए हैं।

# फिल्म 'रामायण' से पहले साई पल्लवी पहुंची काशी विश्वनाथ मंदिर



दक्षिण भारतीय एक्ट्रेस साई पल्लवी फिल्म 'रामायण' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में वह रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में साई, माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी और रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले साल जनवरी में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है।

**शूटिंग से पहले मंदिर पहुंची**

फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू होने से पहले एक्ट्रेस साई पल्लवी वाराणसी पहुंची हैं, वह काशी विश्वनाथ मंदिर गईं। सोशल मीडिया पर उनकी जो फोटो वारयल हो रही हैं, उसमें वह काशी में मां अन्नपूर्णा के दर्शन करती हुई दिखीं। तस्वीरों में उनके साथ परिवार के लोग भी शामिल नजर आए। साई पल्लवी पूरी तरह से भक्ति भाव में डूबी हुई नजर आईं।

**मां अन्नपूर्णा का प्रसाद लिया**

साई पल्लवी ने मां अन्नपूर्णा के सामने बैठकर प्रार्थना की। इसके बाद मंदिर के पंडित जी ने उन्हें मां अन्नपूर्णा का प्रसाद दिया। फिल्म 'रामायण' में माता सीता की भूमिका के लिए साई पल्लवी काफी मेहनत कर रही हैं, वह इस भूमिका को बेहतरीन तरीके से निभाने की इच्छा रखती हैं।

**सेना पर दिया विवादित बयान**

इस साल साई पल्लवी साउथ की हिट फिल्म 'आमरण' में नजर आईं थी। यह फिल्म एक आर्मी ऑफिसर के शहीद होने और उसके परिवार की इमोशनल कहानी थी। इसी फिल्म के प्रमोशन से पहले साई पल्लवी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह सेना पर विवादित बयान देती हुई दिखीं। इस कारण उनकी काफी आलोचना हुई। वह वीडियो में कहती हैं कि जिस तरह से भारत के लोग पाकिस्तानी लोगों के बारे में विचार रखते हैं, वैसे ही वहां के लोगों की भी सोच है कि हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है।

लेकिन हमारे लिए ऐसा नहीं है, मुझे यह हिंसा समझ में नहीं आती। इस बयान के बाद उन्हें खूब ट्रोल किया गया। कहा गया कि एक तरफ तो वह 'अमरण' जैसी फिल्म कर रही हैं और दूसरी तरफ इस तरह के बयान दे रही हैं।

# क्या फिर साथ काम करेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर?




इंटरनेट पर कई तरह की अटकलें अक्सर लगाई जाती हैं। वहीं, जब बात बॉलीवुड की होती है, तो ये और भी तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिसने नेटिजंस के बीच कयासों के बाजार को गर्म कर दिया है। इसे देखने के बाद लोग उम्मीद जता रहे हैं कि आमिर खान और रणबीर कपूर किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं।

**इस तस्वीर की वजह से तेज हुई चर्चा**

इस तस्वीर में रणबीर कपूर मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या यह एक सिर्फ सामान्य मुलाकात थी या फिर दोनों के बीच कोई नए प्रोजेक्ट पर बात चल रही है।

**सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे लोग**

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ₹आज रणबीर कपूर आमिर खान के बॉडीगार्ड के साथ। लगता है आमिर खान और रणबीर कपूर के बीच कुछ तो पक रहा है। इस तस्वीर पर नेटिजंस ने जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, मैं जरूर चाहूंगा कि ये दोनों साथ में आएं। आशा है भविष्य में यह हो। एक अन्य ने लिखा, कुछ तो हो रहा है।



**पहले भी साथ आ चुके हैं नजर**

आमिर खान और रणबीर कपूर ने इससे पहले फिल्म 'पीके' में साथ काम किया था। रणबीर कपूर ने राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के आखिरी सीन में विशिष्ट भूमिका निभाई थी, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा था। अगर दोनों एक साथ फिर से किसी फिल्म में नजर आते हैं, तो यह निश्चित ही दोनों सितारों के फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं होगा।

**इन फिल्मों में काम कर रहे आमिर-रणबीर**

वर्क फ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर की आखिरी रिलीज फिल्म 'एनिमल' थी। तमाम विवादों के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। रणबीर की शानदार अभिनय के लिए उन्हें खूब सराहा गया था। वहीं, आमिर खान की आखिरी बार फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आए थे, यह टॉम हैंक्स की फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का आधिकारिक रीमेक थी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही थी। रणबीर जल्द ही 'रामायण' में दिखने वाले हैं। वहीं, आमिर खान 'सितारे जमीन पर' नाम की फिल्म से अभिनय की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं।

# प्रशांत नील ने उठाया 'सलार 2' की कहानी से पर्दा

प्रभास की एक्शन फिल्म 'सलार पार्ट 1: सीजफायर' 22 दिसंबर, 2023 को रिलीज हुई, जिसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाते हुए 750 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन कई दिग्गज कलाकारों की टुकड़ी थी। प्रभास की फिल्म के पहले पार्ट में ही 'सलार पार्ट 2-शौर्यांग पर्वम' की भी पुष्टि हो गई। वहीं अब प्रशंसकों को फिल्म के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है, जिसकी नई जानकारियों का भी दर्शकों को इंतजार रहता है। वहीं, अब फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील ने इसके दूसरे भाग के बारे में दिलचस्प खुलासा किया है।

**फिल्म की सफलता पर क्या बोले प्रशांत**

व्यावसायिक सफलता के बावजूद 'सलार: भाग 1 - सीजफायर' के प्रदर्शन ने निर्देशक प्रशांत नील को निराश कर दिया। फिल्म की पहली सालगिरह मनाने के लिए हाल ही में एक साक्षात्कार में प्रशांत नील ने खुलासा किया कि वह फिल्म के परिणाम से पूरी तरह से खुश नहीं थे। भले ही इसने 700 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और 2023 की प्रशंसकों की पसंदीदा एक्शन फिल्म बन गई, लेकिन प्रशांत नील का मानना था कि फिल्म में कई ऐसी चीजें थीं, जिनमें वह सुधार कर सकते थे। अब वह दूसरे भाग को और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**'सलार' की कहानी से थोड़ा निराश हैं प्रशांत**

फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रशांत नील ने कहा, 'मैं इससे पूरी तरह खुश नहीं हूं। मैं पहले भाग में की गई मेहनत से थोड़ा निराश हूं। मुझे नहीं पता कि सचेत रूप से मैं केजीएफ 2 से बाहर आने पर संतुष्ट था या नहीं, लेकिन जब से ऐसा हुआ, मैंने सलार 2 को अपनी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बनाने का फैसला किया। सलार 2 के लिए मैंने जो लेखन किया है, वह संभव मेरे सर्वश्रेष्ठ कार्यों में से एक है।'

**ऐसी होगी 'सलार 2' की कहानी**


प्रशांत नील ने आगे कहा, 'मैं जितना सोच सकता हूं, उससे कहीं अधिक करने जा रहा हूं और दर्शक अभी जितना सोच रहे हैं, उससे कहीं अधिक करने जा रहा हूं। मैं अपने जीवन में बहुत कम चीजों को लेकर आश्वस्त रहा हूं और सलार 2 निस्संदेह मेरे सर्वश्रेष्ठ कार्यों में से एक है।' इसके साथ ही प्रशांत नील ने 'सलार 2' की कहानी के बारे में भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मैं सलार 2 इसलिए बना रहा हूं, ताकि दिखा सकूं कि वर्धा और देवा दुश्मन क्यों बन गए।

**'सलार 2' की शूटिंग और कलाकार**

दरअसल, 'सलार पार्ट 2-शौर्यांग पर्वम' का निर्माण प्रभास के जन्मदिन पर शुरू हुआ। सीक्वल की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहला भाग समाप्त हुआ था, जिसमें दोस्तों देवा और वर्धा की यात्रा को दिखाया जाएगा। 'सलार' में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, श्रिया रेड्डी,

मीनाक्षी चौधरी, जगपति बाबू और अन्य शामिल थे। 'सलार 2' में पहले भाग के मुख्य कलाकार वापस आएंगे, साथ ही कुछ नए किरदार भी होंगे। होम्बेल फिल्म्स इस सीक्वल को बड़े पैमाने पर बना रही है। रवि बसरूर इसका संगीत तैयार करेंगे।

# गेम चेंजर के लिए राम चरण को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार, पुष्पा 2 के निर्देशक सुकुमार ने की तारीफ

साउथ सुपरस्टार राम चरण इन दिनों अपनी 'गेम चेंजर' के प्रचार में व्यस्त हैं। यह फिल्म अगले साल 10 जनवरी में रिलीज होने के लिए तैयार है। अमेरिका में फिल्म के प्रचार के लिए 'पुष्पा 2 द रूल' के निर्देशक सुकुमार भी गए हुए हैं। इस दौरान सुकुमार ने शंकर द्वारा निर्देशित राम चरण और कियारा आडवाणी अभिनीत 'गेम चेंजर' की पहली समीक्षा की है। शनिवार को अमेरिका के डलास में फिल्म के प्रचार कार्यक्रम में निर्देशक ने दावा किया कि राम ने इतना अच्छा अभिनय किया है कि उन्हें उम्मीद है कि अभिनेता को इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा।

**सुकुमार ने की फिल्म की तारीफ**

सुकुमार ने कार्यक्रम में बताया कि उन्होंने राम चरण के पिता और अभिनेता चिरंजीवी के साथ यह फिल्म देखी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें यह फिल्म कैसी लगी। सुकुमार ने प्रशंसकों से बात करते हुए कहा, 'मैं आपको एक रहस्य बताता हूं। मैंने यह फिल्म चिरंजीवी सर के साथ देखी, गेम चेंजर, इसलिए मैं पहली समीक्षा देना चाहता हूं। पहला भाग, कमाल का। इंटरवल, ब्लॉकबस्टर। मेरा विश्वास करो। दूसरा भाग, फ्लैशबैक एपिसोड ने मेरे रोंगटे खड़े कर दिए, अद्भुत। मैंने इसे शंकर की 'जेंटलमैन' और 'इंडियन' जितना ही एन्जॉय किया।'

**'रंगस्थलम' को पुरस्कार मिलने की थी उम्मीद**

निर्देशक ने यह भी दावा किया कि उन्हें उम्मीद थी कि राम को 'रंगस्थलम' में उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा और हालांकि ऐसा नहीं हुआ, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म उनके सपने को पूरा करेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा यकीन था कि राम चरण को रंगस्थलम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा, दूसरों को भी ऐसा ही लगा था, लेकिन जिस तरह से उन्होंने फिल्म के क्लाइमेक्स में भावनाओं को दर्शाया, उससे मुझे फिर से वही एहसास हुआ। उन्होंने इतना अच्छा अभिनय किया है कि उन्हें निश्चित रूप से इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा।'

**राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म**

निर्देशक सुकुमार की अगली फिल्म में राम चरण मुख्य भूमिका में होंगे, जो 'रंगस्थलम' के बाद उनकी दूसरी फिल्म है। कार्यक्रम में सुकुमार ने कहा, 'मैं अपने साथ काम करने वाले हर हीरो से प्यार करता हूं, क्योंकि हमने कम से कम तीन साल तक साथ काम किया है, लेकिन जब फिल्म रिलीज होती है तो मैं उनमें से ज्यादातर के संपर्क में नहीं रहता। राम चरण और मैं रंगस्थलम के बाद भी संपर्क में रहे। वह मेरा भाई है। मैं उसे किसी भी चीज से ज्यादा प्यार करता हूं। हम अक्सर मिलते हैं और कई चीजों पर चर्चा करते हैं।'



# यदि आप भी दिखना चाहती हैं बिना मेकअप के सुंदर तो अपनाएं ये टिप्स



आज के वक़्त में हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है। खूबसूरत दिखने के लोग पार्लर जाकर हजारों रुपये भी खर्च कर देते है। इतना ही नहीं लड़कियां हजारों के मेकअप प्रोडक्ट खरीदती हैं। पर, कई बार केमिकल वाले मेकअप प्रोडक्ट सीधा आपकी स्किन को भारी हानि भी पहुंचा सकता है।

केमिकल वाले प्रोडक्ट को लगाने से चेहरे पर पिंपल्स हो जाते है। अगर आप इन्हें छोड़ कर घरेलू नुस्खे अपनाकर खूबसूरत दिखना भी चाह रही है, तो इसमें आज हम आपकी सहायता करने वाले है।

दरअसल, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनको फॉलो करके आप सेलिब्रिटीज जैसा निखार पा सकती हैं वो भी अधिक रुपये खर्च किए बिना। बता दें कि आपको ऐसा निखार पाने के लिए किसी तरह के मेकअप की आवश्यकता नहीं पड़ने वाली है।

सिर्फ सही खानपान, फिटनेस, त्वचा की देखभाल आदि की सहायता से आप निखरती त्वचा पा सकती हैं। तो आइए देर ना करते हुए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

डाइट में शामिल करें हेल्दी चीजें: बिगड़ी हुई लाइफ स्टाइल का सीधा असर आपकी स्किन पर भी पड़ रहा है। इसलिए अपनी डाइट में पौष्टिक तत्वों से भरपूर आहार को भी जोड़ सकते है।

इसके लिए आप अपनी डाइट में प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरे फूड को शामिल कर कर पाएंगे।

बढ़ाएं पानी की मात्राः गर्मियों के उपरांत में शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी होता है। इसलिए इस मौसम में अधिक से अधिक पानी पिएं। इससे स्किन से जुड़ी कई परेशानियां दूर हो जाएगी। सामान्य तौर पर एक व्यक्ति को दिन में सात से 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

लें पूरी नींदः यदि आप कम नींद लेंगी तो इसका प्रभाव आपके चेहरे पर दिखेगा। प्रयास करें कि कम से कम सात घंटे की नींद लें। जिससे आपकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# पेट के कीड़ों से हैं परेशान तो अपना लें ये टिप्स

**गर्मी के मौसम में** ज्यादातर लोगों को पेट से संबंधित बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। इसके अतिरिक्त त्वचा से संबंधित बीमारियां भी बढ़ जाती हैं। अब गर्मी ने दस्तक दे दी है तो स्वाभाविक है कि इनके मरीज भी अब आहिस्ता-आहिस्ता बढ़ेंगे। आज हम आपको ऐसी चीज बताने जा रहे हैं जिसका इस्तेमाल करके आप इन बीमारियों को दूर कर सकते हैं। सबसे पहले तो आपको ये जानना आवश्यक होगा कि ये बीमारियां आपको तभी लगती है जब आपका खान-पान गड़बड़ होता है। खून में गंदगी होने की वजह से त्वचा से संबंधित बीमारियां होती हैं। इन बीमारियों से यदि बचना है तो बाजार की दवाइयों से अच्छा है कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों की सलाह लें।

जिनको पित्त से संबंधित परेशानी होती है उनके अंदर ये बीमारियां अधिक देखने को मिलती है। अगर आप नीम के ताजे फूल और ताजी पत्तियों का उपयोग करें तो आपको जल्द से जल्द इन बीमारी से निजात प्राप्त हो जाएगा। घर बैठे बिना पैसे का आप उपचार कर सकते हैं। गर्मियों में ज्यादातर खुजली से संबंधित समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में नीम के फूल आपको बहुत लाभदायी साबित होंगे, क्योंकि नीम में एंटीसेप्टिक, एंटीमाइक्रोबियल, हीलिंग,







कूलिंग के गुण होते हैं। गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोगों को पेट में कीड़े एवं तेजाब बनने की परेशानी ज्यादा आती है। नीम के फूल और पत्ते कड़वे स्वाद के होने की वजह से ये पेट के कीड़ो को मार देते हैं। नीम के फूल और पत्तों में खून साफ करने एवं लीवर के कामकाज को बढ़ावा देने की क्षमता होती है।

अगर खून साफ रहेगा तो चर्म रोगों से भी निजात मिल जाएगा। अगर नीम के फूलों का रस आप पीते हैं तो मलेरिया जैसी बीमारियां भी नहीं होंगी, क्योंकि इसमें ज्वरनाशक गुण पाए जाते हैं।

ऐसे करें इस्तेमालः-

इन दिनों पेड़ों में नए पत्ते एवं फूल आ रहे हैं। चिकित्सको के अनुसार, पेड़ पर हरे पत्ते और सफेद रंग के फूल उग रहे हैं। आप फूल या पत्तियों का ताजा रस निकालकर इसे प्रात खाली पेट 5 से 10 एमएल मात्रा में लें एवं इसके आधे घंटे पश्चात तक कुछ भी ना खाएं।

जिन लोगों को गर्मियों में फोड़ा, फुंसी, दाने की परेशानी होती है तो वह लोग फूल पत्तों को पीसकर पेस्ट बना लें तथा फिर उस पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं। 2 दिन में आपको इसका लाभ नजर आएगा। नीम के पत्तों को पानी में उबालकर उससे स्नान करें।

# जिम में कसरत करते समय अचानक मौतें क्यों हो रही

## प्रोटीन सप्लीमेंट्स में पेस्टिसाइड-आर्सेनिक जैसे जहर, हार्ट फेल की बड़ी वजह

पिछले कुछ समय में ऐसी घटनाएं हमने देखी हैं, जहां फिट नजर आने वाले कम उम्र के लोगों की जिम में कसरत करते समय मौत हो गई। ऐसा क्यों हो रहा है? वजह- बिना सलाह एक्सरसाइज के पैटर्न और सप्लीमेंट्स का मनमाना सेवन है।

कई सप्लीमेंट्स के क्लिनिकल ट्रायल भी नहीं होते, ना अधिकांश जिम संचालक इनकी जानकारी रखते हैं। सप्लीमेंट्स, अनरेगुलेटिड डाइट पिल, वेट लॉस ड्रग, एनाबोलिक स्टेरॉइड की गलत किस्म, इनकी मात्रा और लेने का तरीका खतरनाक है।



**पहले पढ़ें 3 घटनाएं- कसरत करते वक्त हुआ हार्ट फेल**

मई में कोटा में पूर्व मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डर प्रेमराज अरोड़ा (42) वर्कआउट के बाद वॉशरूम गए, जहां उनका हार्ट फेल हो गया।

फरवरी में हैदराबाद में कॉन्स्टेबल विशाल (24) कसरत कर रहे थे। अचानक हार्ट अटैक आया, मौत हो गई।

जनवरी में लखनऊ में जिम में वर्कआउट करते समय ही डॉक्टर संजीव पाल (41) अचानक गिर गए और फिर नहीं उठे।

**ज्यादा कसरत करने से हार्ट रेट बढ़ता है**

एक्स्पर्ट्स के मुताबिक, कुछ मैन्युफेक्चरर लेबल पर दिखाए बिना सप्लीमेंट्स में स्टेरॉइड्स मिलाते हैं। ये नर्वस सिस्टम को अत्यधिक उत्तेजित करते हैं, जिससे बेचैनी-चक्कर के साथ दिल का दौरा पड़ सकता है।

सप्लीमेंट्स लेकर ज्यादा कसरत करने से बीपी, एड्रिनिलिन हार्मोन, हार्ट रेट बढ़ते हैं। कोरोनरी आर्टरी या केरोटिड आर्टरी का प्लाक फट जाता है।

कई सप्लीमेंट्स में जहरीले कैमिकल मर्करी, पेस्टीसाइड, आर्सेनिक, एफिड्रा हर्ब, लेड, हैवी मैटल होते हैं, जो दिल को कमजोर करते हैं। व्यक्ति को अपने वजन के हर किग्रा. पर 2 ग्राम तक प्रोटीन लेना चाहिए। सप्लीमेंट्स ज्यादा लेने से किडनी-लिवर को नुकसान होता है।

# संतरे के छिलके के हैं कई फायदे



**भारत में संतरे** की पैदावार बहुत अधिक होती है, यहां इस फल को शौक से खाया जाता है। इसका खट्टा-मीठा स्वाद हर किसी को अपनी तरफ खिंच लेता है।

इसमें मौजूद विटामिन सी, कैल्शियम एवं फोलेट सेहत के लिए फलदायी है। इसके अंदरूनी फल को तो हम खा लेते हैं, लेकिन इसका छिलका हम कूड़ेदान में फेक देते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा करने से आप छिलके के फायदे से महरूम रह जाएंगे।

**स्किन के लिए अच्छा**

संतरे का छिलका हमारी त्वचा के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता। यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो ये किसी औषधि से कम नहीं है। इसके पाउडर को शहद में मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें तथा चेहरे पर लगाएं। आपके चेहरे पर ग्लो आ जाएगा तथा दाग घब्बे भी दूर हो जाएंगे।

**नींद में मददगार**

यदि आपको सुकून की नींद नहीं आती तो इसके लिए संतरे के छिलके को पानी में डालकर गर्ग कर लें तथा फिर इसे पी जाएं। ऐसा रेगुलर करने से रातों को अच्छी नींद आएगी।

**डैंड्रफ से आजादी**

जब बालों में डैंड्रफ दिखाई देने लगे तो बहुत शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में संतरे के छिलके को सुखाकर यदि आप पाउडर तैयार कर लें तथा फिस इसमें नारियल के तेल को मिक्स करें। इस मिक्सचर को बालों में लगाने से रूसी दूर हो जाएगी।



# प्रेगनेंसी के पहले 3 महीनों में भूलकर भी न खाएं ये चीजें, बच्चे को पहुंच सकता है नुकसान



**प्रेगनेंसी के शुरुआती** तीन महीनों में मां को अपनी डाइट का विशेष ख्याल रखना चाहिए. इस दौरान शिशु के विकास के साथ मां के शरीर में कई करह के परिवर्तन होते हैं, जिसे ध्यान में रखकर चीजों का सेवन करना चाहिए.

मां बनने का एहसास हर महिला के जीवन में बेहद महत्वपूर्ण होता है. इस दौरान अंदर पल रही नन्हीं जान को महसूस करने का एहसास बेहद अद्भुत और रोचक होता है. प्रेगनेंसी के शुरुआती दिनों में मां को अपना और अपने बच्चे का विशेष ख्याल रखना पड़ता है, जिसके लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. प्रेगनेंसी के शुरुआती दिनों में शिशु के विकास के साथ मां के शरीर में भी कई परिवर्तन हो रहे होते हैं. ऐसे में हमें डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए. खानपान का सीधा असर पेट में पल रहे बच्चे पर पड़ता है. ऐसे में पहले तीन महीनों में गर्भवती महिलाओं को कुछ खाद्य पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी जाती है.

**प्रेगनेंसी के पहले तीन महीनों में इन चीजों को खाने से बचें-**

– कुछ लोगों को कॉफी और चाय अत्यधिक पसंद होती है. ऐसे में प्रेगनेंसी के दौरान हमें इनसे दूरी बना लेनी चाहिए. इनमें अधिक कैफिन होता है. जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है जो आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है. इसके साथ ही इससे आपकी स्लीपिंग साइकिल भी बिगड़ जाती है.

-याद रहे कि प्रेगनेंसी के दौरान पपीते को खाने से बचना चाहिए. पपीते में लेटेक्स और पपैन पाया जाता है. इनके चलते गर्भाशय में घुटन होती है.

– कई लोग प्रेगनेंसी के दौरान फलों का अधिक सेवन करते हैं, ऐसे में ध्यान रहे कि प्रेगनेंसी के पहले तीन महीनों में काले अंगूर खाने से बचें. इनमें असिड की मात्रा अधिक होती है जो बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है.

-प्रेगनेंसी के दौरान अधिक शुगर लेने से बचना चाहिए, इससे आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है जो मां और बच्चे दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है.

– कुछ लोग सीफूड खाने के शौकीन होते हैं. ऐसे में यदि आप प्रेगनेंसी के दौरान इसे खाने से बचें. सीफूड में उच्च मात्रा में मर्करी होता है, जिससे शिशु का विकास धीमा हो सकता है. इसके साथ ही उसके मस्तिष्क को नुकसान पहुंच सकता है.

-प्रेगनेंसी के शुरआती दिनों में अनानास खाने से भी बचना चाहिए. अनानास ब्रोमलिन एंजाइम होता है जो गर्भाशय ग्रीवा को नरम कर प्रसव पीड़ा को शुरू कर सकता है. ऐसे में इसे खाने से बचें.

# हृदय की बीमारी से हर 33 सेकेंड में एक व्यक्ति की हो रही मौत, शराब पीते हैं या है मोटापा तो हो जाइए सावधान

दुनियाभर में कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा पिछले एक दशक में काफी तेजी से बढ़ा है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के साथ कई प्रकार के पर्यावरणीय कारकों को इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। हाल के कई अध्ययनों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हृदय रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सभी को सावधान किया है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि युवा आबादी भी इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या का तेजी से शिकार होती जा रही है। डेथमीटर की रिपोर्ट के मुताबिक हृदय रोग और इसके कारण होने वाली जटिलताएं वैश्विक स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण रहे हैं।

**हृदय संबंधी रोगों का बढ़ता जोखिम**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक हृदय संबंधी रोगों के कारण वैश्विक स्वास्थ्य पर दबाव बढ़ता जा रहा है। हृदय रोगों के कारण होने वाली मौतों में से 60-70 फीसदी के लिए हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट जिम्मेदार है।

**बढ़ते हृदय रोगों के लिए क्या चीजें जिम्मेदार हैं?**

हृदय रोग क्यों होते हैं इसको समझने के लिए किए गए अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने जिन कारकों को प्रमुख माना है उनमें तंबाकू का उपयोग, आहार से संबंधित गड़बड़ी और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, शराब-धूम्रपान की आदत और वायु प्रदूषण मुख्य हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, हृदय संबंधी बीमारी का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवाओं के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सके। समय पर उपचार और आदतों में सुधार करके हृदय रोगों की गंभीरता और इससे मौत के खतरे को कम किया जा सकता है।

**आप भी तो नहीं पीते हैं शराब?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बड़ी संख्या में युवाओं में शराब पीने की आदत देखी गई है, ये हृदय स्वास्थ्य के लिए बहुत समस्याकारक है। अल्कोहल कई ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर सकता है जो न सिर्फ हृदय पर अतिरिक्त दबाव को बढ़ाती हैं साथ ही हार्ट अटैक जैसी जानलेवा समस्याओं का भी कारण बन सकती हैं। डॉक्टर कहते हैं, अल्कोहल के सेवन की कोई सुरक्षित मात्रा नहीं है, इससे इससे बिल्कुल दूरी बना लेना जरूरी है।

**वजन बढ़ना भी खतरनाक**

वजन बढ़ना या मोटापे की स्थिति भी आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। खास तौर पर कमर के आस-पास यानी पेट की चर्बी बढ़ना। इस तरह की समस्या के शिकार लोगों की धमनियों में वसायुक्त पदार्थ जमा होने लग जाते हैं, जिसे एथेरोस्क्लेरोसिस कहा जाता है।

अगर दिल को रक्त पहुंचाने वाली धमनियां क्षतिग्रस्त या अवरुद्ध हो जाती हैं और उनमें रुकावट आ जाती है, तो इससे दिल का दौरा पड़ सकता है, इसलिए वजन कम करना भी हृदय को स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है।

# मसूढों की सूजन का आयुर्वेद में उपचार

**प्रश्न : हर बार मौसम बदलते ही छींके आने लगती है, आंखों में खुजली, नाक बहने से लेकर बुखार परेशान करने लगता है। क्या ऐसी स्थितियों का आयुर्वेद में उपचार है? कृपया कर बताएं।**

**– वेंकट रेड्डी ,कामारेड्डी**

उत्तर : ऋतु परिवर्तन के समय होने वाली छींके, धूल, परागकणों या पत्तों की धूल हो- कई व्यक्तियों में ये अनूर्जता उत्पन्न करते हैं। इसे ही एलर्जी कहते हैं। इसमें कष्टप्रद नाक बहने से लेकर खांसी, छींके, आंखों में खुजली जैसे अनूर्जताजन्य हमले शामिल है। ऐसे में अंग्रेजी एंटीएलर्जीक्स और हिस्टामाईन्स शरीर में उनींदापन, सिर चकराना, बेहद कमजोरी जैसी कष्ट कारक स्थितियां पैदा करती है। पर आयुर्वेद में इसका सफल उपचार है । और खास बात यह है कि इसके पार्श्वप्रभाव बिल्कुल नहीं है । एकौषधि प्रयोग में हरिद्रा (हल्दी) सर्वोपरि है। इसके अलावा सप्तपर्ण, नीम, उशीर, बाकुची, विभितकी, विडंग, गुडूची और अर्जुन में अनूर्जतानाशक गुण मिलते हैं। ऐसी स्थितियों में शास्त्रीय योग हरिद्राखंड उपयोगी है। औरा का एलेक्झी टेबलेट हर प्रकार की एलर्जी में बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है। बड़ों को दो-दो गोली दिन में तीन बार और बच्चों में एलेक्झी सायरप 5 से 7.5 मिलीलीटर की मात्रा में दिन में तीन बार प्रयोग करने से एलर्जी तो दूर होती ही है साथ ही रोगी की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। इसका दीर्घकाल तक प्रयोग रोग का समूल नाश करने में सक्षम है।

**प्रश्न : ब्रश करने क्या दबाने से मसूढों में खून आता है। मसूढें सूजे रहते हैं । क्या इनका आयुर्वेद में उपचार हैं? कृपा कर बताएं।**

**– श्रीमती वंदना राव, करीमनगर**



उत्तर : आपको 'पायरिया' नामक रोग हो गया है। इसमें मसूढों में सूजन के साथ खून और भी पीप लगता है। मसूढें कमजोर होने से कई बार चलदंत की शिकायत भी होती देखी गई है। इससे ओरल हाइजीन बुरी तरह प्रभावित होता है । मुंह से दुर्गंध भी आने लगती है।

आयुर्वेद में इसका उपचार है। ऊंझा का दशनसंस्कार मंजन से दांत मांजा करें। इसके प्रभाव को बढ़ाने के लिए इसमें ऊंझा इरिमेदादी तैल मिलाकर मसूढों की मालिश करें। इसी से सुबह-रात दंत धावन करें। जल्दी ही राहत मिलेगी। भोजन के बाद गरारे करने की आदत डालें । इससे मुख गुहा में संक्रमण नहीं होगा। औषधि में ऊंझा महामंजिष्ठादिघन टिकिया, गंधक रसायन टिकिया और ऊंझा कांचनार गुग्गुलु को भोजन के बाद दिन में तीन बार लेवें। यह चिकित्सा क्रम एक माह तक लेवें। अवश्य लाभ होगा।

**प्रश्न : मेरी उम्र 30 वर्ष है। मुझे धुंधला दिखता है। क्या इस उम्र में भी मोतियाबिंद हो सकता है?**

**– सांब शिवा, विकाराबाद**

उत्तर : मोतियाबिंद होने के कई कारण हो सकते हैं । जैसे - गर्भावस्था में जीवाणु संक्रमण, किसी भी उम्र में आंख में चोट, मधुमेह , स्टिराइड्स संबंधी दवाओं का लंबे समय तक सेवन, अधिक धूम्रपान, अधिक मद्यपान आदि । सामान्यतः यह रोग 60 वर्ष के बाद होने की संभावना होती है।

आंख से धुंधला दिखाई देना या दृष्टि कम होना ठीक नहीं है। जीवनीय तत्वों की कमी भी एक कारण हो सकती है। इसके लिए आप गाजर, पपीता, चुकंदर, सभी पीले फलों का सेवन करें। ऊंझा सप्तामृत लोह टिकिया त्रिफला चूर्ण या टेबलेट सुबह-शाम गुनगुने दूध में त्रिफला घृत (मात्रा - एक चम्मच) मिलाकर सुबह-शाम लेवें। आंखों को त्रिफला के पानी से धोएं, साफ करें । आंखों के सूक्ष्म योगिक व्यायाम करें । ताज़ा, स्वच्छ व संतुलित भोजन करें । धीरे - धीरे आंखों का धुंधलापन दूर हो जाएगा।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी

स्वतंत्र वार्ता

396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# होलसेल मंडी में कीमतें घटने के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही सस्ती दाल! अब सरकार लेगी बड़ा फैसला

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले कुछ महीनों में सरकार ने कई बार थोक मार्केट में कीमतें घटने के बावजूद रिटेल मार्केट में दाल की कीमतें नहीं घटने को लेकर रिटेल इंडस्ट्री को चेतावनी दी थी और कीमतें घटाने को कहा था। होलसेल मार्केट में तो अरहर दाल हो, या चला दाल, मसूर या उड़द या मूंग इन सभी दालों की कीमतें 5 से 20 फीसदी तक कम हुई है लेकिन सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद रिटेल मार्केट में कीमतें अभी भी ज्यादा बनी हुई है। अब इसे लेकर सरकार फिर से हरकत में आ गई है।

**सरकार ने रिटेलर्स पर दाम घटाने के लिए बनाया दबाव**

उपभोक्ता मामलों और खाद्य आपूर्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने हाल ही में दालों की कीमतों को लेकर रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ



इंडिया और बड़े रिटेल चेन कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। हिदायतों के बावजूद रिटेल मार्केट में दाल की कीमतें नहीं घटने को लेकर सरकार ने अपनी नाखुशी जताई है। अब सरकार ने रिलेटर्स पर 15 से 20 फीसदी तक दाल की कीमतों में कमी लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। सरकार को लगता है कि होलसेल मंडी की कीमतें और दालों की रिटेल कीमतों से संकेत मिल रहे कि रिटेलर्स ज्यादा मार्जिन बना रहे हैं। दालों की कीमतों में कमी नहीं आई तो सरकार खुले बाजार में भारत दाल के सेल्स को बढ़ाने पर भी विचार कर सकती है।

**रिटेल मार्केट में सस्ती नहीं हुई दाल**

होलसेल मंडियों में अरहर और उड़द की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में में औसतन 10 से 20 फीसदी तक की कमी आई है लेकिन रिटेल कीमतें जस का तस बनी हुई है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स की प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन के मुताबिक 22 दिसंबर 2023 को अरहर दाल 153.79 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था जो 22 दिसंबर 2024 को 157.06 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। चना दाल एक साल पहले 83.44 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था जो अब 93.09 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। उड़द दाल बीते साल 22 दिसंबर 2023 को 123.03 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था जो अब 123.38 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। मूंग दाल एक साल पहले 116.47 रुपये प्रति किलो में मिल रहा और अब 113.02 रुपये में मिल रहा है। मसूर दाल की कीमत एक साल पहले 93.97 रुपये प्रति किलो थी जो अब 88.55 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। यहां तक कि भारत दाल के रूप में सरकार जो चना दाल बेचती है वो भी एक साल पहले 79.93 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था और अब 88.12 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। इससे साफ जाहिर है कि होलसेल प्राइस घटने के बावजूद उपभोक्ताओं को कीमतें घटने का लाभ नहीं मिल रहा है।

# पांच दिनों की गिरावट के बाद बाजार में हरियाली; सेंसेक्स 499 अंक चढ़ा, निफ्टी 23750 के पार

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार में पांच दिनों की गिरावट के बाद सोमवार को हरियाली लौटी। सोमवार को सेंसेक्स 498.58 (0.63%) अंकों की बढ़त के साथ 78,540.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 876.53 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़कर 78,918.12 अंक पर पहुंचा। एनएसई निफ्टी 165.95 अंक या 0.70 प्रतिशत बढ़कर 23,753.45 पर पहुंच गया।

निचले स्तर पर खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच पांच दिनों की भारी गिरावट के बाद इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को तेजी के साथ बंद हुए।

इसके अलावा, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे ब्लू-चिप शेयरों में भारी खरीदारी से भी बाजार में सुधार को बढ़ावा मिला।30 ब्लू-चिप शेयरों में आईटीसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। हालांकि, जोमैटो, मारुति, नेस्ले, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स के शेयरों में गिरावट दिखी। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में ज्यादातर गिरावट देखी गई। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में भी बढ़त दर्ज की गई।

पिछले सप्ताह पांच सत्रों में बीएसई बेंचमार्क 4,091.53 अंक या 4.98 प्रतिशत गिरा और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 प्रतिशत गिरा। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,597.82 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.44 प्रतिशत बढ़कर 73.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,176.46 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 78,041.59 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 364.20 अंक या 1.52 प्रतिशत गिरकर 23,587.50 अंक पर बंद हुआ था।

# एलन मस्क के 'ट्रंप कार्ड' से टेस्ला ने बनाया रिकॉर्ड

## 6 हफ्तों में कमा डाले 48 लाख करोड़

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)।अमेरिकी प्रेसीडेंशियल इलेक्शन में एलन मस्क का 'ट्रंप कार्ड' काफी अच्छा चला। जिसने टेस्ला की किस्मत को ही बदल डाला। 4 दिसंबर तक जिस टेस्ला के शेयर साल भर में 2 फीसदी से ज्यादा टूटे थे। वो उसके बाद से अब तक 73 फीसदी तक का जंप ले चुका है। इसका मतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत का फायदा एलन मस्क की टेस्ला को काफी ज्यादा फायदा हुआ है। जिसकी वजह से एलन मस्क की दौलत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि ट्रंप की जीत की बाद से अब तक टेस्ला के वैल्यूएशन करीब 6 हफ्तों में 559 अरब डॉलर यानी करीब 48 लाख करोड़ रुपए का फायदा हुआ है, जोकि भारत के मौजूदा वित्त वर्ष के कुल बजट के आसपास है। इसका मतलब है कि एलन मस्क की टेस्ला की वैल्यूएशन में भारत के कुल सालाना बजट के बराबर के इजाफा देखने को मिला है। खास बात तो ये है कि टेस्ला की वैल्यूएशन में इजाफा आयरलैंड की कुल जीडीपी के बराबर और यूएई की कुल जीडीपी से ज्यादा देखने को मिला है। ताज्जुब की बात तो ये है कि टेस्ला के वैल्यूएशन में इजाफा ऐसे समय पर हुआ जब टेस्ला के सेल्स के आंकड़े कंपनी के फेवर में नहीं दिखाई दे रहे




थे। वहीं मौजूदा समय के जो आंकड़े हैं वो भी कंपनी के अनुमान के अनुरूप नहीं है। साल 2025 और 2026 के लिए भी जो अनुमान कंपनी के सेल्स के लिए लगाए गए हैं, वो भी काफी अनिश्चित है। उसके बाद भी टेस्ला के शेयरों में सिर्फ इसलिए है कि क्योंकि बाजार को यकीन है कि ट्रंप को चुनाव में फेवर करने वाले एलन मस्क के फेवर में आने वाले दिनों में काफी पॉलिसीज बनाई जाएंगी।

वैसे फेड के फैसले ने साल 2025 के लिए मस्क के लिए थोड़ी मुश्किलें खड़ी की है, जोकि डोनाल्ड ट्रंप के पॉलिसीज के अनुरूप है। ऐसे में साल 2025 एलन मस्क और टेस्ला के लिए काफी अहम होने जा रहा है। सवाल यही है कि क्या अगले साल एलन मस्क के लिए वैसा ही साबित होगा जो साल 2024 के आखिरी दो महीने रहे। आइए इस बात को आंकड़ों की जुबान में समझने की कोशिश करते हैं।

# भारत से पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो के देश कनाडा का बुरा हाल

## अमेरिका बनाएगा अपना हिस्सा?



नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में फिर से राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने मजाक-मजाक में कनाडा को अपने देश का 51वां प्रांत बनाने की बात कही थी। लेकिन सच्चाई यह है कि आज कनाडा की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। लोग भारी टैक्स से परेशान हैं। एक अनुमान के मुताबिक कनाडा के कई लोग ट्रंप के इस मजाक को हकीकत में बदलने की बात कर रहे हैं। कनाडा का हाउसहोल्ड डेट उसकी जीडीपी का 103 फीसदी पहुंच चुका है जो दुनिया में सबसे अधिक है। हाउसहोल्ड डेट का मतलब परिवार के सदस्यों पर कुल कर्ज है। इसमें कंज्यूमर डेट और मॉर्टगेज लोन भी शामिल होता है। ग्लोबल डेट के परसेंटेज के रूप में देखें तो कनाडा का कर्ज 2.3% है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में देश की इकॉनमी गर्त में चली गई है। हाल में देश की वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने प्रधानमंत्री के साथ मतभेदों के चलते रिजाइन दे दिया। ट्रंप ने कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने अपने सत्य सामाजिक प्लेटफॉर्म पर लिखा कि कनाडा के कई लोग चाहते हैं कि कनाडा अमेरिका का 51वां प्रांत बने। इससे उन्हें टैक्स में भारी बचत होगी और मिलिट्री प्रोटेक्शन भी मिलेगा। एक पोल के मुताबिक कनाडा के 13 फीसदी लोगों का कहना है कि कनाडा को अमेरिका का हिस्सा बनना चाहिए। इतना ही नहीं ट्रंप ने ट्रूडो को पीएम के बजाय गवर्नर बताया था।फ्रीलैंड के रिजाइन देने के बाद ट्रूडो अपनी सरकार को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हाल में सरकार ने दो महीने के सेल्स टैक्स होलिडे की घोषणा की थी। फ्रीलैंड ने इसका विरोध करते हुए इसे महंगा राजनीतिक खेल बताया था। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है और ऐसी स्थिति में देश को इस तरह की फिजूलखर्ची से बचने की जरूरत है। अपने त्यागपत्र में उन्होंने कहा कि देश बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। हमें पैसा बचाने की जरूरत है ताकि हम आने वाले दिनों में टैरिफ वॉर लड़ सकें।फ्रीलैंड ने ऐसे समय त्यागपत्र दिया है जबकि वह बजट पेश करने की तैयारी में थीं। उनके जाने से पार्टी के भीतर ट्रूडो के इस्तीफे की मांग तेज हो गई है। विपक्षी कनजर्वेटिव पार्टी ऑफ कनाडा के लीडर पियरे पोलीव्रे ने कहा कि सबकुछ नियंत्रण के बाहर हो गया है। देश ऐसे नहीं चल सकता है। जानकारों का कहना है कि अगर ट्रंप 25 फीसदी टैरिफ लागू करते हैं तो इससे कनाडा की इकॉनमी बुरी तरह प्रभावित होगी।

# सोना 787 रुपए महंगा, 76,164 प्रति 10 ग्राम पहुंचा

## चांदी की कीमत में 2,267 की बढ़ोतरी, 87,400 प्रति किलोग्राम पहुंची

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में बीते दिनों लगातार गिरावट के बाद आज (23 दिसंबर) तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 787 रुपए बढ़कर 76,164 रुपए पर आ गया है। शुक्रवार को इसके दाम 77,787 रुपए प्रति दस ग्राम थे।वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,267 रुपए बढ़कर 87,400 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 85,133 रुपए प्रति किलो थी। इस साल सोना 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**इस साल सोने में अब तक 12,812 रुपए से ज्यादा की तेजी**

आईबीजेए के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 12,812 रुपए बढ़ चुके हैं। वहीं, चांदी की कीमत 2,267 रुपए बढ़ चुकी है। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 76,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 85,133 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 87,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

**2030 तक 1.68 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो सकता है सोना**

विघ्नहर्ता गोल्ड के चेयरमैन महेंद्र लुनिया के अनुसार 2030 तक सोने के दाम 1.68



लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकते हैं। सोने की कीमतों में उछाल के कारणों में भू-राजनीतिक तनाव से लेकर वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे फैक्टर्स है।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,600 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,450 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,000 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,450 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,450 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,500 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 77450 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 71000/10 ग्राम।

# अंबानी के नक्शे कदम पर अडानी, साल के अंत में की 400 करोड़ की शॉपिंग

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। गौतम अडानी लगातार अपने बिजनेस में विस्तार कर रहे है। वे अक्सर किसी किसी कारण से सुर्खियों में बने रहते है। अब अदानी ग्रुप से जुड़ा एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। ग्रुप ने 400 करोड़ में एयर वर्क्स ग्रुप का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल इंडस्ट्री में कदम रखा है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा किया गया है। सोमवार को इसे ऑफिसियली स्वीकार कर लिया गया है। ग्रुप ने कहा कि एडीएसटीएल ने एयर वर्क्स में 85.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बार नजर एयर वर्क्स पर भी डाल लेते है। साल 1951 में स्थापित हुई यह कंपनी आज भारत की सबसे बड़ी एमआरओ कंपनी है। इसका संचालन 27 शहरों में फैला हुआ है। यह इंडिगो, गोएयर और विस्तारा जैसी बड़े डोमेस्टिक एयरलाइनों के साथ-साथ लुफ्थांसा, टर्किश एयरलाइंस और एतिहाद जैसी इंटरनेशनल एयरलाइनों को भी सेवाएं देती है। एयर वर्क्स सिर्फ प्राइवेट प्लेयर को ही नहीं बल्कि भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के विमानों की भी देखभाल करती है। अदानी पहले ही भारत में प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन करता है। अब ऐसे में इस अधिग्रहण को एविएशन फील्ड में अपनी उपस्थिति मजबूत करने का एक अच्छा मौका है।एयर वर्क्स को अन्य भारतीय एमआरओ कंपनियों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसकी विशेषज्ञता और मजबूत ग्राहक आधार इसे उद्योग का प्रमुख खिलाड़ी बनाता है। हाल ही में भारत के एमआरओ क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार ने घरेलू एमआरओ सेवाओं पर जीएसटी को 18% से घटाकर 5% कर दिया है। इससे एयरलाइनों को विदेश में सेवाएं लेने की जरूरत कम हुई है।

# क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल अब पड़ेगा भारी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का होगा असर




नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल आमतौर पर बिल वगैरह का भुगतान करने के लिए किया जाता है। किसी चीज की खरीददारी करते वक्त भी अगर पैसे की कमी हो तो इंसान पेमेंट क्रेडिट कार्ड से कर देता है। हालांकि, इसमें समय से भुगतान करना जरूरी होता है नहीं तो बैंक को अधिक ब्याज के साथ रकम लौटानी पड़ती है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी क्रेडिट कार्ड डिफॉल्ट पर अधिक इंटरेस्ट लगाने की परमिशन दे दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने एनसीडीआरसी के फैसले पर लगाई रोक**

दरअसल, क्रेडिट कार्ड का बिल समय से न भरने पर बैंक अधिक मात्रा में ब्याज वसूलते हैं यह मामला जब राष्ट्रीय उपभोक्ता अदालत के पास पहुंचा, तो आयोग ने क्रेडिट कार्ड पर ब्याज दर को 30 फीसदी तक सीमित कर दिया।अब सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कंज्यूमर फोरम के इस फैसले पर रोक लगाते हुए बैंकों को क्रेडिट कार्ड डिफॉल्ट पर हाई इंटरेस्ट लगाने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से बैंकों ने जहां राहत की सांस ली है, वहीं क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करने वालों को अब समय पर बिल चुकाने में अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है।

**बैंकों ने खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा**

कोर्ट के इस फैसले से अब बैंक अपने हिसाब से क्रेडिट कार्ड यूजर्स पर लेट पेमेंट होने पर पेनाल्टी लगा सकती है। एचएसबीसी, स्टैंडर्ड चार्टर्ड और सिटी बैंक सहित कई अन्य बैंकों की अपील के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।बैंकों का कहना है कि अगर ब्याज दर को 30 फीसदी तक सीमित कर दिया गया, तो उन्हें कार्ड डिफॉल्ट होने की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद नहीं मिलेगी। कोर्ट के इस फैसले के साथ बैंक अब क्रेडिट कार्ड के लेट बिल पेमेंट पर 49 फीसदी तक इंटरेस्ट पेनाल्टी के रूप में लगा सकती है।

**इस तरह से अधिक पेनाल्टी से बचें**

कोर्ट के इस फैसले ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स की परेशानी बढ़ा दी है क्योंकि अब हर बैंक अपने हिसाब से लेट पेमेंट पर चार्ज वसूलेगी। ऐसे में यदि किसी का क्रेडिट स्कोर पहले से ही खराब है, तो उसे और अधिक पेनाल्टी देनी होनी। जबकि आमतौर पर समय पर बिल चुकाने वाले बैंक से अधिक बेहतर प्लान को लेकर बातचीत कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप बैंकों को अधिक पेनाल्टी फीस का भुगतान करने से बचना चाहते हैं, तो बिल पेमेंट समय से करें। क्रेडिट कार्ड को लेकर अप-टू-डेट रहे जैसे कि इस बात की खबर रखें कि बैंक ने पेनाल्टी रेट में कोई बदलाव किया है कि नहीं और अगर किया है, तो इसका आप पर कितना प्रभाव पड़ेगा। हाई इंटरेस्ट से बचने के लिए बकाया राशि का समय से भुगतान कर एक हेल्दी क्रेडिट प्रोफाइल मेंटेन करें।

# चीन के डर से साथ आईं जापान की तीन कंपनियां

## बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी ऑटो फर्म

नई दिल्ली,23 दिसंबर (एजेंसियां)। जापानी की तीन ऑटो कंपनियों होंडा, निसान और मित्सुबिशी मोटर्स ने मर्जर योजना की घोषणा की है। इस कवायद के पूरा होने के बाद बिक्री के लिहाज से दुनिया की तीसरी बड़ी ऑटो कंपनी अस्तित्व में आएगी। ऑटो इंडस्ट्री इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह पेट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो रही है तो दूसरी ओर इसे चीनी की कंपनियों ने दुनिया में तहलका मचा रखा है। इससे जापानी कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर में ईवी की ग्लोबल सेल में चीनी कंपनियों की हिस्सेदारी 70% थी। अक्टूबर में चीन की कंपनी बीवाईडी ने पहली बार बिक्री के मामले में एलन मस्क की टेस्ला



को पीछे छोड़ दिया था। निसान और होंडा ने मर्जर पर बातचीत के लिए सोमवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। निसान की छोटे सहयोगी मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को इंटिग्रेट करने करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है। निसान के सीईओ माकोतो उचिदा ने बयान में कहा कि हमें उम्मीद है कि अगर यह मर्जर सफल होता है, तो हम व्यापक ग्राहक आधार को और भी अधिक वैल्यू प्रदान करने में सक्षम होंगे। जापान की ऑटो कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों से पीछे रह गई हैं और अब वे लागत में कटौती करने और नुकसान की भरपाई करने की कोशिश कर रही हैं।

इस महीने की शुरुआत में उनके संभावित मर्जर की खबरें सामने आईं थीं। तीनों कंपनियों का मार्केट कैप को देखते हुए मर्जर के बाद 50 अरब डॉलर से अधिक कीमत की एक बड़ी कंपनी बन सकती है। हालांकि टोयोटा जापान की अग्रणी ऑटो कंपनी बनी रहेगी। उसने 2023 में 1.15 करोड़ गाड़ियां बनाई थी। दूसरी ओर निसान, होंडा और मित्सुबिशी मिलकर 80 लाख गाड़ियां बनाएंगी। तीनों कंपनियों ने अगस्त में घोषणा की थी कि वे इलेक्ट्रिक वाहन के लिए बैटरी जैसे कलपुर्जों को साझा करेंगे।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-46
सूर्यास्त. - 17-44
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे | धनु--- | 06-09 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | मे | मकर... | 08-15 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | कुंभ - | 10-06 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मीन- | 11-44 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | मेष--- | 13-20 | बजे |
| शुक्र- | मकर | मे | वृष--- | 15-05 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मिथुन | 17-06 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | कर्क... | 19-18 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | सिंह--- | 21-30 | बजे |
| | | | कन्या--- | 23-37 | बजे |
| | | | तुला---- | 01-42 | बजे |
| | | | वृश्चिक... | 03-52 | बजे |

दिशाशूल -- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी . 19-52 तक उपरान्त दशमीं
मास - पौष कृष्ण , मंगलवार 24 December
नक्षत्र - हस्त 12-16 तक उपरान्त चित्रा
योग - शोभन 29-53 तक उप अतिगण्ड
करण- गर 19-52 तक उप वणिज
विशेष:-
व्रत -त्योहार - ज्येष्ठा मे बुध

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 15:02 से 16:25 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:46 - 08:07 | अशुभ | काल. | 17:44 - 19:25 | अशुभ |
| उत्पात | 08:07 - 09:30 | अशुभ | लाभ. | 19:25 - 21:02 | शुभ |
| चंचल. | 09:30 - 10:53 | शुभ | उत्पात | 21:02 - 22:39 | अशुभ |
| लाभ | 10:53 - 12:16 | शुभ | शुभ | 22:39 - 00:16 | शुभ |
| अमृत. | 12:16 - 13:39 | शुभ | अमृत. | 00:16 - 01:53 | शुभ |
| काल | 13:39 - 15:02 | अशुभ | चंचल | 01:53 - 03:30 | शुभ |
| शुभ | 15:02 - 16:25 | शुभ | रोग. | 03:30 - 05:08 | अशुभ |
| रोग | 16:25 - 17:44 | अशुभ | काल. | 05:08 - 06:46 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) — आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं । आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे । आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी । आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं ,क्योंकि आज आप शायद दूसरों को अच्छा लगने वाला व्यवहार ना कर पायें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) — आपको अपनी स्थिति ,विशेषकर वित्तीय स्थिति पर अच्छी तरह विचार करने की आवश्यकता है । बहुत खर्च करने में आनंद आ सकता है लेकिन इससे आपके परिवार की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर पड़ सकता है ,आपको यह जानना होगा । जहां तक वित्तीय स्थिति का सवाल है,आपको ठंडे दिमाग से काम लेते हुए और परिजनों की बात भी सुननी चाहिए ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,) — अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है । अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बोद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरो पर बढ़त हासिल होगी । हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) — आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की ओर रहेगा । आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं । प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें,हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए । किसी गंभीर या कडवी स्थिति से बचने की कोशिश करना ही बेहतर रहेगा ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) — पुरानी और बेकार चीजों को जीवन से हटा देने का समय है । आप किसी पिछली स्थिति से महज किसी अहसान की भावना या मजबूरी के चलते चिपके हुए हैं जो अब आपको कतई पसंद नही है । आपको इसमें से बाहर आ पाना मुश्किल लग रहा था ,लेकिन आज आप इस स्थिति से बाहर आने के लायक मानसिक शक्ति जुटा पायेंगे ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — ऐसी स्थितियां आ सकती हैं जो आपको बिना सोचे काम करने के लिए उकसायें । यह सही समय है जब आपको सब कुछ अपने नियंत्रण में रखकर युद्ध स्तर पर काम करना है । अपने बच्चों या छोटे बहन भाइयों के लिए सुरक्षात्मक रवैया अपनाएँ । आप बहुत अच्छी तरह सामाजिक गतिविधियों में शामिल होंगे और यहां आपका बहुत अच्छा स्वागत होगा ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) — आज साहस दिखाने के लिए बहुत अच्छा दिन है । आज आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप जो भी करोगे ,सब कुछ अच्छा ही होगा । अगर कहीं निवेश करना चाहते हैं तो यह बहुत अच्छा समय है। सच्चा प्यार मिलने की उम्मीद बन रही है हालाँकि अपने स्वास्थ्य के बारे में सतर्क रहें ,खांसी और ठण्ड से परेशान हो सकते हैं ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) — आज आप आवेगी मूड में हैं ,किसी भी काम के बारे में भली प्रकार सोचे बिना ही करने दौड़ पड़ेंगे जिसके कारण आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं । हालाँकि इस समय ऐसा कर पाना थोडा मुश्किल है , लेकिन मन को शांत रखें । आपके सामने कई अवसर एक साथ आयेंगे,आपको सोच समझकर उनमें से चुनना है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) — आप आज अनजाने तथ्यों के साथ सहज महसूस नही करेंगे । इसलिए आप प्रयोग ना करते हुए जानी –पहचानी राहों पर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे । आपके सामने नए अवसर आयेंगे ,लेकिन आप उनमे से भी उसी को चुनेंगे जिससे आप भली-भांति परिचित हैं । इस समय का उपयोग अपना पिछला बचा हुआ काम निपटाने के लिए करें।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) — आज के दिन आप अपने आसपास सभी को अपनी सोच और किसी भी स्थिति को सही समझने की योग्यता से प्रभावित करेंगे । अपने कार्यस्थल की किसी बड़ी समस्या या किसी दोस्त की परेशानी का बहुत रचनात्मक सा हल निकलकर छा जायेंगे । आपके लिए रोमांचक समय है । आपको किसी का ध्यान अपनी ओर खीचने की जरुरत नही है,बल्कि लोग खुद आपकी ओर सहायता लेने के लिए आयेंगे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) — आज आप सामान्य से अधिक भावनात्मक हैं ,दूसरे इसका फायदा उठा सकते हैं । कार्यस्थल पर कार्य का दबाव रहेगा,जिससे थकान का अनुभव करेंगे । कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए बचा रखें । काम थोडा भले ही करें लेकिन गुणवत्ता बनाये रखें । आज किसी ख़ास व्यक्ति के साथ स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) — आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है ।आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा । इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं । अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# जेल से सत्ता तक! हेमंत सोरेन की अविश्वसनीय यात्रा

## बीजेपी के लिए निराशाजनक रहा यह साल



रांची, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2024 झारखंड की राजनीति के लिए काफी उथल-पुथल वाला रहा। एक साल में तीन बार मुख्यमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण हुआ। वहीं 31 जनवरी 2024 का दिन भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यादगार बन गया। पहली बार किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार करने का फैसला लिया। आनन-फानन में हेमंत सोरेन को अपने पद से त्यागपत्र देना पड़ा। वहीं 2024 का साल बीजेपी के लिए निराशाजनक रहा। बीजेपी को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित नहीं मिल सकी, जबकि विधानसभा चुनाव में भी पराजय का सामना करना पड़ा।

31 जनवरी 2024 की रात को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी वाले दिन सुबह से ही राजधानी रांची में चहल-पहल थी। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह और 27 जनवरी को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हेमंत सोरेन दिल्ली चले गए। लेकिन 28-29 जनवरी को कथित तौर पर लापता रहने वाले हेमंत सोरेन को ईडी, दिल्ली पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां ढूंढती रही। लेकिन वो 30 जनवरी को इंडिया गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक में सार्वजनिक मंच पर दिखे।

इससे पहले 29 जनवरी को ईडी ने दिल्ली के शांति निकेतन स्थित आवास, झारखंड भवन और सांसद शिबू सोरेन के आवास पर छापेमारी की। लेकिन हेमंत सोरेन नहीं मिले। ईडी की ओर से छापेमारी के दौरान शांति निकेतन से बड़ी संख्या में दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए जाने और एक बीएमडब्ल्यू कार मिलने की सूचना मिली। बताया गया था कि 29 जनवरी को ही हेमंत सोरेन के दोपहर में रांची लौटने का कार्यक्रम था, उनका चार्टर्ड प्लेन दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूद भी था। लेकिन हेमंत सोरेन को ईडी की टीम खोज नहीं पाई।

29 जनवरी को ईडी की टीम हेमंत सोरेन को खोजती रही, लेकिन 30 जनवरी को सूचना मिली कि हेमंत सोरेन रांची पहुंच गए हैं। उसी दिन हेमंत सोरेन ने रांची में इंडिया गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की। अपनी संभावित गिरफ्तारी को देखते हुए हेमंत सोरेन की ओर से बैठक में उपस्थित सभी विधायकों से हस्ताक्षर करा कर रख लिया गया। उस दिन दोपहर में हेमंत सोरेन जनता के सामने भी आए, लेकिन दिल्ली से कब और कैसे लौटे, यह रहस्य अब तक बरकरार है। हेमंत सोरेन ने गठबंधन के विधायकों के साथ उस दिन दो महत्वपूर्ण बैठक की। पहली बैठक में पत्नी कल्पना सोरेन भी साथ थीं। सत्तापक्ष के सभी विधायकों ने अंतिम निर्णय लेने के लिए हेमंत सोरेन को अधिकृत कर दिया। वहीं एक अन्य समर्थन पत्र पर भी सभी विधायकों ने हस्ताक्षर कर दिया। लेकिन उस समर्थन पत्र में नेता पद के स्थान को खाली रखा गया था।

31 जनवरी 2024 को रांची स्थित सीएम आवास में सुबह से ही गहमागहमी का माहौल था। हेमंत सोरेन ने सुबह में सत्तापक्ष के सभी विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी मंत्री और गठबंधन में शामिल दलों के वरिष्ठ नेता भी पहुंचे। वहीं दोपहर 1 बजकर 18 मिनट पर ईडी के अधिकारियों की टीम सीएम आवास पहुंची। करीब सात घंटे से अधिक समय तक ईडी के अधिकारी हेमंत सोरेन से पूछताछ करते रहे। रात 8.30 मिनट पर हेमंत सोरेन अपने आवास से राजभवन के लिए निकले।

# घर में रखी बाइक अपराधियों ने जलाई

### गलियारे में बाइक लगा सोने गए अधिवक्ता, देर रात घटना को दिया अंजाम

गुमला, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। गुमला के डीएसपी रोड बड़ाइक मोहल्ला के रहने वाले अधिवक्ता हीरा ओहदार के घर के गलियारे में लगी बाइक अपराधियों ने जला दी। घटना रविवार की देर रात के लगभग 1:30 बजे की है। जानकारी के मुताबिक घर की दीवार फांद अपराधी आए और गली में रखी हुई यामाहा बाइक को आग के हवाले कर दिया। पीड़ित के मुताबिक इससे पहले भी अपराधियों द्वारा दो बार वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया गया पर वे असफल रहे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह वे कल भी अपने बाइक को खड़ा कर सोने चले गए। इसके बाद देर रात जलने की आवाज आने लगी। जिसके बाद बाहर निकल पानी से बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बाइक जलकर राख हो चुकी थी। इधर इस घटना की सूचना पुलिस को सोमवार की सुबह दी गई। जिसके बाद पुलिस पहुंचकर मौके पर छानबीन के प्रयास में जुट गई है। थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। छानबीन की जा रही है।

# नौकरी बचाने रो रहीं बीएड शिक्षक

## बोलीं- नौकरी दीजिए या इच्छामृत्यु दे दीजिए, हड़ताल का पांचवा दिन

रायपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बीएड सहायक शिक्षकों के हड़ताल आज पांचवा दिन है। हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया है। अब यह टीचर नौकरी जाने की चिंता से रो रहीं हैं। कह रहे कि, नौकरी दीजिए या इच्छामृत्यु दे दीजिए। जशपुर से राजधानी में आंदोलन के लिए पहुंची टीचर रोते हुए बोलीं कि, उसके पिता नहीं है और दो बहने पढ़ रही है। परिवार चलाने के लिए एकमात्र यही नौकरी सहारा है। ये भी छिन गया तो पता नहीं क्या करेंगे। दरअसल, रविवार को ब्लड डोनेट कर सहायक शिक्षकों ने समाजोन की मांग की। इससे पहले सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए तेलीबांधा तालाब के आस-पास स्वच्छता अभियान और काली बाड़ी में नारेबाजी कर नौकरी बचाने के लिए गुहार लगाई है। तूंता धरना स्थल में प्रदर्शन कर रहे सहायक शिक्षकों ने कहा कि, हमारी मांगों को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। शिक्षकों ने कहा कि, सरकार हमारी नौकरी सुरक्षित करें। नही तो आने वाले समय में हम भूख हड़ताल करेंगे। दरअसल, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 10 दिसंबर 2024 को 2 सप्ताह के भीतर डीएड डिग्रीधारियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति का आदेश दिया था। बीएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति रद्द करने को कहा था। जिससे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है। कोर्ट ने सख्त हिदायत दी थी कि 15 दिनों के भीतर ही भर्ती का प्रोसेस पूरा किया जाना है। कोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद के लिए केवल डीएड डिग्री होल्डर्स को ही उपयुक्त माना है।



तेलीबांधा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाकर नौकरी सुरक्षित करने की मांग करते शिक्षक

आंदोलनकारी शिक्षकों के समर्थन में दूसरे शिक्षक संगठन भी सामने आ रहे हैं। साथ ही राजपत्रित अधिकारियों ने भी इन शिक्षकों का समर्थन किया है। शुक्रवार को शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे और राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने धरना स्थल में पहुंचकर इन अभ्यर्थियों की योग्यता के मुताबिक समायोजन करने की मांग की।

वीरेन्द्र दुबे ने कहा कि बीएड धारक शिक्षक आज अपने अधिकार और सेवा सुरक्षा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। यह संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि जब योग्यता और मेहनत के साथ अन्याय होता है, तो लोग संगठित होकर न्याय की मांग करते हैं। हम आपके संघर्ष को अपना समर्थन देते हैं और सरकार से समाधान की उम्मीद करते हैं।

# पुलिस ने दो अपराधी को किया गिरफ्तार

## पतरातू डैम के पास अवैध पिस्टल के साथ धराए, बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी

रामगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। रामगढ़ पुलिस ने दो अपराधियों को अरेस्ट किया है। इनकी गिरफ्तार पतरातू डैम के पास से हुई है। पुलिस ने इनके पास से अवैध पिस्टल और नीले रंग का पल्सर बाइक बरामद किया है। सूचना के मुताबिक ये किसी बड़ी घटना को अंजाम देने कि योजना बना रहे थे। अपराधियों के बारे में रामगढ़ एसपी को सूचना मिल थी। जिसके वाद वेरिफिकेशन कर एसडीपीओ पतरातू के नेतृत्व में बनी टीम ने कार्रवाई की।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को आता देख दोनों मोटरसाइकिल से तेजी से भागने लगे। जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। उनके पास मिले हथियार के बारे पूछा गया तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। इस संबंध में पतरातू थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अरेस्ट किए गए अपराधियों के नाम साहिल सिंह और राहुल शर्मा है।

अपराधियों से पूछताछ के क्रम में दोनों ने बताया कि पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के पास एमजीसीपीएल कंपनी की ओर से रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। जहां हो रहे निर्माण कार्य पर फायरिंग करने की बात स्वीकार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त घटना को जेल में बंद श्रीवास्तव गैंग के अमन श्रीवास्तव एवं शिव शर्मा के कहने पर किया गया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# ग्रामीण विकास मंत्री नहीं बनाया, सीएम का पुतला फूंकेंगे

## इरफान और कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत का वीडियो वायरल

रांची, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड सरकार में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। अपने विधानसभा क्षेत्र जामताड़ा में कार्यकर्ताओं के बीच बैठे इरफान अंसारी और कार्यकर्ताओं के बीच के संवाद ने राजनीतिक तापमान को गर्म कर दिया है।

दरअसल, रविवार को इरफान अंसारी जामताड़ा में एक कार्यक्रम में मौजूद थे जहां से कार्यक्रम का लाइव टेलिकास्ट किया जा रहा था। तभी कार्यकर्ता मंत्री इरफान अंसारी को कहता है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय आपको मिलना चाहिए था, 10 भूमिहार का वोट नहीं है, उसको दे दिया ग्रामीण विकास, क्या मतलब है इसका। तब एक दूसरा कार्यकर्ता कहता है कि पुतला जलाएंगे, हेमंत सोरेन का भी जलाएंगे, मुख्यमंत्री का पुतला जलाएंगे।

तभी मंत्री इरफान अंसारी कुर्सी



से उठकर कहते है कि ये प्रॉब्लम यहां बोलियेगा या वहां बोलियेगा, यहां कहां बोलते है, वहां बोलिये जहां बोलना है। तभी एक कार्यकर्ता कहता है कि देखियेगा हम लोग 28 को बोलेंगे। इसके बाद लाइव चलने की बात कहकर वीडियो बंद कर दिया जाता है। बाद में विवाद बढ़ने पर वीडियो को डिलीट कर दिया जाता है।

मंत्री इरफान अंसारी के वायरल वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस वीडियो के माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा गया है। हेमंत सोरेन के पिछली सरकार में इरफान अंसारी के पास ग्रामीण विकास विभाग था लेकिन इस बार दीपिका पांडे सिंह को ये मंत्रालय दिया गया है। विवादों में रहने वाले इरफान अंसारी के साथ ये नया विवाद जुड़ गया है। इस वायरल वीडियो को लेकर इरफान अंसारी से जब पूछा गया तो उन्होने कहा कि मैने कुछ भी नहीं कहा है। मैं तो कार्यकर्ताओं के साथ चाय पी रहा था। मैने कार्यकर्ताओं को काफी डांटा। वे लोग अबुआ आवास की मांग कर रहे थे।

इस वीडियो को क्रॉप करके किसी ने वायरल किया है। इस वायरल वीडियो को लेकर खड़े हुए विवाद पर इरफान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा- 'कुछ लोग छल कपट करके, मीडिया का सहारा लेकर मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास करते ही रहते हैं। अब तो बाज आये ऐ लोग। लेकिन जनता के दिलों में अपनी मेहनत कर जगह बनाया है। इस से हमें दूर नहीं कर सकते। अपार जनसमर्थन के लिए आपको बहुत-बहुत आभार।'

# 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर गिरफ्तार

## 40 सालों से सक्रिय, लॉजिस्टिक्स सप्लाई-एमओपीओएस टीम का इंचार्ज था, जनवरी से अबतक 884 अरेस्ट



कांकेर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में पुलिस ने सीनियर नक्सली लीडर प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया है। प्रभाकर नक्सल संगठन में पिछले 40 सालों से एक्टिव था और उस पर 25 लाख का इनाम घोषित था। प्रभाकर उत्तर सब जोनल ब्यूरो में लॉजिस्टिक्स सप्लाई और एमओपीओएस (मोबाइल पॉलिटिकल स्कूल) टीम का इंचार्ज था। पुलिस ने सोमवार को प्रभाकर के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। कांकेर पुलिस बल के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन में उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर नक्सली कैडर प्रभाकर राव के कांकेर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली थी। 22 दिसंबर को अंतागढ़ पुलिस की ओर से नाकाबंदी कार्रवाई में प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रभाकर की पत्नी भी डीवीसी मेंबर राजे कांगे रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है। वहीं सीसीएम सचिव गणपति चचेरा भाई है। सीसीएम सचिव बसवा राजू, सीसीएम के. रामचंद्र रेड्डी उर्फ राजू, देवजी उर्फ कुमा दादा, कोसा, सोनू, मल्लाराजा रेड्डी उर्फ संग्राम से भी प्रभाकर के करीबी संबंध है।

# नक्सलियों ने किडनैप कर ग्रामीण को मार डाला

## साप्ताहिक बाजार से उठाकर ले गए, मर्डर कर झाड़ियों में फेंकी लाश, एक महीने में 7वां मर्डर

बीजापुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में ग्रामीण को किडनैप कर मार डाला। बताया जा रहा है कि मर्डर कर लाश को झाड़ियों में फेंक दिया। लाश के पास नक्सल पर्चे भी मिले हैं। नक्सलियों ने एक महीने में 7 लोगों की हत्याएं की है। मामला गंगालूर थाना क्षेत्र के रेड्डी गांव का है।

मृतक का नाम मुकेश हेमला है, जो रेड्डी गांव का रहने वाला था। गंगालूर एरिया कमेटी के 4-5 बंदूकधारी नक्सलियों ने किडनैप किया था। एक दिन पहले ही उसे साप्ताहिक बाजार से उठाकर उसे ले गए थे। दूसरे दिन मुकेश की लाश मिली है।

नक्सलियों ने पिछले 5 दिसंबर से 13 दिसंबर तक इन 9 दिनों में सुकमा और बीजापुर जिले में ही कुल 6 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इनमें 3 भाजपा के कार्यकर्ता, एक आंगनबाड़ी सहायिका और 2 ग्रामीण हैं। वहीं सीजी राज्य गठन के बाद से अब तक माओवादियों ने कुल 1800 लोगों को मार डाला है। छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ये वो संख्या है जो हम गिन रहे हैं। बस्तर के जंगलों में नक्सली न जाने कितने बेकसूर लोगों को मार रहे हैं। ये खूनी खेल गलत है। ऐसा नहीं करना चाहिए। नक्सली बस्तर में विकास करने नहीं दे रहे हैं। इनके बड़े कैडर्स के बच्चे विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं और ये यहां के बच्चों के लिए स्कूल बनने नहीं दे रहे हैं। नक्सलियों को लगता है कि गांव के ग्रामीण उनके हर एक मूवमेंट की खबर पुलिस को देते हैं। फोन के माध्यम से उनका हर दिन पुलिस से कॉन्टैक्ट रहता है, इसलिए नक्सलियों ने पूरे गांव वालों का ही फोन लूट लिया है।

# क्रिसमस से पहले 7 जिलों में हल्की बारिश के आसार

रांची, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड में बंगाल की खाड़ी में बना रहे लो प्रेशर एरिया का असर अब भी बरकरार है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बादल छा रहे हैं। इस वजह से ठंड का असर थोड़ा काम हो रहा है। हल्के बादल होने की वजह से हाड़ कंपाने वाली ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि क्रिसमस से एक दिन पहले झारखंड के 7 जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के जिन हिस्सों में बारिश का अनुमान लगाया गया है वह राज्य के उत्तर-पश्चिम तथा दक्षिणी हिस्से हैं। जिन जिलों में बारिश नहीं होगी, वहां बादल छाए रहेंगे। हालांकि क्रिसमस के दिन मौसम साफ रहेगा। इस दिन 25 से 26 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान रहने का अनुमान लगाया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास रहेगा। बीते कुछ दिनों से राजधानी सहित पूरे झारखंड के कई हिस्सों में बादल छाए रहने की वजह से न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है। बात बीते 24 घंटे के मौसम की करें तो रविवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री और डालटेनगंज का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा।

# कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव

## भूपेश बोले- सनी लियोनी के नाम पर ही भ्रष्टाचार, यूथ अध्यक्ष ने कहा- गैंगस्टर्स के साथ बीजेपी की पार्टनरशिप

रायपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर में सोमवार को यूथ कांग्रेस सीएम हाउस का घेराव करने निकली। प्रदेश में बढ़ते अपराध और नशाखोरी के विरोध में ये प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब भी शामिल हुए। उन्होंने अमित शाह से इस्तीफा देने की मांग की।

घेराव से पहले सभा में शामिल हुए भूपेश बघेल ने कहा कि, बीजेपी की सरकार में तो सनी लियोनी के नाम पर ही भ्रष्टाचार हो रहा है। वहीं प्रदर्शन के दौरान यूथ अध्यक्ष उदयभानु ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार की गैंगस्टर्स के साथ पार्टनरशिप है।

पूरे प्रदेश से यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता नगर निगम के सामने एकजुट हुए। सीएम हाउस घेराव



से पहले सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि, इस सरकार में सनी लियोनी के नाम पर भी भ्रष्टाचार हो रहा है।

पुलिस भर्ती पर भी भूपेश बघेल ने सवाल उठाए और कहा कि, सरकार की नाकामी देखिए कि, एक आरक्षक को हाथ में सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी करनी पड़ी। नौजवान लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में इस समय अराजकता की स्थिति है। डराने धमकाने का काम बीजेपी सरकार कर रही है। देवेंद्र यादव आज जेल में हैं, कई कार्यकर्ता जेल में हैं। बीजेपी को लगता है कि हम जेल जाने से डर जाएंगे।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, 30 दिसंबर को जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण

## जिला पंचायत सदस्य 433, जनपद सदस्य 2982 और सरपंच 11672 पद के लिए होगा चुनाव

रायपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की कार्रवाई 30 दिसंबर तक पूरी हो जाएगी। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को पत्र जारी किया है। आज से ही पंचायत चुनाव के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। दरअसल, प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत के चुनाव एक साथ करने की तैयारी है। हालांकि, चुनाव अलग-अलग चरणों में होंगे। नगर निगम के चुनाव के आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। अब पंचायतों की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश के 33 जिला पंचायतों में 433 सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य 2982, सरपंच 11672 और पंच के 160180 पदों के लिए चुनाव होगा।

23 दिसंबर को जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद की कार्रवाई के लिए सूचना का प्रकाशन किया जाएगा।

# पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने कुचला, दोनों की मौत

बलोदा बाजार, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में पनगांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार पुरुष और महिला अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अमेरा डोटोपार का है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों का नाम अशोक साहू (40) और उनकी पत्नी पुष्पा देवी साहू (35) है। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक दंपती जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण के निवासी थे।

# छत्तीसगढ़ में पकड़ाया ओडिशा का धान, पिकअप लेकर भागा ड्राइवर

## चेकपोस्ट पर होमगार्ड से गाली गलौज की, जान से मारने की दी धमकी

रायगढ़, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में ओडिशा से धान बिक्री के लिए ला रहे पिकप चालक को पकड़ा गया, जिसे चेकपोस्ट लाया जा रहा था, तभी रास्ते में पिकप चालक ने होम गार्ड जवान को जान से मारने की धमकी देकर धान वापस ओडिशा ले भागा। घटना लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक अवैध धान की बिक्री रोकने के लिए जिले के अलग अलग जगह पर चेक पोस्ट बनाया गया है। लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम तोलमा के पास ओड़िसा बार्डर पर चेकपोस्ट पर होम गार्ड जवान शीलानाथ भगत 40 साल पदस्थ है।

11 दिसबंर को शीलानाथ चेकपोस्ट पर ग्राम कोटवार एतवार सिंह और भागीरथी के साथ तैनात थे, तभी रात में तोलमा गांव के कोडापारा मोहल्ला में रहने वाले ग्रामीणों ने ओडिशा की ओर से आ रही धान लोड पिकअप क्रमांक जेएच 02 बीएच 5202 को रोका।

इसके बाद उन्हें अवैध धान की शंका होने पर चेकपोस्ट पर सूचना दिए। तब शीलानाथ, ग्राम कोटवार एतवार सिंह और तोलमा का सरंपच इंदर साय वहां पहुंचे। इसके बाद चालक से पिकअप में लोड धान को लेकर दस्तावेज मांगा गया, तो उसके पास कोई कागजात नहीं थे। होमगार्ड जवान पिकअप समेत चालक को चेक पोस्ट पर ला रहा था, तभी टोंगोपारा चौक के पास चालक ने पिकअप वाहन रोक दिया।

होमगार्ड जवान ने शीला नाथ के साथ गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी देकर उसे पिकअप से नीचे उतार दिया। वह धान से लदे पिकअप को तेज गति से ओडिशा की ओर ले गया। घटना के बाद शीला नाथ ने लैलूंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

लैलूंगा थाना प्रभारी राजेश कुमार जांगड़े ने बताया कि मामले की शिकायत शीलानाथ ने पूर्व में की गई थी, जिसके बाद जांच किया गया और शिकायत को सही पाया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

धान खरीदी के शुरू होने से पहले जिले में 14 अलग अलग जगह पर चेकपोस्ट बनाए गए थे, जिसमें भुंईयापाली, बेहरापाली, बेलरिया, सकरबोगा, लारा, रेंगालपाली, एकताल, जमुना, तोलमा, हाड़ीपानी, लमडांड, हमीरपुर, हाटी और पलगड़ा में चेकपोस्ट बने हैं। सभी चेक पोस्ट पर अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है।

# ब्लैक लिस्ट हुई एजेंसी ने करवाई जेएसएससी सीजीएल परीक्षा

## ओएनजीसी और यूपी पुलिस नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप, जानकारी के बाद भी आयोग ने दिया जिम्मा

रांची, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इस परीक्षा के संचालन का जिम्मा जिस सतवत इंफोसोल को दिया गया था, वह ओएनजीसी और यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोपी था। हालांकि एजेंसी ने जेएसएससी को इसकी जानकारी दी थी, इसके बावजूद उसका चयन कर लिया गया। एसआईटी ने 13 फरवरी को चेन्नई में सतवत इंफोसोल के अधिकारी गोपीनाथ कुप्पुसामी से पूछताछ की थी। गोपीनाथ ने बताया था कि उनकी एजेंसी ने ओएनजीसी के लिए काम किया था। उस परीक्षा में अयोग्य उम्मीदवारों के चयन का आरोप लगा।

एजेंसी पर यूपीएस, सर्वर और नेटवर्क से जुड़ी गड़बड़ी के भी आरोप लगाए गए। फिर ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। हालांकि बाद में देहरादून हाईकोट ने ब्लैक लिस्ट करने के फैसले पर रोक लगा दी। इसके बाद एजेंसी को यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के आयोजन का भी काम मिला, जिसमें हैकिंग का आरोप लगा। हालांकि गोपीनाथ ने सभी आरोपों को गलत बताया है।

एसआईटी ने पेपर लीक के लिए जेएसएससी व परीक्षा एजेंसी सतवत इंफोसोल की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन एसआईटी की चार टीमें 11 महीने में भी किंगपिन को नहीं ढूंढ़ पाई है। इस घटना के चार मुख्य आरोपी पटना का अतुल वत्स, नालंदा का संजीव कुमार, बिहार विधानसभा का मार्शल रिजवान और पलामू का रवि किशोर फरार है। पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया, लेकिन साक्ष्य के अभाव में इनमें से नौ आरोपियों को जमानत दे दी गई।

पलामू के न्यू मुहल्ला निवासी रवि किशोर भी इस जालसाजी में प्रमुख किरदार था। वह रांची के कटहल मोड़ के पास किराए का मकान लेकर आईटी इंफोटेक नाम से कोचिंग चलाता था। कोचिंग के एक स्टाफ लेस्लीगंज के अभय ने पूछताछ में कहा कि बिहार विधानसभा का मार्शल रिजवान रवि का पार्टनर है। रवि ने जेएसएससी की पीजीटी परीक्षा में भी गड़बड़ी की थी। इससे पहले 2017 में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक कराने के मामले में वह जेल जा चुका है।

# ट्रम्प बोले- मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बन सकते

## संविधान ने उन्हें ऐसा करने से रोका, विपक्ष का आरोप असली ताकत मस्क के पास



वॉशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं कि इस सरकार में राष्ट्रपति की असल ताकत इलॉन मस्क के पास होगी। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि आने वक्त में मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। ट्रम्प ने इस तरह की सभी अटकलों को खारिज कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि इलॉन मस्क कभी अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बन सकते।

अमेरिका के संविधान के मुताबिक सिर्फ अमेरिका में पैदा हुआ अमेरिकी नागरिक ही देश का राष्ट्रपति बन सकता है। पिछले हफ्ते राजनीति उथल पुथल के बीच अमेरिका में अस्थाई फंडिंग बिल पहली बार में संसद से पास नहीं हो पाया था, जिससे 23 लाख कर्मचारियों की सैलरी पर संकट आ गया था। तब कुछ मीडिया आउटलेट्स ने इसके लिए मस्क को दोषी माना था और उन पर देश को बंधक बनाने का आरोप लगाया था। वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का भी कहना था कि भले ही ट्रम्प अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, लेकिन असली ताकत मस्क के हाथों में आ गई है। हालांकि, सरकारी शटडाउन से कुछ देर पहले ये बिल पास हो गया था। दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क का जन्म साउथ अफ्रीका में हुआ है। उनकी मां कनाडा में जन्मी दक्षिण-अफ्रीकी मॉडल हैं, जो 1969 की मिस साउथ अफ्रीका प्रतियोगिता में फाइनलिस्ट थीं। उनके पिता एरोल मस्क एक इंजीनियर हैं। उनके माता-पिता 1980 में अलग हो गए थे। मस्क भले ही अमेरिका के राष्ट्रपति न बन पाएं लेकिन ट्रम्प सरकार ने उन्हें अहम जिम्मेदारी दी है। मस्क इस सरकार में विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी यानी डीओजीई संभालेंगे। इस डिपार्टमेंट का उद्देश्य सरकार के खर्चों को एक तिहाई तक कम करना है। इसके लिए 4 जुलाई 2026 तक का समय दिया गया है।

## आलोक गिरोह के भैरव सिंह ने ली जिम्मेदारी

### खलारी के पुरनी राय में जलाया गया था हाईवा, राहुल सहित छह अपराधियों पर मामला दर्ज

खलारी/पिपरवार, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। खलारी थाना क्षेत्र के पुरनी राय में रविवार की सुबह हुई आगजनी फायरिंग और मारपीट की घटना में खलारी पुलिस ने घटना में संलिप्त छह अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। दुसरी ओर आलोक उर्फ राहुल तुरी गिरोह के भैरव सिंह ने पोस्टर जारी कर इस घटना की जिम्मेदारी ली है। आलोक गिरोह द्वारा जारी किए गए पोस्टर में कहा गया है कि आलोक बॉस के घर की कुर्की जब्ती का बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है।

इसके साथ ही रविवार को ही बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर हेंदांग में अवैध कोयला खनन में लोगों से मारपीट की जिम्मेदारी भी इसी गिरोह के अधिराज सिंह ने ली है। पोस्टर में राय, बचरा और खलारी के दुकानदारों को दुकान बंद रखने की चेतावनी भी दी गई है। बात नहीं मानने पर हत्या की धमकी दी गई है।

# पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति की पत्नी ने तलाक की अर्जी दी

## रूस में उनके साथ रहकर खुश नहीं, असद 8 दिसंबर से मॉस्को में हैं



मॉस्को, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद की पत्नी अस्मा अल असद ने तलाक के लिए अर्जी दी है। इजराइली अखबार यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, सीरिया की सत्ता से बाहर हो चुके अस्मा रूस में रहकर खुश नहीं हैं। वह ब्रिटेन जाने का प्लान बना रही हैं। अस्मा ने रूसी अदालत में देश छोड़ने के लिए आवेदन भी किया है।

अस्मा ने दिसंबर 2000 में असद से शादी की थी। उनके पास ब्रिटेन और सीरिया की दोहरी नागरिकता है। अस्मा का जन्म 1975 में लंदन में सीरियाई माता-पिता के यहां हुआ था। अस्मा ने लंदन के किंग्स कॉलेज से कंप्यूटर साइंस और फ्रेंच लिटरेचर में डिग्री हासिल की है।

अस्मा और असद के तीन बच्चे हैं, जिनके नाम हाफिज, जीन और करीम हैं। वे अपने बच्चों के साथ लंदन में रहने के लिए प्लान कर रही हैं। 8 दिसंबर को सीरिया की राजधानी दमिश्क पर विद्रोही लड़ाकों के कब्जे के बाद बशर अल असद ने देश छोड़कर परिवार के साथ रूस में शरण ली थी। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक, बशर अल असद और उनका परिवार मॉस्को में रह रहा है। रूस ने उन्हें अपने यहां शरण तो दी है, लेकिन उन्हें कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। असद के मॉस्को छोड़ने या किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने पर रोक लगा दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी अधिकारियों ने असद की संपत्ति भी जब्त कर ली है। इसमें 270 किलो सोना, 2 बिलियन डॉलर कैश और मॉस्को के 18 अपार्टमेंट शामिल हैं। तुर्किये की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, असद भी रूस छोड़कर ब्रिटेन जाने की फिराक में हैं। राष्ट्रपति असद ने रूस को 250 मिलियन डॉलर (2,082 करोड़ रुपए) नकद भेजे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये लेन-देन में 100 डॉलर और 500 यूरो के नोट थे। इनका वजन करीब 2 टन था। इसे मार्च 2018 और मई 2019 के बीच दमिश्क से मॉस्को के वानुकोवो एयरपोर्ट पर भेजा गया था। इस पूरी रकम को भेजने में 21 फ्लाइट्स का इस्तेमाल हुआ। मॉस्को पहुंचने पर इसे रूसी बैंकों में जमा करा दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि असद सरकार पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगा दिया था। ऐसे में वे डॉलर और यूरो का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने इस रकम को रूस में भुनाने का फैसला किया। अमेरिका के लिए सीरिया में विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) के नेता अबू मोहम्मद अल जुलानी अब आतंकी नहीं रहा।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सरकार ने जुलानी पर रखे गए 10 मिलियन डॉलर (85 करोड़ रुपए) का इनाम हटा लिया है।

सीरिया में एचटीएस नेताओं के साथ बैठक के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने यह फैसला लिया। अमेरिका की सहायक विदेश मंत्री बारबरा लीफ ने कहा कि राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने के बाद यह फैसला किया गया है।

# ट्रम्प ने श्रीराम कृष्णन को बनाया एआई पॉलिसी एडवाइजर

## माइक्रोसॉफ्ट से की करियर की शुरुआत, कई कंपनियों में संभाल चुके हैं अहम जिम्मेदारी

वॉशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को भारतीय मूल के बिजनेसमैन और वेंचर कैपिटलिस्ट श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर व्हाइट हाउस का सीनियर पॉलिसी एडवाइजर नियुक्त किया है।

ट्रम्प ने इस नियुक्ति को लेकर X पर लिखा- डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए श्रीराम कृष्णन एआई में अमेरिका को आगे बढ़ाने पर फोकस करेंगे। इसके साथ ही वो साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर राष्ट्रपति की एडवाइजरी काउंसिल के साथ काम करते हुए सरकार की एआई पॉलिसी मेकिंग में मदद करेंगे।

चेन्नई के रहने वाले कृष्णन पेशे से इंजीनियर हैं। वर्तमान में वह एंड्रीसेन होरीवित्ज नाम की वेंचर कैपिटल फर्म में पार्टनर हैं। इस कंपनी को a16z के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी पहली नौकरी 2007 में माइक्रोसॉफ्ट में विजुअल स्टूडियो के प्रोग्राम मैनेजर से शुरू की थी। इसके बाद वो 2013 में फेसबुक से जुड़े। यहां उन्होंने प्रोडक्ट/बिजनेस स्ट्रैटजी समेत कई अहम पदों पर 2016 तक काम किया। कृष्णन ने स्नैपचैट के साथ भी काम किया, यहां पर उन्होंने कंपनी का आईपीओ आने से पहले एड टेक प्लेटफॉर्म बनाया था। सिलिकॉन वैली की टॉप कंपनियों में काम करने के बाद श्रीराम कृष्णन 2017 में ट्विटर से जुड़े। यहां कोर कंज्यूमर प्रोडक्ट टीम को लीड किया। इस दौरान वो ट्विटर यूजर ग्रोथ में 20% का इजाफा करने में सफल रहे। उन्हें ट्विटर के होम टाइमलाइन, नए यूजर के एक्सपीरिएंस, सर्च, डिस्कवरी और ऑडियंस ग्रोथ जैसे अहम काम करने थे। वह 2019 तक ट्विटर से जुड़े रहे है और होम पेज को नए सिरे से लॉन्च किया।

इसके साथ ही वह याहू कंपनी में में भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रह चुके हैं। साथ ही बिट्स्की, होपिन और पॉलीवर्क जैसी कई कंपनियों के बोर्ड में रहे हैं। 2021 में उन्होंने एंड्रीसेन होरीवित्ज को जॉइन किया। यह क्लब हाउस में एक मेजर इंवेस्टर हैं। क्लब हाउस एक सोशल ऑडियो एप है जिसे 2020 में जारी किया गया था। इलॉन मस्क को ब्लू-टिक के बदले पैसे लेने का सुझाव श्रीराम कृष्णन ने ही दिया था। मस्क के ट्विटर खरीदने के बाद इसके नए सेटअप में श्रीराम कृष्णन ने अहम रोल निभाया था।

डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार में भारतीय मूल के लोगों को कई अहम जिम्मेदारियां दी गई है।

# हमास-हिजबुल्लाह जैसा ही होगा हश्र

## नेतन्याहू ने इजरायल के दुश्मन को दी धमकी, बोले- अब हम रुकने वाले नहीं



तेल अवीव, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनके देश की सेना यमन में हूतियों के खिलाफ हमले जारी रखेगी। नेतन्याहू का कहना है कि हूती दुनिया के जहाजों की आवाजाही और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को खतरा पैदा कर रहे हैं। ऐसे में इनके खिलाफ भी इजरायल उसी तरह की कार्रवाई करेगा, जैसी ईरान समर्थक हमास और हिजबुल्लाह पर की है। नेतन्याहू का यह बयान तेल अवीव क्षेत्र में यमन से मिसाइल दागे जाने के एक दिन बाद आया, जिसमें कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। इजरायली वेबसाइट यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, नेतन्याहू ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि जिस तरह इजरायली फौज ने ईरान समर्थित संगठनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की, उसी तरह हम हूतियों के खिलाफ भी हमले करेंगे। हूतियों का वही अंजाम होगा, जो इजरायल से टकराने वाले का होता है। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ही नहीं अमेरिका समेत कई देश हूतियों को अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था के लिए खतरा मानते हैं।

इजरायल के लड़ाकू विमानों ने बीते हफ्ते यमन में बिजलीघरों और बंदरगाह को निशाना बनाते हुए हमले किए थे। अमेरिका ने भी यमन में हमले किए हैं। शनिवार को अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने यमन की राजधानी सना में हूतियों के एक मिसाइल भंडारण सुविधा और एक कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधा पर हवाई हमले किए। इजरायल और यमन के हूती विद्रोहियों के बीते साल अक्टूबर से ही तनातनी चल रही है। हूतियों ने गाजा में हमास के समर्थन में इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। इसके जवाब में अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल ने यमन में हवाई हमले किए हैं। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह को बड़ा नुकसान करने में कामयाब रहा है। गाजा में भी इजरायल ने हमास को बड़ी चोट पहुंचाई है। ऐसे में अब इजरायल और अमेरिका की कोशिश यमन में हूतियों को कमजोर करने पर है। यमन के हूती विद्रोहियों ने बीते साल गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद हमास के समर्थन का ऐलान किया है। हूतियों ने यमन के पास लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले किए हैं।

# ब्राजील के दो राज्यों को जोड़ने वाला पुल ढहा, एक की मौत

## सल्फ्यूरिक एसिड ले जा रहा ट्रक नदीं में डूबा

ब्रासीलिया, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्राजील के उत्तर और पूर्वोत्तर क्षेत्र के दो राज्यों को जोड़ने वाला एक पुल रविवार को ढह गया। यह घटना तब घटी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सल्फ्यूरिक एसिड टोकैंटिंस नदी में फैल गया। पुल की लंबाई 533 मीटर है और यह मरनहाओ राज्य राज्य के एस्ट्रीटो टोकैंटिंस के अगुइआर्नोपोलिस शहर को जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के दौरान एसिड ले जा रहा एक टैंकर ट्रक नदी में गिर गया। अग्निशमन विभाग के अनुसार, एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दूसरे एक व्यक्ति को बचा लिया गया है। अगुइआर्नोपोलिस के पार्षद एलियास जूनियर वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से पुल की समस्या को ठीक करने के लिए कहा। पार्षद ने बताया कि पुल के पास भारी ट्रकों को संभालने की क्षमता नहीं है। उन्होंने पुल पर एक दरार की तरफ इशारा किया। यह हादसा उनकी आंखों के सामने हुआ, जिसके कारण उन्हें पीछे की तरफ भागना पड़ा। उन्होंने इस घटना पर तुरंत कोई प्रतिक्रतिक्रिया नहीं दी। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस हादसे में 11 लोग शामिल थे। टोकेंटिंस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि शाम तक बचाव कर्मियों को जब इस बात का पता चला कि नदी में डूबे एक टैंकर से सल्फ्यूरिक एसिड का रिसाव हो रहा है, तो उन्होंने बचाव अभियान रोक दिया।

बता दें कि जुसेलिनो कुबित्सचेक डी ओलिवेरा ब्रिज का उद्घाटन 1960 में हुआ था। यह राजधानी ब्रसिलिया को बेलेम से जोड़ता है। कंक्रीट से बनाया गया यह पुल बीआर 226 हाईवे का हिस्सा है।

# ब्रिटेन में चल रहीं 85 शरिया अदालतें

## धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने जताई चिंता कहा- देश में एक कानून होना चाहिए

लंदन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन में इस वक्त 85 शरिया अदालतें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ब्रिटेन, पश्चिम की इस्लामिक राजधानी बनकर उभर रहा है। इन शरिया अदालतों का ब्रिटेन में रहने वाले मुस्लिम समुदाय पर खासा प्रभाव है। ये शरिया अदालतें शादी, तलाक और पारिवारिक मामलों पर अपने फैसले देती हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी ने न्याय व्यवस्था के समानांतर एक और धार्मिक न्याय व्यवस्था के खड़ा होने पर चिंता जताई है। ब्रिटेन में पहली बार साल 1982 में शरिया अदालत की शुरुआत हुई थी और आज इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में निकाह मुताह या 'आनंद के लिए शादी' का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। निकाह मुताह के अंतर्गत तीन दिन से लेकर एक साल तक के लिए अस्थायी शादी चलती है। इसे घोर महिला विरोधी प्रथा माना जाता है। शरिया अदालतों में इस्लामिक स्कॉलर्स का पैनल होता है, जिनमें अधिकतर पुरुष होते हैं। ये एक अनौपचारिक निकाय है, जो धार्मिक मामलों और निकाह, तलाक और खुला के मामलों में अपने फैसले देते हैं। ब्रिटेन में एक लाख शादियां नागरिक अधिकारियों के पास पंजीकृत नहीं हैं। माना जाता है कि ये शादिया शरिया अदालतों में हुई हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी नामक एक संगठन ने ब्रिटेन में सामान्य न्याय व्यवस्था के साथ ही एक गैर औपचारिक न्याय व्यवस्था के काम करने पर चिंता जाहिर की और कहा है कि इसका भविष्य में गंभीर असर पड़ेगा। सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी स्टीफन इवांस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शरिया अदालतें सभी के लिए एक कानून के सिद्धांत को कमजोर करती हैं और महिलाओं, बच्चों के अधिकारों पर विपरीत असर डालती हैं।

# इमारत से टकराया प्लेन फिर दुकान पर जाकर गिरा

## विमान में सवार सभी 10 लोगों की मौत



ब्रासीलिया, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्राजील के ग्रामाडो शहर में रविवार को हुए एक विमान हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। ये हादसा तब हुआ, जब एक छोटा विमान पहले एक घर की चिमनी और फिर पास की इमारत से जाकर टकराया। इसके बाद यह एक मोबाइल फोन की दुकान पर जाकर गिरा। इस हादसे में विमान में सवार सभी 10 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं जमीन पर मौजूद 17 से लोग विमान की चपेट में आकर घायल हुए हैं। ब्राजील की सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि विमान रिहायशी इलाके में हादसे का शिकार हुआ, ऐसे में इसने कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घायल हुए लोगों में से दो की हालत गंभीर है।


ब्राजील का ग्रामाडो शहर रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में स्थित एक पर्यटन स्थल है। ऐसे में यहां काफी काफी भीड़ रहती है। रविवार को हुए इस हादसे से कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। विमान हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विमान में ब्राजीलियाई बिजनेसमैन परिवार के साथ सवार थे, जो साओ पाउलो जा रहे थे।

### कारोबारी उड़ा रहे थे प्लेन

इस विमान में सवार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। ये एक निजी विमान था, जिसे ब्राजील के बिजनेसमैन लुइज क्लाउडियो गैलियाजी उड़ा रहे थे। उनके साथ हादसे में उनकी पत्नी, तीन बेटियां और परिवार के दूसरे मारे गए हैं। उनकी कंपनी की तरफ से बयान जारी कर ये जानकारी दी गई है। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में 17 लोग घायल हो गए हैं। ब्राजील की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 61 साल के बिजनेसमैन गैलियाजी अपने परिवार को ट्रिप पर लेकर जा रहे थे। विमान क्रैश होने की सटीक जानकारी सामने नहीं आई है। अभी तक इसकी वजह खराब मौसम को बताया जा रहा है। सुरक्षा कैमरों ने हादसे का शिकार हुए छोटे पाइपर विमान को कैनेला हवाई अड्डे से उड़ान भरते कैद किया था।

# अमेरिका में महिला की मेट्रो में जलाकर हत्या

## आरोपी ने कपड़ों में लगाई आग, स्टेशन पर बैठकर देखता रहा, 8 घंटे बाद गिरफ्तार



वाशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में रविवार को एक महिला की मेट्रो में आग लगाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क पुलिस के मुताबिक आरोपी सुबह करीब 7:30 बजे मेट्रो में महिला के पास पहुंचा और स्टेशन पर उतरने से पहले मेट्रो में आग लगा दी। आग में जलने की वजह से महिला की मौत हो गई। न्यूयॉर्क पुलिस की कमिश्नर जेसिका टिश ने बताया कि आरोपी ने लाइटर से महिला के एक सफेद कपड़े में आग लगाई थी। आग लगने की वजह से कपड़ा चंद सेकंड में ही जलकर खाक हो गया। इसके बाद आग महिला के दूसरे कपड़ो में फैल गई। पीड़ित महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है। आग लगाने के बाद आरोपी मेट्रो से उतरकर स्टेशन पर जाकर बैठ गया। प्लेटफॉर्म पर बैठे-बैठे वह महिला को जलते हुए देख रहा था। टिश ने बताया कि मेट्रो स्टेशन पर गश्त कर रहे पुलिस अधिकारियों को ट्रेन से धुआं दिखाई दिया और बदबू आई। इसके बाद वे मौके पहुंचे और पाया कि पीड़िता में आग लगी हुई थी। इसके बाद अधिकारियों ने आग को बुझाया। मौके पर पहुंचे आपातकालीन सेवा के कर्मचारियों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शुरुआती बयान में बताया कि महिला घटना के समय सो रही थी। आग लगाने से पहले आरोपी और महिला के बीच कोई बातचीत भी नहीं हुई थी। पुलिस के मुताबिक दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे।

आरोपी ने महिला के कंबल में आग लगाई थी। ये आग तब तक फैलती रही जब तक महिला आग की लपटों से घिरकर खड़ी नहीं हो गई। स्टेशन पर बैठा आरोपी की तस्वीरें पुलिस के बॉडी कैमरों में कैद हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। मेट्रो के सीसीटीवी से मिले वीडियो में आरोपी के हुलिए के आधार पर उसकी पहचान हुई।

इसके बाद पुलिस ने बॉडी कैमरों से मिली फुटेज को सार्वजनिक कर लोगों से आरोपी को पकड़े में मदद मांगी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में मदद करने पर 10,000 डॉलर का इनाम रखा था। इसके बाद 3 स्कूली बच्चों ने आरोपी को देखकर उसके बारे में जानकारी दी। घटना के 8 घंटे बाद ही पुलिस ने उसे एक दूसरी मेट्रो ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया गया।

# अमेरिका ने ताइवान को दी मदद तो भड़का चीन

## कहा- आग से खेल रहे हो, ताइवान हमारी रेड लाइन है

बीजिंग, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन में ताइवान को लेकर लगातार तल्खी बढ़ती जा रहा है। चीन ने रविवार को अमेरिका की तरफ से ताइवान को दिए गए डिफेंस सपोर्ट पैकेज का विरोध करते हुए कहा कि यह करके अमेरिका आग से खेल रहा है। दरअसल शुक्रवार को अमेरिका ने ताइवान के लिए 4.85 हजार करोड़ रुपए के डिफेंस सपोर्ट पैकेज का ऐलान किया था। इसके अलावा अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने भी शुक्रवार को ताइवान के लिए 2.50 हजार करोड़ के सैन्य बिक्री को मंजूरी दी थी।

चीन का कहना है कि अमेरिका की तरफ से ताइवान को दी गई यह मदद वन चाइना पॉलिसी का खुला उल्लंघन है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। चीनी विदेश मंत्रालय ने ताइवान को अपनी रेड लाइन बताया। चीन का कहना है कि अमेरिका को ताइवान को हथियार देने बंद कर देना चाहिए। अमेरिका की हथियार सप्लाई से इस इलाके की शांति और स्थिरता खतरे में पढ़ सकती है। चीनी स्टेट काउंसिल के प्रवक्ता जू फेंगलियान ने भी कहा कि हम अमेरिका की तरफ से ताइवान को किसी भी तरह से हथियार देने का विरोध करते हैं। दूसरी तरफ ताइवान के विदेश मंत्रालय अमेरिका के फैसले का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर कहा- अमेरिका सरकार का यह फैसला हमारी सुरक्षा के लिए उसकी प्रतिबद्धता का जाहिर करता है। चीन के मुताबिक दुनिया में सिर्फ एक चीन है और ताइवान उसी का एक हिस्सा है। चीन ताइवान को अलग देश मानकर उससे रिश्ते रखने वाले देशों का विरोध करता है। इसी आधार पर वह दुनियाभर देशों के साथ संबंध बनाता है। भारत भी उन देशों में है जो वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है। अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमैटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि, चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है।

# एम23 विद्रोहियों का कहर

## परिवार के सामने महिलाओं को बना रहे शिकार, बच्चों को भी नहीं बख्श रहे

रुबाया, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अफ्रीका के कांगो में एम23 विद्रोहियों का कहर जारी है। सामूहिक हत्याएं, दुष्कर्म और जबरन विस्थापन जैसी बड़ी घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अप्रैल में विद्रोहियों ने रुबाया के एक बाजार में छह बच्चों की लकड़ी के मूसल और कोल्हू से उनके सिर कुचल कर हत्या कर दी थी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 32 साल की एक महिला ने भागने से पहले खुद बच्चों की क्रूरतापूर्वक हत्या होते हुए देखी। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनके साथियों को भी पकड़ लिया था। बाद में उनका और उनकी एक दोस्त का दुष्कर्म किया। जबकि एक की हत्या कर दी।

एम23 विद्रोही को 23 मार्च मूवमेंट के रूप में भी जाना जाता है। यह कांगो के पूर्वी क्षेत्रों में एक सक्रिय विद्रोही समूह है। समूह कई मानवाधिकारों के हनन, युद्ध अपराधों और अत्याचारों के लिए जिम्मेदार रहा है। विद्रोही महिलाओं को जबरदस्ती वैश्यावृत्ति के काम में धकेलते हैं। इतना ही नहीं, लोगों पर दिन में हमला करना आम हो गया है। वहीं, गवाहों की हत्या कर देते हैं। एक 25 साल की महिला ने बताया कि उसकी बेटी के सामने उसके साथ बंदूक की नोंक पर दुष्कर्म किया गया। बाद में उनके पति की भी हत्या कर दी गई थी। जबकि 27 साल की एक अन्य पीड़िता के साथ फसल की रखवाली के दौरान आठ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। महिलाओं पर बेरहमी से हमला किया जाता है। वहीं, बचे हुए लोगों के साथ उनके बच्चों के सामने बंदूक की नोक पर दुष्कर्म किया जाता। मानवीय संगठनों ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में यौन हिंसा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। एम23 सबसे पहले 10 साल पहले सामने आया था, जब उसके लड़ाकों ने कांगो के पूर्व में सबसे बड़े शहर गोमा पर कब्जा कर लिया था। समूह का नाम 23 मार्च, 2009 को हुए एक शांति समझौते की वजह से एम23 रखा गया। समझौते में विद्रोहियों को कांगो की सेना में शामिल करने की वकालत की गई थी। एम23 का आरोप है कि सरकार समझौते का पालन नहीं कर रही।

# बाइडेन ने 37 लोगों की फांसी को उम्रकैद में बदला

## कहा- पीड़ित परिवारों के लिए मेरी संवेदना लेकिन फैसले से पीछे नहीं हट सकता

वॉशिंगटन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने कार्यकाल की समाप्ती से चंद दिन पहले 37 लोगों की मौत की सजा को घटाकर उम्रकैद में बदल दिया। व्हाइट हाउस ने सोमवार को इसे लेकर एक बयान जारी किया। फॉक्स न्यूज के मुताबिक इन 37 लोगों में लॉ इन्फोर्समेंट ऑफिसर, किशोर और कुछ अन्य कैदी शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने बाइडेन की तरफ से कहा कि राष्ट्रपति इन लोगों के द्वारा किए गए अपराधों की निंदा करते हैं। वह उन पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। अब वह इस फैसले से पीछे नहीं हट सकते। नई सरकार को इन लोगों के खिलाफ फिर से फांसी की प्रोसेस शुरू करने की परमिशन नहीं दी जा सकती। जस्टिस डिपार्मेंट के अनुसार 13 दिसंबर तक जो बाइडेन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल में 65 लोगों की सजा माफ की है जबकि 1,634 कैदियों की सजा कम की है। सिविल सोसाइटी के कई लोगों ने इस फैसले के लिए बाइडेन की तारीफ करते हुए उन्हें हिम्मती बताया है।

इक्वल जस्टिस इनिशिएटिव के फाउंडर ब्रायन स्टीवेन्सन का कहना है कि बाइडेन का यह फैसला एक जरूरी कदम है।



# बजट घोषणाओं को लेकर सीएम भजनलाल ने ली बैठक

## वित्तीय योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया




जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएम निवास पर वर्ष 2024-25 की चिन्हित बजट घोषणाओं पर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बिजली-पानी उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में ब्राह्मणी नदी बांध परियोजना से दक्षिणी से पश्चिमी राजस्थान तक के क्षेत्रों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने जल संसाधन विभाग को योजना पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। सीएम ने आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल सुविधा के बेहतर प्रबंधन के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को समर कंटीजेंसी प्लान पर कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यातायात नियमों के संबंध में जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

**सख्त लें निर्णय**

शर्मा ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्रों का सघन सर्वेक्षण कराते हुए उन क्षेत्रों के मालिकों को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं, जिन्होंने निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारम्भ नहीं किया है।

**नियमित हो निरीक्षण**

सीएम ने ब्यावर, कोटा, जालौर, राजसमंद में स्टोन मंडियों की स्थापना एवं स्टोन क्लस्टर्स के कार्यों की समीक्षा करते हुए व्यापारियों के लिए सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आई.टी.आई. संस्थानों के नियमित निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया।

# जयपुर आग दुर्घटना : यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है

## मदद करने वालों के बारे में वसुंधरा राजे ने कही बड़ी बात



जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अजमेर रोड पर भांकरोटा में हुए टैंकर ब्लास्ट को लेकर प्रदेश सरकार और जयपुर जिला प्रशासन मुस्तैद है। घायलों और उनके परिजनों को हर सुविधा मुहैया करने की कोशिश कर रहे हैं। जयपुर आग दुर्घटना पर भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने कहा कि यह एक राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

**यह बहुत दुखद घटना है**

जयपुर आग दुर्घटना पर राजस्थान की पूर्व सीएम व भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे ने कहा यह एक बड़ा हादसा है। पहले तो मैं उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहती हूं जो अब हमारे बीच नहीं रहे। यह बहुत दुखद घटना है।

**मददगारों को धन्यवाद**

अस्पताल में भर्ती घायलों के बारे में भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने कहा कि अटेंडेंट, डाक्टर, नर्सेज सभी, लोगों की मदद कर रहे हैं। जो लोग भामाशाह के रुप में मदद करने को आए है। उन सभी मददगारों को धन्यवाद देना चाहती हूं। यह एक मानवीय समस्या है, इसको संभालने की हम सभी कोशिश कर रहे हैं। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करती हूं।

**भांकरोटा टैंकर ब्लास्ट में अपडेट जानें**

अजमेर रोड पर भांकरोटा के पास शुक्रवार सुबह एलपीजी से भरे टैंकर के यू-टर्न लेते समय भिड़ंत के बाद हुए गैस रिसाव और आग लगने से हुए दर्दनाक हादसे ने जयपुर सहित पूरे देश को हिलाकर रख दिया। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, इनमें कई तो जिंदा जल गए। 32 लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें कई की स्थिति गंभीर है। घायलों को अस्पताल में इलाज हो रहा है।

# पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

## कहा- आज तक नहीं हुए जनता के काम




जोधपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस ने हमला बोला। राजस्थान के पूर्व मंत्री रामलाल जाट, विधायक अमित चाचन एवं पूर्व सांसद भरत मेघवाल ने पत्रकारों से बातचीत की।

पूर्व मंत्री जाट ने कहा कि 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी कर भाजपा सरकार ने अपनी योजना बताई थी। 365 दिन हो गए हैं, लेकिन जनता के काम आज तक नहीं हुए। गेहूं खरीद के लिए 2700 रुपए क्विंटल बोनस का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बाजरा खरीद के लिए भी वादा किया, लेकिन काम नजर नहीं आ रहा।

पूर्ववर्ती सरकार की योजनाएं थीं, वह रोक दी गईं। 12 योजानाओं का काम बंद कर दिया व नाम बदल दिए गए। कांग्रेस सरकार के समय चिरंजीवी योजना में 25 लाख तक का इलाज मुफ्त था, लेकिन अब सिर्फ 20 प्रतिशत लोग ही इसमें कवर हो रहे हैं। डॉक्टर के पद खाली हैं। चिकित्सा व्यवस्था की दुर्दशा हो गई है। राइजिंग राजस्थान के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद कर दिए और अव्यवस्था सबसे ज्यादा थी।

# सांसों पर मंडराया खतरा, बरसों बाद सीकर जिला रेड जोन में पहुंचा

सीकर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। यह सीकर शहरवासियों के लिए चिंता व परेशानी की बात हो सकती है। दीपावली के बाद से ही सीकर की आबोहवा बिगड़ी हुई है। शहर में वायु प्रदूषण इस कदर बढ़ गया है कि सीकर में एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर 322 तक पहुंच गया, जो कि रेड जोन माना जाता है। सांस के रोगियों की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं।

**विशेषज्ञों ने चेताया**

वातावरण में धुंध की एक परत से छा रही है। उत्तर भारत से बहती सर्द हवाओं में मौजूद पीएम-2.5 के कण समेत अन्य नुकसानदायक गैसें वातावरण में लंबे समय तक तैर रही हैं। विशेषज्ञों की माने तो समय रहते नहीं चेते और सावधानी नहीं बरती गई तो आने वाले दिनों में स्वच्छ सांस लेना पाना भी दुश्वार हो जाएगा।

चिकित्सकों की मानें तो माह की शुरुआत से सीकर में एक्यूआइ 150 से 300 के आस-पास बना हुआ है, जो कि खतरनाक है।यह पिछले वर्षों की तुलना में असामान्य भी है। सीकर की आबोहवा पिछले दस साल में दिसम्बर माह में इतनी खराब पहले कभी नहीं हुई।

हालांकि सर्दी बढ़ने के साथ वायु प्रदूषण बढ़ता जरूर है, लेकिन यह बीते वर्षों में 100 से 150 एक्यूआइ के आसपास ही दर्ज किया गया। पर्यावरण नियंत्रण मंडल के अनुसार सीकर में पिछले बीस में दस दिन सीकर ओरेंज जोन में नौ दिन यलो जोन में रहा है। कमोबेश यही हाल नवम्बर माह में भी रहा है। नवम्बर माह में दो बार सीकर रेडजोन में आ चुका है।

**यह है कारण**

एक्सपर्ट की मानें तो सीकर में इन दिनों उत्तर भारत की ओर से नम हवाएं चल रही है। सर्द हवा भारी होने के कारण लम्बे समय तक वातावरण में तैरती रहती है। जिससे हवा में फैला प्रदूषण को छंटने में अधिक समय लगता है। सड़कों पर चल रहे वाहनों व फैक्ट्री की संख्या बढ़ती जा रही है।

इनसे निकलने वाला प्रदूषण भी हवा में ही घूमता रहता है। जो कि समय पर छंट नहीं पा रहा है, जिससे एक्यूआइ का स्तर बढ़ गया है। इसके अलावा खुले में कूड़ा जलाने और निर्माण कार्यों के कारण जगह-जगह धूल-मिट्टी के गुबार उठ रहे हैं।

इनसे हवा में कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे जहरीले गैस निकलते हैं। कल्याण अस्पताल प्रबंधन के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण एक साल में सांस से संबंधित बीमारियों के मरीज बढ़े हैं।

**यह है तय मानक**

वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई के लिए स्तर निर्धारित किए गए हैं। एक्यूआई 0 से 50 है तो वायु की गुणवत्ता अच्छी है और प्रदूषण से कोई खतरा नहीं है। एक्यूआई 51 से 100 के बीच हो तो संतोषप्रद माना जाता है। इस दौरान वायु प्रदूषण के प्रति संवदेनशील लोगों के जोखिम हो सकता है। एक्यूआई 101 से 150 तक है तो केवल संवेदनशील लोगों के स्वास्थ्य को खतरा होने लगता है।

151 से 200 एआईक्यू के कारण संवेदनशील समूहों के सदस्यों पर असर नजर आने लगता है। 201 से 300 सभी वर्ग पर खतरा मंडराने लगता है। एक्यूआई 301 से 400 तक होने पर सभी के प्रभावित होने की अधिक आशंका रहती है। 401 से 500 तक बहुत की ज्यादा खराब हो जाती है। इस दौरान शरीर पर बुरे प्रभाव नजर आने लगते हैं।

**समस्या: प्रदूषण के कारणों को नजरअंदाज करने से बढ़ी परेशानी**

जिले में चल रहे निर्माण कार्य, वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि, खुले में कचरा का जला दिया जाना आदि कई ऐसे कारक हैं जो यहां की वायु की गुणवत्ता को लगातार कम कर रहे हैं और उसे दूषित कर रहे हैं।

वहीं इससे आंखों में जलन, अधिकतर समय बाहर रहने पर सर्दी जुकाम जैसी समस्या, सांस लेने में तकलीफ आदि कई बीमारियां अपेक्षाकृत बढ़ रही हैं। इसकी अनदेखी व्यक्तिगत स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए घातक साबित हो रही है।

# नरेश मीणा के समर्थन में 29 दिसंबर को महापंचायत

## हनुमान बेनीवाल भी हो सकते हैं शामिल




जयपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। देवली-उनियारा सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान एसडीएम के को थप्पड़ कांड मारने के मामले में जेल में बंद नरेश मीणा की रिहाई के लिए 29 दिसंबर को महापंचायत होने वाली है। इस महापंचायत के जरिए एक बड़े आंदोलन की तैयारी भी है। नरेश मीणा के परिजन और समर्थन इस महापंचायत में सर्वसमाज के नेताओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

नरेश के बेटे और परिजनों ने नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से भी मुलाकात की है। उन्होंने हनुमान बेनीवाल को रैली में आने का निमंत्रण दिया। इस पर नागौर सांसद ने ग्रामीणों के साथ बदसलूकी करने वाले पुलिसवालों के खिलाफ कार्रवाई करवाने की बात की। नरेश मीणा के बेटे और परिजनों से मुलाकात की हनुमान बेनीवाल ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। बेनीवाल ने बताया कि जयपुर आवास पर नरेश मीणा के पुत्र व परिजनों ने मुलाकात कर आगामी 29 दिसंबर को नगरफोर्ट, टोंक में आयोजित होने वाली रैली में आने का आमंत्रण दिया।

**'न्याय दिलाने का किया जाएगा प्रयास'**

हनुमान बेनीवाल ने आगे लिखा कि समरावता गांव में जिन ग्रामीणों के साथ अन्याय हुआ, उन्हें न्याय दिलवाने और ग्रामीणों के साथ बदसलूकी करने वाले पुलिसवालों के खिलाफ कार्रवाई करवाने का प्रयास किया जाएगा। नरेश मीणा देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान 13 नवंबर को एसडीएम के साथ हुए थप्पड़ कांड मामले में जेल में बंद हैं। नरेश मीणा ने उपचुनाव के दौरान समरावता गांव में मतदान केंद्र के बाहर उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था।

इसके बाद प्रदेश में आरएएस एसोसिएशन ने नरेश की गिरफ्तारी को लेकर पेन डाउन हड़ताल कर दी। एसडीएम अमित कुमार चौधरी ने नरेश मीणा के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया था। जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हो गई। गौरतलब है कि नरेश मीणा की रिहाई के लिए 8 दिसंबर को सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में मीणा धर्मशाला के पास एक सर्व समाज की महापंचायत हुई थी। किसान महासभा ने महपंचायत की थी। पंचायत में आए युवाओं ने कहा था कि नरेश मीणा के साथ इंसाफ नहीं हुआ तो जल्द ही राजस्थान में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# धौलपुर में भीषण सड़क हादसा, एक्सीडेंट के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 3 की मौत, 2 गंभीर घायल

धौलपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। धौलपुर के सदर थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 11 बी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल ले जाया गया।

जहां दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक गंभीर घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि कंट्रोल रूम से लाइन का पुरा गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने की सूचना मिली थी। जिस सूचना पचगांव चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद मीणा और हेड कांस्टेबल अरुण शर्मा के साथ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।



**गंभीर हालत में पुलिस को मिले**

जहां ट्रैक्टर पलटने से उसमें सवार पांच लोग मौके पर गंभीर हालत में मिले। जिन्हें धौलपुर पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू करते हुए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जिनके शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।


वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार तीन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक को गंभीर हालत होने पर रेफर किया गया था, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**इनकी हुई मौत**

थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से अर्जुन (32) पुत्र पप्पू जाटव निवासी नेता का पूरा थाना दिहौली, भूरी सिंह (50) पुत्र मोजीराम निवासी भौडिया थाना मनियां और मनोज (40) पुत्र हरविलास निवासी भौडिया थाना मनियां की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए बिरखा (42) पुत्र रोशन लाल निवासी जैरा का पूरा थाना मनियां, कल्ला (40) पुत्र नामालूम निवासी भौडिया थाना मनियां को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में युवा बाघ टी 2309 की मौत; गर्दन पर चोट के निशान

सवाई माधोपुर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। रणथम्भौर बाघ परियोजना में पर्यटन सीजन के दौरान एक बार फिर से बुरी खबर सामने आ रही है। सोमवार को रणथम्भौर में एक ओर युवा बाघ की मौत का मामला सामने आया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथम्भौर की आरओपीटी रेंज के आमा घाटी वन क्षेत्र में बाघ टी-2309 का शव मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघ के शव को अपने कब्जे में लिया।



इसके बाद वन विभाग की ओर से मेडिकल बोर्ड, वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान रणथम्भौर बाघ परियोजना के सीसीएफ अनूप के आर, उपवन संरक्षक रामानंद भाकर, मेडिकल बोर्ड के सदस्य और उन्य अधिकारी मौजूद थे। वन अधिकारियों ने बताया कि आरओपीटी रेंज के जिस इलाके में बाघ का शव मिला है। वहां पर आम तौर पर बाघ टी-120 यानि गणेश व अन्य शक्तिशाली बाघों का मूवमेंट भी रहता है। वहीं बाघ के शव पर गर्दन के पास चोट के निशान और घाव भी मिले है। ऐसे में प्रथम दृष्ट्या बाघ की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

आमाघाटी वन क्षेत्र में बाघ का शव मिला है। बाघ की गर्दन पर चोट के निशान है। प्रथम दृष्ट्या यह टेरोटोरियल फाइट का मामला लगता है, लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

# दौसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 9.40 लाख ठगने वाला गिरफ्तार



दौसा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दौसा साइबर क्राइम पुलिस थाना ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक व्यक्ति से 9.40 लाख रुपये ठगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फर्जी कंपनी बनाकर बैंक में खाता खोलवाया और कमीशन पर साइबर ठगी की रकम हासिल की। पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि दौसा पुलिस साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस उप अधीक्षक बृजेश कुमार मीना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। परिवादी मानसिंह पुत्र हरसहाय, निवासी पीपलकी मानपुर ने 18 मई 2024 को साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई। मानसिंह ने बताया कि वह फेसबुक पर वेल्थ मिस्त्री प्लान 500% आय के नाम से एक विज्ञापन देख रहा था, जिसमें व्हाट्सएप जॉइन करने का विकल्प था। मानसिंह ने व्हाट्सएप जॉइन किया, जहां उसे लिकपीपो ईए नामक एप पर खाता बनाने के लिए कहा गया। एप पर खाता बनाकर उसे ट्रेडिंग करने के लिए पैसे डिपोजिट करने के लिए खाता नंबर दिया गया। मानसिंह ने इस निर्देश का पालन करते हुए 8 बार में कुल 9,40,023 रुपये का ट्रांजेक्शन किया, लेकिन उसे कोई लाभ नहीं मिला। मानसिंह ने साइबर क्राइम पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की।

# दामाद ने सास पर चलाई थी गोलियां

## ऑपरेशन कर पेट से निकाली दोनों बुलेट्स; आरोपी फरार

बांसवाड़ा, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अगरपुरा में सास पर फायरिंग के मामले में राज तालाब थाना पुलिस और अन्य अधिकारी दिनभर जांच में जुटे रहे। गोलीबारी में घायल महिला नंदा भोई का उपचार उदयपुर में किया गया, जहां ऑपरेशन के बाद उनके पेट से दोनों गोलियां निकाल दी गईं।

हालत अब खतरे से बाहर है। ज्ञात हो, शनिवार रात नंदा भोई (पत्नी कैलाश भोई) को उनके दामाद अजय भोई ने देशी कट्टे से दो गोलियां मारीं। घटना में दोनों गोलियां पेट में फंस गई थीं। एमजी अस्पताल से गंभीर हालत में उदयपुर रेफर किया गया था। घटना के बाद राज तालाब थाना पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके का मुआयना कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी और उसका साथी बाइक से आए थे और दोनों ने मुंह ढंक रखा था। पुलिस ने उनके आने-जाने के रूट का पता लगाया।

पुलिस को पता चला है कि आरोपी अजय पहले की तीन घटनाओं में भी शामिल था। इन सभी मामलों में उसका एक साथी भी रहा है। पुलिस अब उस व्यक्ति की भूमिका की जांच कर रही है। ताजा मामले में पुलिस जांच तेजी से जारी है। महिला का उपचार उदयपुर में चल रहा है और आरोपियों की गिरतारी के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

जांच में पुष्टि हुई कि .038 बोर की पिस्टल से फायरिंग की गई थी। गोलियां महिला के पेट में फंसी हुई थीं, जो अंदर चली जातीं तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

घटना के बाद इलाके के लोग डरे हुए हैं और प्रशासन से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। पीड़िता के पति कैलाश भोई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच डीएसपी बांसवाड़ा को सौंपी गई है।

# प्रेमिका के साथ की लव मैरिज

## युवक घर लौटा तो परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला

नागौर, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। नागौर जिले के जायल उपखंड के सोमणा गांव के रहने वाले विकास जांगिड़ ने आठियासन गांव की रहने वाली उर्मिला मेघवाल से जोधपुर हाईकोर्ट में शादी कर ली। शादी के बाद दोनों हैदराबाद चले गए और वहां अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की। करीब एक साल बाद दोनों को एक बेटा हुआ। इसी बीच हैदराबाद में विकास को पीलिया हुआ तो बेटे और पत्नी उर्मिला को लेकर वह अपने पुस्तैनी गांव आ गया। जैसे ही विकास अपनी पत्नी और पुत्र के साथ घर पहुंचा, उसके चाचा, मामा और मोसा ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। चाचा ने विकास के साथ मारपीट शुरू की, तो उर्मिला नेरोल थाना पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। मारपीट में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया, पत्नी उर्मिला ने उसे नागौर के पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां, इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। पुलिस ने विकास के परिजनों को बुलाकर शव सुपुर्द कर दिया और विकास की पत्नी उर्मिला और उनके एक वर्षीय बेटे को अस्पताल में छोड़कर चले गए। अब विकास जांगिड़ की पत्नी उर्मिला और उसका बेटा युवराज पुलिस के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस उर्मिला और विकास के पुत्र को न्याय दिलवाने में असमर्थ दिखाई दे रही है।

# तेलंगाना मलेशियाई निवेश को प्रोत्साहित करेगा : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि तेलंगाना ने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, औद्योगिक विकास और वाणिज्य जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए अत्यधिक अनुकूल वातावरण बनाया है। सोमवार को सचिवालय में मलेशियाई व्यापार प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में बोलते हुए, मंत्री ने राज्य की निवेश-अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा पिछले महीने मलेशियाई तेलुगु महासभा में भाग लेने के दौरान मंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण के बाद आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम का आयोजन मलेशिया तेलंगाना एसोसिएशन द्वारा किया गया था। मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव (कृषि और सहयोग) और जुपल्ली कृष्ण राव (पर्यटन), पीसीसी अध्यक्ष महेश गौड़ के साथ, मलेशियाई प्रतिनिधियों के साथ चर्चा में श्रीधर बाबू के साथ शामिल हुए। बैठक के दौरान, श्रीधर बाबू ने सौर ऊर्जा, शुष्क बंदरगाहों, सीवेज उपचार संयंत्रों और महिला उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए विपणन सहायता में संभावित मलेशियाई निवेश पर चर्चा की। उन्होंने तेलंगाना और मलेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से पाम ऑयल की खेती और पर्यटन के क्षेत्रों में। उन्होंने हुसैन सागर झील की सफाई और सफाई के लिए उन्नत सीवेज उपचार संयंत्रों के निर्माण में मलेशियाई सहयोग को आमंत्रित किया और राज्य में दो अतिरिक्त शुष्क बंदरगाहों की स्थापना करने की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला, उनके विकास में मलेशियाई भागीदारी की मांग की। बैठक के दौरान, किन्नरसानी और श्रीशैलम बैकवाटर को रिसॉर्ट सुविधाओं के साथ प्रमुख पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव भी साझा किए गए। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में 6.4 मिलियन से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में लगी हुई हैं और उन्होंने अपने उत्पादों के विपणन में मलेशियाई समर्थन मांगा। उन्होंने तेलंगाना में बने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए मलेशिया में एक प्रदर्शनी आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रतिनिधिमंडल से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में प्रचुर अवसरों पर भी प्रकाश डाला और मलेशियाई फर्मों को इस क्षेत्र में निवेश की संभावना तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने मलेशिया से तेलंगाना में पाम ऑयल के बीज की आपूर्ति करने या नर्सरी स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने छोटी पत्तियों वाली और गैनोडर्मा जैसी बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता वाली छोटी ऊंचाई वाली पाम किस्मों के विकास के लिए समर्थन का अनुरोध किया। तुम्मला नागेश्वर राव ने खुलासा किया कि तेलंगाना का लक्ष्य अगले 4-5 वर्षों में पाम ऑयल की खेती को 1 मिलियन एकड़ तक बढ़ाना है, जिसमें इसे 2 मिलियन एकड़ तक बढ़ाने की क्षमता है। इस अवसर पर, मंत्री श्रीधर बाबू ने सूक्ष्म और लघु उद्योगों की स्थापना और स्थानीय उत्पादों के लिए विपणन के अवसर प्रदान करने के लिए मलेशियाई संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन की सुविधा के लिए वी-हब पहल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बैठक के आयोजन में एमएआईटीए के अध्यक्ष एस. तिरुपति, महासचिव संदीप गौड़ और सलाहकार अमरनाथ गौड़ के योगदान को भी स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में आईटी और उद्योग के विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन, टीजीआईआईसी के एमडी डॉ. विष्णु वर्धन रेड्डी, उद्योग आयुक्त डॉ. मालसूर और टीजीआईआईसी के सीईओ मधुसूदन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## 24 तोला सोने के साथ अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

संगारेड्डी, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी पुलिस ने एक अंतर-जिला चोर को गिरफ्तार किया, जिसने राज्य भर में 30 घरों में चोरी की थी। अमीनपुर पुलिस ने हैदराबाद के नामपल्ली निवासी आरोपी मुद्दंगी भीमेश (25) को रविवार को अमीनपुर नगर पालिका क्षेत्र के बीएसआर कॉलोनी में संदिग्ध रूप से घूमते समय गिरफ्तार किया।

सोमवार को संगारेड्डी में पत्रकारों से बात करते हुए एसपी चेन्नुरी रूपेश ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से 24 तोला सोना और एक टीवी जब्त किया है। एसपी ने बताया कि बाहर से बंद घरों को निशाना बनाकर भीमेश ने अमीनपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सात घरों और आरसी पुरम में दो घरों में लूटपाट की। रूपेश ने पुलिस टीम की सराहना की, जिन्होंने शातिर चोर को पकड़ा। इस अवसर पर पाटनचेरु डीएसपी रविंदर रेड्डी, अमीनपुर इंस्पेक्टर नागराजू और अन्य लोग मौजूद थे।

# ट्रेन संचालन की सुरक्षा को प्राथमिकता दें : अरुण कुमार जैन

## दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने एससीआर मुख्यालय, रेल निलयम, सिकंदराबाद में पूरे जोन में ट्रेन संचालन पर एक विस्तृत सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया।

सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुतंकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। सर्वप्रथम, अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर ने इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंग निर्माण अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को उनके समर्पण के लिए बधाई दी और उनकी सराहना की, जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन दक्षता शील्ड की उपलब्धि हुई। उन्होंने अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने पर भी जोर दिया और सलाह दी। महाप्रबंधक ने जोन में ट्रेन परिचालन की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने आगामी मानसून के मद्देनजर सुरक्षा सुनिश्चित करने और ट्रेन परिचालन की निगरानी करने पर जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यों के निष्पादन और निरीक्षण में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को ट्रेनों की समयबद्धता की निगरानी करने की भी सलाह दी। उन्होंने उच्च अधिकारियों को ट्रैक रखरखाव पर औचक निरीक्षण करने और कर्मचारियों को सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में परामर्श देने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को जोन में कवच प्रणाली की प्रगति और स्थापना के बारे में भी जानकारी दी।

महाप्रबंधक ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट जैसे कर्मचारियों और ट्रेन परिचालन के कामकाज में शामिल कर्मचारियों के लिए नियमित परामर्श की सलाह दी। अधिकारियों ने जोन में सुरक्षा संबंधी स्टॉक जैसे धुआं पता लगाने वाले उपकरण, अग्निशामक यंत्र आदि की उपलब्धता के बारे में महाप्रबंधक को जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को असामान्य परिस्थितियों से निपटने के लिए डिपो में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए।

# प्रेक्षाध्यान कार्यक्रम



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अध्यात्म जगत के महासूर्य, आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन प्रेरणा से श्रीमती निर्मला बैद ने ध्यान-दिवस के उपलक्ष्य में सिहासित लडकियों के अनाथाश्रम व गवर्नमेन्ट स्कूल के बच्चों के संयुक्त तत्वावधान में ध्यान के प्रयोग करवाये। इसके साथ ही ध्यान के बारे में जनकारी दी उसके लाभ बताये। आगे भी ऐसे कार्यक्रम करने को कहा। कुछ आवश्यक सामग्री हनुमान जिनैन्द बैद के तरफ से दी गयी।

## पुलिस ने प्रदर्शनी को लेकर समन्वय बैठक की



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस उपायुक्त, सेंट्रल जोन, हैदराबाद सिटी पुलिस अक्षांश यादव ने 84वीं "अखिल भारतीय औद्योगिक प्रदर्शनी-2025" से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों और प्रदर्शनी सोसायटी के प्रबंध समिति के सदस्यों की समन्वय बैठक प्रदर्शनी ग्राउंड में आयोजित की। इस बैठक में आर. वेंकटेश्वरलू, डीसीपी-3, ट्रैफिक हैदराबाद, डॉ.पी. लावण्या नाइक जादव पुलिस उप आयुक्त (शीटीम और भरोसा), बी. आनंद, एडिशनल डीसीपी, सेंट्रल जोन, एसीपी, ट्रैफिक गोशामहल, एसीपी, भरोसा, हैदराबाद, एसीपी, एसबी, सेंट्रल जोन और अन्य सभी विभाग जैसे जीएचएमसी, आरएंडबी, मेट्रो रेल, ईएमआरआई, आरटीसी, खाद्य सुरक्षा, राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टिकट की कीमतें न बढ़ाने के फैसले का स्वागत : विजेंद्र रेड्डी




हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदर्शक संघ ने सोमवार को राज्य सरकार के टिकट की कीमतें नहीं बढ़ाने और विशेष शो के लिए अनुमति देने के फैसले का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और सिनेमेटोग्राफी मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी के फैसले की सराहना करते हुए, एसोसिएशन ने तेलंगाना फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सरकार के फैसले को समर्थन दिया।

तेलंगाना प्रदर्शक संघ के प्रमुख सदस्यों ने नीति के प्रति समर्थन व्यक्त किया। संघ के अध्यक्ष विजेंद्र रेड्डी ने टिकट की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण होने वाली उलझन को उजागर करते हुए कहा कि विभिन्न फिल्मों के लिए अलग-अलग दरें दर्शकों को असुविधा पहुंचा रही हैं। निश्चित और किफायती टिकट कीमतें मध्यम वर्ग के व्यक्तियों, छात्रों और प्रशंसकों को सिनेमाघरों में लौटने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस निर्णय ने पहले ही थिएटर व्यवसाय को फिर से जीवंत कर दिया है।

आंध्र प्रदेश एक्जीबिटर्स सेक्टर के चेयरमैन टीएस राम प्रसाद ने आंध्र प्रदेश सरकार से भी इसी तरह के उपाय अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लाभप्रद शो और टिकट की ऊंची कीमतें दर्शकों को हतोत्साहित करती हैं और खास तौर पर मध्यम बजट की फिल्मों के कलेक्शन को नुकसान पहुंचाती हैं।

एसोसिएशन के सचिव बाला गोविंद राज ने भी नीति की सराहना की और बताया कि हाल के वर्षों में टिकटों की अत्यधिक कीमतों ने दर्शकों को किस तरह से अलग-थलग कर दिया है। उन्होंने निर्माताओं और वितरकों से इस निर्णय को अपनाने और अधिक से अधिक सिनेमाघरों तक पहुंच बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उद्योग जगत के नेता इस बात पर सहमत थे कि मानकीकृत टिकट मूल्य निर्धारण से थिएटर में दर्शकों की संख्या में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय फिल्म उद्योग के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा।

## खंभे से लटका मिला युवक

मेदक, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चिन्ना शंकरमपेट मंडल के मिर्जापल्ली गांव निवासी एक व्यक्ति बिजली के खंभे से लटका हुआ पाया गया। वह पेशे से पेंटर चिंतला सिद्दिरमुलु (45) था। बताया जाता है कि वह रविवार रात को घर से निकला था। जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार के सदस्यों ने उसे हर जगह तलाशा, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सोमवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने उसे बिजली के खंभे से लटकता हुआ देखा। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवादों के चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 में मेडचल चैंपियन



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें संस्करण व महिला वर्ग खेलों का समापन अलियाबाद स्थित सीरवी क्रिकेट ग्राउण्ड में हुआ।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में फ्रेन्डस क्लब के सुरेश सैणचा ने बताया कि पहला सेमीफाइनल मैच टाइटन्स व शमशाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें शमशाबाद 119 रन से विजयी रही। प्रेम सीरवी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दि मैच से नवाजा गया। दूसरा सेमीफाइनल मैच संगारेड्डी व मेडचल के बीच खेला गया जिसमे मेडचल 5 विकेट से विजयी रहीं। अर्जुन चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबला मेडचल व शमशाबाद के माध्य खेला गया, जिसमें मेडचल की टीम 8 विकेट से विजयी रही। अर्जुन को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। मेडचल चैंपियन बना। उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ महिला वर्ग खेलों में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सुधांशु महाराज का सत्संग कार्यक्रम 26 से



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के तत्वावधान में परमपूज्य सद्गुरुदेव सुधांशु महाराज के पावन सान्निध्य में ललीत कला तोरणम पब्लिक गार्डन में चार दिवसीय भक्ति-सत्संग का आयोजन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

भक्ति-सत्संग कार्यक्रम को सफल बनाए जानें हेतु रविवार को आबिड्स स्थित हिरा-हाल में बैठक का आयोजन मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में प्रेमसिंह राठौड़, अशोक कुमार अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, बंकटलाल गिल्डा, नरेश बब्बानी, बी.सी. जोधानी, जसमत भाई पटेल, कमलेश महाराज, रिद्धेश जागीरदार, सुमेरसींह राठौड़, रतनसींह शेखावत, नंदगोपाल भट्टड, डी.गोपाल, राजकुमार दायमा, सज्जनलाल श्रीवास्तव, पी.रघुवीर, फुसाराम प्रजापत, शिवराज पाटिल, राजू भागचंदानी, भाग्यनारायण, प्रकाश देवकर, भरत सुत्रवे, श्यामराव बागाडे, अमरसिंह, सनातन शेंडगे, विलासराव बिरादर, चंदनसींह चौहान, रामहजुर विश्वकर्मा, डॉ. सवरूपानंद नायक, डॉ. अनूप भटनागर, श्रीमती आसमान कंवर राठौड़, उर्मीला साबु, शिबानी मैथी, सुधा सींह, कांता अग्रवाल, सुनिता मगनानी, सरोज अग्रवाल, कालींदी चिंतावार, बबीता नागरे, इंद्रानी भोपे, मंजु अग्रवाल, ममता शर्मा, लिला सोनी आदी उपस्थित थे। मिशन हैदराबाद मंडल के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल नें समस्त गुरुभक्तो को धन्यवाद देकर विराट-भक्ति-सत्संग सत्संग कार्यक्रम सफल बनाने का अनुमोदन किया।

## नवाचारों के वैश्विक आदान-प्रदान को देना चाहिए बढ़ावा

### डिजिटल कृषि पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित
### 120 प्रतिभागियों ने लिया भाग

संगारेड्डी, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अर्ध-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) ने हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) के सहयोग से नई दिल्ली के एपी शिंदे सिम्पोजियम हॉल में डिजिटल कृषि: भारतीय खेती को सशक्त बनाना विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। डिजिटल नवाचार पर सीजीआईएआर पहल द्वारा समर्थित इस सम्मेलन में अनुसंधान, शिक्षा और निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों के 40 से अधिक संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव तथा आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि उन्हें सीमाओं से परे जाकर प्रौद्योगिकी, ज्ञान और नवाचारों के वैश्विक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि एक लचीला और खाद्य-सुरक्षित भविष्य बनाया जा सके। डॉ. पाठक ने कहा कि वैश्विक समुदाय के रूप में सहयोग करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि कोई भी किसान, चाहे वह किसी भी स्थान पर रहता हो, इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूट जाए। हम एक साथ मिलकर एक समावेशी, टिकाऊ और अनुकूलनीय कृषि पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं जो वैश्विक स्तर पर किसानों को लाभान्वित करे। आईसीआरआईएसएटी के अंतरिम महानिदेशक डॉ. स्टैनफोर्ड ब्लेड और अन्य लोग मौजूद थे।

## स्टेशन पर शिशु बेचने के आरोप में 10 गिरफ्तार

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गोपालपुरम पुलिस ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर एक नवजात शिशु को बेचने के आरोप में 10 व्यक्तियों के एक गिरोह को पकड़ा। उत्तर प्रदेश और हैदराबाद के रहने वाले संदिग्धों ने एक गिरोह बनाया था और नवजात शिशुओं को बेचने का काम करते थे। वे सोशल मीडिया पर संभावित खरीदारों से संपर्क करते हैं और सौदा तय करते हैं। यह घटना तब प्रकाश में आई जब वे 15 दिन के शिशु को 4 लाख रुपये में बेचने की कोशिश कर रहे थे। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और बच्चे को उनके चंगुल से बचा लिया गया है। गोपालपुरम पुलिस मामले की गोपनीय जांच कर रही है।

## छात्र जीवन में अनुशासन आवश्यक : जी. वेंकटेस्वर



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अनुशासन छात्र जीवन में बहुत जरूरी है। बच्चे अनुशासन में रह कर पढ़ेंगे तो कोई कारण नहीं कि वे जीवन में सफल न हों। उक्त बातें चैतन्यपुरी के पुलिस इंस्पेक्टर जी.वेंकटेस्वर ने कही। वे बचपन कोत्तापेट ब्रांच का वार्षिक खेल दिवस 'उड़ान' में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर आयोजित कबड्डी, डोसबॉल, नॉक द कोन, रिले रेस आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल के स्टूडेंट्स ने कराटे, सेल्फ डिफेंस का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कौशिक फ्रॉम रीजनल ऑफिस-ऑपरेशन्स टेक्निकल हेड कौशिक ने किया। प्राचार्या तथा डायरेक्टर, जीतेन्द्रा देवी ने अतिथियों का स्वागत कर बच्चों को पुरस्कृत किया।

# उपहार योजनाओं को कांग्रेस सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया

## उपहार योजनाओं को कांग्रेस सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया



मेदक, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अल्पसंख्यकों को क्रिसमस और रमजान के उपहार देना बंद कर दिया है और त्योहारों के दौरान तेलंगाना की महिलाओं को बतुकम्मा साड़ियां देने से भी इनकार कर दिया है। सोमवार को मेदक कैथेड्रल के शताब्दी समारोह में भाग लेने के बाद मेदक में पत्रकारों से बात करते हुए हरीश राव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने सभी धर्मों के लोगों को उनके त्यौहारों को धूमधाम से मनाने में मदद करने के लिए क्रिसमस और रमज़ान उपहार योजनाएं शुरू की थीं। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव ने बॉक्सिंग डे पर स्कूलों और दफ़्तरों में छुट्टी भी घोषित की थी।

राव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सत्ता में आने के बाद सभी वर्गों के लोगों के साथ अन्याय किया है। जब विपक्षी दलों ने जनता के मुद्दे उठाए तो सत्तारूढ़ सरकार उन पर केस दर्ज करके और उनके घरों में पुलिस भेजकर उन्हें दबा रही है। सरकार पर विधानसभा में बीआरएस विधायकों को बोलने का मौका न देने का आरोप लगाते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के इशारे पर उन्हें विधानसभा में बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री खुद कई अहम मुद्दों पर झूठ बोल रहे हैं। हैदराबाद सिटी पुलिस द्वारा जारी साल के अंत में अपराध दर का हवाला देते हुए राव ने कहा कि राज्य की राजधानी में पिछले साल की तुलना में अपराध दर में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो इस बात का उदाहरण है कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद किस तरह शांति भंग हुई है।

इससे पहले हरीश राव ने सर्व शिक्षा अभियान के कर्मचारियों से भी मुलाकात की जो अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मेदक में क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी एसएसए कर्मचारियों की सभी समस्याओं को हल करने का वादा करके सत्ता में आए थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री उनके मुद्दों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। एमएलसी शेरी सुभाष रेड्डी, पूर्व विधायक एम पद्मा देवेन्द्र रेड्डी और अन्य उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### 5वीं-8वीं में फेल ...

साल 2010-11 से 8वीं क्लास तक परीक्षा में फेल होने के प्रावधान पर रोक लगा दी गई थी। मतलब यह कि बच्चों के फेल होने के बावजूद अगली क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था। लेकिन इससे देखा गया कि शिक्षा के लेवल में धीरे धीरे गिरावट आने लगी। जिसका असर 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं पर पड़ने लगा।

काफी लंबे समय से इस मामले पर विचार विमर्श के बाद नियमों में बदलाव कर दिया गया।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम की नो-डिटेंशन पॉलिसी के मुताबिक किसी भी छात्र को तब तक फेल या स्कूल से निकाला नहीं जा सकता, जब तक वह क्लास 1 से 8 तक की प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं कर लेता। क्लास 8 तक के सभी स्टूडेंट्स को परीक्षा में फेल होने के बाद भी अगले क्लास में प्रमोट करने का प्रावधान है।

जुलाई 2018 में लोक सभा में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने के लिए बिल पेश किया गया था। इसमें स्कूलों में लागू 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म करने की बात थी। इसके अनुसार 5वीं और 8वीं क्लास के स्टूडेंट्स के लिए रेगुलर एग्जाम्स की मांग की गई थी। इसी के साथ फेल होने वाले स्टूडेंट्स के लिए दो महीने के अंदर री-एग्जाम कराने की भी बात थी।

### सीएम स्टालिन का ...

केंद्र सरकार ने चुनाव दस्तावेजों और सीसीटीवी फुटेज की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए यह संशोधन किया।

इससे संविधान की बुनियादी विशेषताओं में से एक को नष्ट कर दिया गया है।

सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, चुनाव नियमों की धारा 93(2)(ए) में लापरवाही भरा संशोधन करके भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत लोकतंत्र सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है, जिससे चुनाव में पारदर्शिता खत्म हो गई है।

मोदी सरकार के आगे झुका चुनाव आयोग :

इसके अलावा, उन्होंने महाराष्ट्र में हाल के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर भी चिंता जताई और कहा कि भाजपा को डर है कि इसके परिणामों पर सवाल उठ सकते हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के दबाव में आकर अपनी स्वतंत्रता को खो दिया है।

### दिग्गज निर्देशक श्याम ...

फिल्मों की दुनिया में कदम रखने से पहले उन्होंने अर्थशास्त्र में पढ़ाई की, लेकिन आगे उन्होंने फोटोग्राफी शुरू कर दी। बॉलीवुड की दुनिया में उन्हें आर्ट सिनेमा का जनक भी माना जाता है। जब वे बारह साल के थे, तब उन्होंने अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के दिए गए कैमरे पर अपनी पहली फिल्म बनाई थी।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत-पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को होगा

## आईसीसी ने न्यूट्रल वेन्यू दुबई चुना; भारत सेमीफाइनल-फाइनल में पहुंचा तो ये मैच भी यहीं होंगे




दुबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। यह महामुकाबला यूएई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्र ने बताया कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर को न्यूट्रल वेन्यू के रूप में चुना गया है। शनिवार रात पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच बैठक हुई। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच कराची में खेला जाएगा। फाइनल 9 मार्च को लाहौर होगा। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। टीम इंडिया अगर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करती है तो सेमीफाइनल और फाइनल भी दुबई में होंगे।

**भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को होगा**

भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के साथ होगा, जबकि आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। दोनों सेमीफाइनल (4 और 5 मार्च) व फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा गया है।

**15 में से 5 मैच यूएई में होंगे**

8 टीमों के बीच 15 मैच का टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलना है। भारत अपने तीनों ग्रुप स्टेज मैच यूएई में खेलेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है तो यहां एक सेमीफाइनल और फाइनल भी खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में हो सकते हैं।

गुरुवार यानी 19 दिसंबर को आईसीसी की बैठक में तय हुआ था कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान के बजाय न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा। साथ ही भारत में 2027 तक होने वाले सभी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी टीम भी भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है।

**वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तान टीम**

पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया: टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आया था पाकिस्तान: पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे में 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

**मुंबई में आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान नहीं जा रहा भारत**

भारतीय टीम ने 2007-08 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। 2008 में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेलती हैं। 2013 के बाद से दोनों टीमें 13 वनडे और 8 टी-20 मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेल चुकी हैं। पाकिस्तान में 2009 के दौरान श्रीलंका टीम पर भी आतंकी हमला हो चुका है।

**वेन्यू तय होने से ट्रेंड में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी**

चैंपियंस ट्रॉफी का न्यूट्रल वेन्यू फाइनल किया गया। साथ ही भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख भी आई। ऐसे में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी गूगल में टॉप ट्रेंड पर आ गई।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में कैसा रहेगा पिच का मिजाज?

## क्यूरेटर के बयान ने बढ़ा दी है टेंशन!

मेलबर्न, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। गाबा में रोहित की सेना किसी तरह से हार को टालने में सफल रही थी। टीम को बारिश का भी अच्छा साथ मिला था। हालांकि, बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में अगर भारतीय टीम को जीत की कहानी लिखनी है, तो बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलना होगा। मेलबर्न की पिच को लेकर क्यूरेटर के ताजा बयान ने टीम इंडिया के खेमे में और खलबली मचाने का काम कर दिया है।

कैसी खेलेगी मेलबर्न में पिच?

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के पिच क्यूरेटर मैट पेज ने पत्रकारों संग बातचीत करते हुए बताया कि इस बार पिच पर थोड़ी हरी घास छोड़ी गई है, जिसके चलते गेंदबाजों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, "सात साल पहले यहां की पिच काफी फ्लैट रहती थी। एक संगठन के तौर पर हम सभी साथ बैठे और



हमने यह फैसला किया कि टेस्ट मैच को इस ग्राउंड पर थोड़ा और मजेदार बनाया जाए। इस वजह से हम पिच पर अब और ज्यादा घास छोड़ते हैं, जिसकी मदद से गेंदबाज मैच में बने रहते हैं। हालांकि, एक बार बॉल सॉफ्ट होने के बाद पिच बल्लेबाजों को ज्यादा फेवर करेगी।"

खराब फॉर्म में बैटिंग ऑर्डर

भारतीय टीम का बैटिंग ऑर्डर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में अब तक बुरी तरह से फ्लॉप रहा है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके हैं। वहीं, नंबर तीन पर शुभमन गिल भी बुरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। विराट कोहली का हाल कंगारू धरती पर भी बेहाल ही रहा है। पर्थ की दूसरी पारी में शतक जमाने के अलावा कोहली रनों के लिए तरसते हुए नजर आए हैं। ऋषभ पंत का बल्ला भी अभी तक खेले गए तीनों ही टेस्ट मैचों में पूरी तरह से खामोश रहा है। नंबर छह पर बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रोहित दो टेस्ट मैचों में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके हैं। गेंदबाजी में भी जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकी बॉलर्स बेरंग दिखाई दिए हैं।

# बीसीसीआई से अश्विन को पेंशन के रूप में हर महीने 52,500 रुपये मिल सकते हैं



मुंबई, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के दिग्गज स्पिन गेंदबाज आर अश्विन अब इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के गाबा टेस्ट के बाद अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेकर हर किसी को हैरान कर दिया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही सीरीज को भी पूरा नहीं किया। संन्यास लेने के अगले दिन अश्विन भारत भी लौट आए थे। अब आर अश्विन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से हर महीने पेंशन भी मिल सकती है। अब फैंस ये जानने के लिए उत्सुक है कि आखिर पेंशन के रूप में अश्विन को बीसीसीआई से कितने पैसे हर महीने मिलेंगे?

**इतनी हो सकती है अश्विन की पेंशन**

आर अश्विन ने लंबे समय तक भारतीय टीम के लिए क्रिकेट खेला था। इस दौरान उन्होंने बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम किए थे, हालांकि अब अश्विन इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। हालांकि बीसीसीआई की तरफ से अश्विन को अब पेंशन मिलेगी। बीसीसीआई के नियमानुसार जो खिलाड़ी 75 से ज्यादा फर्स्ट क्लास मैच खेल लेता है उसको इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पेंशन के रूप में 52,500 रुपये मिलते हैं। यानी अब अश्विन को भी बीसीसीआई द्वारा पेंशन के रूप में हर महीने 52,500 रुपये मिल सकते हैं।

**शानदार रहा अश्विन का करियर**

आर अश्विन ने साल 2011 में टीम इंडिया के लिए अपना डेब्यू किया था। अपना पहला टेस्ट मैच अश्विन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वहीं अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच अश्विन ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला। अपने 13 साल के करियर में अश्विन ने टीम इंडिया के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मैच खेले थे। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन ने गेंदबाजी करते हुए 537 विकेट चटकाए थे। इसके अलावा बल्लेबाजी करते हुए 3503 रन भी बनाए थे। जिसमें 6 शतक और 14 अर्धशतक शामिल थे।

वहीं 116 वनडे मैचों में गेंदबाजी करते हुए अश्विन ने 156 विकेट हासिल किए थे और बल्लेबाजी करते हुए 707 रन बनाए थे। जिसमें एक अर्धशतक शामिल था। इसके अलावा 65 टी20 मैचों में अश्विन ने 72 विकेट चटकाए थे। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिन गेंदबाज भी रहे। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अश्विन ने 40 विकेट हासिल की थी।

# सुरेश रैना का तूफानी अर्धशतक गया बेकार

## इरफान पठान ने मैच विनिंग पारी से बनाया टीम को चैंपियन

सूरत, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। कप्तान सुरेश रैना का तूफानी अर्धशतक भी खिताबी मुकाबले में साउदर्न स्पार्टन्स के काम नहीं आ सका। बिग क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में मुंबई मरीन्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मैदान मारा। इरफान पठान ने आखिरी के ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की टीम को चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया। वहीं, मनन शर्मा और जेसल कारिया ने भी बल्ले से जमकर धमाल मचाया। मनन ने सिर्फ 42 गेंदों पर 89 रन की विस्फोटक पारी खेली, तो कारिया ने 39 गेंदों पर 75 रन ठोकते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया।



साउदर्न स्पार्टन्स से मिले 211 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने अपने पहले दो विकेट महज 35 के स्कोर पर गंवा दिए। हालांकि, इसके बाद जेसल कारिया और मनन शर्मा ने मोर्चा संभाला और तीसरे विकेट के लिए 93 रन की अहम पार्टनरशिप जमाई। कारिया ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 13 चौके और एक छक्के की मदद से 39 गेंदों पर 75 रन ठोके। वहीं, मनन 42 गेंदों पर 89 रन बनाकर नाबाद रहे। मनन ने 211 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए अपनी आतिशी पारी के दौरान 7 चौके और 6 सिक्स लगाए।

अंतिम ओवरों में इरफान पठान ने भी बल्ले से धमाल मचाया। पठान ने सिर्फ 18 गेंदों का सामना करते हुए 27 रन की तेज तर्रार पारी खेली। 150 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए इरफान ने अपनी पारी के दौरान 2 चौके और एक छक्का जमाया और टीम को जीत दिलाकर लौटे। पठान ने मनन ने चौथे विकेट के लिए 75 रन की अटूट पार्टनरशिप जमाते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले साउदर्न स्पार्टन्स के कप्तान सुरेश रैना ने भी बल्ले से खूब धमाल मचाया। रैना ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन की आतिशी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 9 चौके और एक सिक्स लगाया।

# पाकिस्तान ने 36 रन से जीता तीसरा वनडे

## साउथ अफ्रीका में पहली बार क्लीन स्वीप किया




जोहान्सबर्ग, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरा वनडे मैच 36 रन से जीत लिया है। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब रही है।

जोहान्सबर्ग में खेले गए इस बारिश से प्रभावित मुकाबले का फैसला डीएलएस मैथड से हुआ। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 9 विकेट पर 308 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 42 ओवर में 271 रन पर ऑलआउट हो गई। सईम अयूब प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 101 रन की शतकीय पारी खेली। 2 कैच पकड़े और एक विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर अब्दुल्लाह शफीक का विकेट गंवाया। ऐसे में ओपनर सईम अयूब ने बाबर आजम के साथ मिलकर टीम को 100 रन का आंकड़ा पार कराया। फिर कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 53, आग सलमान ने 48 और तयुब ताहिर ने 28 रन की पारियां खेलकर टीम को 308 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया।

साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। मार्को यानसन और ब्योर्न फोर्टुइन को 2-2 विकेट मिले। क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश के हिस्से एक-एक विकेट आए।

क्लासेन की फिफ्टी, यानसन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी

308 रन का संशोधित टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट गंवाए। टीम की ओर से टॉप-5 विकेट के लिए कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। 81 रन की पारी खेलने वाले हेनरिक क्लासन ने छठे विकेट के लिए मार्को यानसन के साथ 71 रनों की साझेदारी की, लेकिन वह जीत के लिए काफी नहीं थी।पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम ने चार विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को 2-2 विकेट मिले।

# विनोद कांबली की अचानक बिगड़ी तबीयत, हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती



ठाणे, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं. कांबली की तबियत एक बार फिर से बिगड़ गई है. तबियत बिगड़ने पर उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. डॉक्टर्स फिलहाल उनकी देखभाल कर रहे हैं. हाल ही में विनोद कांबली का एक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था. इस वीडियो में वह सचिन तेंदुलकर के साथ नजर आए थे, जिसमें वह काफी बीमार दिख रहे थे. उसके बाद से उनकी हालत को लेकर काफी चिंता जताई गई थी. इस समय स्वास्थ के साथ-साथ विनोद कांबली की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है. हाल ही में एक फैन ने सोशल मीडिया पर विनोद कांबली का एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वह हॉस्पिटल में एडमिट नजर आ रहे हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके सभी जरूरी टेस्ट किए जा रहे हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है. कांबली ने हाल ही में एक यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू में बताया था कि वो गंभीर यूरिन इंफेक्शन से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से पिछले महीने बेहोश हो गए थे और वीडियो वायरल हो गया था. बता दें, विनोद कांबली को कई तरह की बीमारियां हैं, उन्हें हार्ट अटैक भी आ चुका है. बता दें, शराब की लत के कारण विनोद कांबली की तबीयत दिनों दिन गिरती जा रही है. हाल ही में कांबली की इस हालत को देखकर टीम इंडिया के दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने 1983 वर्ल्ड कप के साथियों के साथ मिलकर कांबली को रिहैब के लिए मदद का ऑफर दिया था.

# चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

## बेन स्टोक्स का नाम नहीं; बल्लेबाज जो रुट की एक साल बाद वापसी

लंदन, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स का नाम नहीं है। वहीं करीब एक साल बाद बल्लेबाज जो रुट की वनडे टीम में वापसी हुई है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की कप्तानी जोस बटलर करेंगे। इंग्लैंड की टीम 22 फरवरी से 12 जनवरी तक भारत का दौरा करेगी। टीम इस टूर में भारत से 5 टी-20 और 3 वनडे मुकाबले खेलेगी। जबकि चैंपियंस ट्रॉफी के शेड्यूल की अब तक घोषणा नहीं हुई है।

150 की रफ्तार से बॉलिंग करने वाले जोफ्रा आर्चर की इंजरी के बाद टीम में वापसी हुई है। वहीं मार्क वुड जो चोट की वजह न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं थे। उनका भी टीम में नाम है। 2023 दिसंबर के बाद से वनडे न खेलने वाले बॉलिंग ऑलराउंडर गस एटिंकसन के भी टीम में वापसी हुई है। वहीं तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और साकिब महमूद को शानदार



फॉर्म के चलते टीम में मौका दिया गया है।

2022 में टी20 विश्व कप जीतने वाले ऑलराउंडर सैम करन के लिए टीम में कोई जगह नहीं है। लंबे कद के रीस टॉप्ली को भी लगातार चोटों के बाद नजरअंदाज कर दिया गया है। जबकि तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी टीम में शामिल नहीं किया गया है।

**चैंपियंस ट्रॉफी और भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम**

जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम**

जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

# भारत को हराने वाला बना न्यूजीलैंड का कप्तान

## श्रीलंका के खिलाफ वनडे-टी20 टीम का ऐलान, पहली बार खेलेगा ये प्लेयर

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। अपने घर पर न्यूजीलैंड ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी. इसमें उसे हार का सामना करना पड़ा था. इंग्लैंड से सीरीज हारने के बाद अब न्यूजीलैंड श्रीलंका की मेजबानी करने के लिए तैयार है. श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच पहले टी-20 सीरीज और फिर वनडे सीरीज खेली जाएगी. इन दोनों व्हाइट बॉल फॉर्मेट के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. वनडे और टी-20 दोनों ही सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने स्पिनर मिचेल सैंटनर को कप्तान बनाया है.



वहीं पहली बार बेवोन जैकब्स को टी-20 टीम में जगह दी गई है.

**श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड का टी-20 स्क्वाड:**

मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस, मिच हे, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम रॉबिन्सन और नाथन स्मिथ. 3 मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 28 दिसंबर से होगी.

**श्रीलंका के खिलाफ न्यूजीलैंड का वनडे स्क्वाड:**

मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, मिच हे, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विल ओरुके, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ और विल यंग. 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 5 जनवरी से होगी.

न्यूजीलैंड की वनडे और टी-20 टीम में रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल और मैट हेनरी जैसे स्टार खिलाडियों की वापसी हुई है. तीनों ही प्लेयर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा थे. वहीं न्यूजीलैंड की टी-20 टीम में बेवोन जैकब्स को पहली बार मौका मिला है. जैकब्स को IPL 2025 की नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 30 लाख रुपये की बेस प्राइस में खरीदा था. जैकब्स ने आज (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ टी-20 वॉर्म आप मैच में 16 गेंदों में 39 रनों की पारी भी खेली.

# जल्दी ही सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ देंगे साइम अयूब

खेल डेस्क, 23 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनिया के कई क्रिकेटर जिस प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड को अपने पूरे वनडे करियर में एक बार भी नहीं जीत पाते, पाकिस्तान के साइम अयूब ने वो तमगा 9 मैचों के अपने छोटे से करियर में दो बार हासिल कर लिया है. उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी दमदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया. इससे पहले साइम अयूब जिम्बाब्वे के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे. मतलब, अपने वनडे करियर की 3 सीरीज में से 2 में वो प्लेयर ऑफ द सीरीज बन चुके हैं. और, अगर ऐसे ही बढ़ते रहे तो बहुत जल्दी ही वो सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं.

वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है. सचिन 108 वनडे सीरीज में 15 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज बने हैं. इस



लिस्ट में दूसरा नाम फिलहाल विराट कोहली का है, जो अभी तक 72 वनडे सीरीज में 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज जीत चुके हैं. ऐसे में 3 वनडे सीरीज में 2 प्लेयर ऑफ द सीरीज के रेशियो को साइम अयूब आगे बरकरार रखते हैं तो मुमकिन है कि सबसे तेजी से सबसे आगे निकल जाएं.

साइम अयूब को विराट कोहली से आगे निकलने के लिए 10 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड की और जरूरत है. वहीं सचिन के वर्ल्ड रिकॉर्ड से आगे निकलने के लिए उन्हें 14 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड और जीतने होंगे.

अब आते हैं सीरीज में सैम अयूब के प्रदर्शन पर, जिसकी बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला. साइम अयूब ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के 3 मैचों में 2 शतक के साथ 235 रन ठोके. इस दौरान उनका औसत 78.30 का रहा. बल्ले से जौहर दिखाने के अलावा सैम ने 2 विकेट भी गेंद से लिए. साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने का सारा क्रेडिट साइम अयूब ने पूरी टीम को दिया है.

साउथ अफ्रीका से पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ भी वो प्लेयर ऑफ द सीरीज बने, जहां उन्होंने 77.50 की औसत से 155 रन बनाए. उनका बेस्ट स्कोर 113 रन का रहा. इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने 3 विकेट लिए थे.

# झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ 400 एफआईआर

## 40 डॉक्टरों को जारी किया गया नोटिस * टीएसएमसी ने पिछले एक साल में की कार्रवाई

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में ग्रामीण चिकित्सा चिकित्सकों (आरएमपी) की आड़ में एलोपैथी का अभ्यास करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न खतरे के खिलाफ लड़ाई में, तेलंगाना राज्य चिकित्सा परिषद (टीएसएमसी) ने पिछले एक साल में ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ 400 एफआईआर दर्ज की हैं और झोलाछाप डॉक्टरों की मदद करने के संदेह में 40 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है।

मेडिकल काउंसिल के वर्तमान वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा नीम हकीमी पर अंकुश लगाने की आवश्यकता को मान्यता दिए जाने के साथ, यह पहली बार है कि तेलंगाना राज्य में टीएस ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (टीएसडीसीए) के सहयोग से उन व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक ठोस प्रयास शुरू किया गया है, जिनके पास एमबीबीएस की डिग्री नहीं है, लेकिन वे एलोपैथी का अभ्यास कर रहे हैं।

झोलाछाप डॉक्टरों पर विशेष ध्यान देने के अलावा पिछले एक साल में मेडिकल काउंसिल के पदाधिकारियों ने सभी डॉक्टरों के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती कर दी है। यहां तक कि 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ डॉक्टरों को नवीनीकरण शुल्क से भी छूट दे दी गई है।

पहली बार, टीएस मेडिकल काउंसिल ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ सहयोग किया और हैदराबाद में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के सभी प्रोफेसरों के साथ कदाचार/अपील मामलों में नियुक्त विशेषज्ञों के लिए एक प्रशिक्षण सह व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया।

राज्य में मेडिकल काउंसिल भी ऑनलाइन नवीनीकरण का काम कर रही है, बिना डॉक्टरों के पास जाए या उनकी कीमती किताब बर्बाद किए ऑनलाइन गुड स्टैंडिंग सर्टिफिकेट जारी कर रही है।

टीएसएमसी के उपाध्यक्ष डॉ.जी. श्रीनिवास ने कहा कि पहले, डॉक्टर इस तरह के कागजी काम करवाने के लिए अकेले कतार में खड़े होते थे। एक समय था जब डॉक्टर काउंसिल के दफ़्तर में जाते थे और कागज के एक टुकड़े पर अपना नाम लिखकर कतार में अपनी जगह सुरक्षित कर लेते थे। अब, सब कुछ ऑनलाइन है।

## मोहन बाबू की अग्रिम जमानत खारिज

**पत्रकार हमला मामले में चौंकाने वाला झटका**

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पत्रकार पर हमले से संबंधित मामले में दिग्गज अभिनेता मंचू मोहन बाबू को झटका देते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मोहन बाबू ने स्वास्थ्य आधार पर अग्रिम जमानत मांगी थी। उनके वकील ने अदालत को बताया था कि उन्हें हृदय और तंत्रिका संबंधी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। अदालत ने यह भी कहा कि मोहन बाबू फिलहाल तिरुपति में हैं। हाल ही में अपने पोते से मिलने दुबई जाने के बाद, मोहन बाबू अपने शैक्षणिक संस्थानों के कामकाज की देखरेख के लिए तिरुपति चले गए। हालांकि, सरकारी वकील ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थ के मामले में एक गिरफ्तार

## बड़ी मात्रा में मिलावटी चाय पाउडर जब्त



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र टीम, हैदराबाद और खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीएचएमसी सर्कल -21, चंदानगर, हैदराबाद के अधिकारियों ने चंदानगर, हैदराबाद में स्थित मिलावटी चाय पाउडर बनाने वाली इकाई पर छापा मारा और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में मिलावटी चाय पाउडर और सामग्री जब्त की। कुल संपत्ति की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपये है।

गिरफ्तार आरोपी डी.चंद्र शेखर, निवास चंदा नगर, साइबराबाद के कब्जे से मिलावटी चाय पाउडर पैकेट 130 पैकेट (प्रत्येक 1 किलो), मिलावटी चाय पाउडर खुला: 35 किलो, इडाकोल सनसेट येलो कलर बॉक्स: 500 ग्राम, नीलिकॉन कलर बॉक्स: 500 ग्राम, पीकॉक ब्रांड, इलायची सुपर फ्लेवर: 12 बोतलें बरामद किया गया। अतिरिक्त पुलिस उप आयुक्तआयुक्त का टास्क फोर्स, हैदराबाद शहर एएनडीई. श्रीनिवास राव के अनुसार आरोपी डी.चंद्रशेखर को इडाकोल सनसेट येलो कलर, नीलिकॉन कलर के साथ मिलाकर चाय पाउडर में मिलावट करते हुए पाया गया, ताकि यह उच्च गुणवत्ता वाला चाय पाउडर लगे। उसने सुगंध बढ़ाने के लिए पीकॉक ब्रांड की इलायची सुपर फ्लेवर भी मिलाया, सभी बिना किसी वैध लाइसेंस के एफएसएसएआई के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए और मेहदीपट्टनम, टोलीचौकी, गोलकोंडा, कुक्टपल्ली, गच्चीबोवली, तेलपुर, पठानचुरुवु, लिंगमपल्ली, चंदनगर क्षेत्र में इसकी आपूर्ति की और अपने लाभ के लिए लोगों की जान को खतरे में डालकर पैसा कमाया। इन बिना ब्रांड वाले और चाय पाउडर का सेवन करने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। कमिश्नर टास्क फोर्स की एक टिप पर कार्रवाई करते हुए, दक्षिण पश्चिम ज़ोन टीम और खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीएचएमसी सर्कल -21, चंदनगर, हैदराबाद ने परिसर पर छापा मारा और 1,20,000 रुपये मूल्य के मिलावटी खाद्य पदार्थ (मिलावटी चाय पाउडर) जब्त किए। गिरफ्तारी पुलिस निरीक्षक एस. बाला स्वामी, टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र की निगरानी में एसआई एस. साई किरण, टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीएचएमसी सर्कल -21, चंदानगर, हैदराबाद और उनके कर्मचारियों द्वारा की गई।

# दीपा दासमुंशी ने अल्लू अर्जुन के ससुर से मिलने से किया इनकार

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता है कंचेरला रेड्डी



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी और टॉलीवुड फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन के बीच संध्या थिएटर घटना को लेकर गतिरोध जारी है, वहीं अभिनेता के ससुर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कंचेरला चंद्रशेखर रेड्डी को उस समय शर्मिंदगी उठानी पड़ी, जब सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी दीपा दासमुंशी ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। नलगोंडा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक चंद्रशेखर रेड्डी एआईसीसी प्रभारी से मिलने गांधी भवन पहुंचे, जो वहां मौजूद थे। हालांकि, जब चंद्रशेखर रेड्डी दीपा दासमुंशी से मिलना चाहते थे और उनके कार्यालय गए, तो उन्होंने उनसे मिलने से इनकार कर दिया।

कोई विकल्प न होने के कारण उन्हें निराश होकर गांधी भवन से लौटना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सिनेमेटोग्राफी मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने अभिनेता से मांग की थी कि वह विधानसभा में की गई अपनी टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से माफी मांगें।

## अल्लू अर्जुन के घर पर हमला करने वालों को मिली जमानत

हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेता अल्लू अर्जुन के घर पर रविवार को संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और उपद्रव मचाने के मामले में जुबली हिल्स पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 6 लोगों को सोमवार को एक अदालत ने जमानत दे दी। जुबली हिल्स पुलिस ने सोमवार को 6 लोगों को अदालत में पेश किया। गिरफ्तार लोगों में कोडंगल युवा कांग्रेस अध्यक्ष रेड्डी श्रीनिवास, एनएसयूआई के राज्य नेता प्रेम कुमार गौड़ शामिल हैं।

इससे पहले, उस्मानिया विश्वविद्यालय जेएसी के छात्र होने का दावा करने वाले व्यक्तियों के एक समूह ने रविवार को जुबली हिल्स स्थित अभिनेता अल्लू अर्जुन के घर में घुसकर फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उन्हें पुष्पा-2 के प्रीमियर शो के दौरान संध्या थिएटर में हुई भगदड़ में एक महिला की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया।

# मंत्री ने कल्याण गुरुकुल विद्यालय का औचक निरीक्षण किया



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने हुस्नाबाद स्थित समाज कल्याण गुरुकुल विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर आहार शुल्क बढ़ाने के बाद छात्रों को दिए जाने वाले मेनू का पालन करने और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को छात्रावास के आसपास के इलाकों में झाड़ियां हटाने का आदेश दिया गया। मंत्री ने हॉस्टल के वाटर प्लांट का निरीक्षण किया गया। टैंकों को समय-समय पर साफ करने का आदेश दिया। प्रधानाध्यापक को विद्यालय के मैदान में उपयोगी पौधे जैसे शकरकंद, अमरूद, आम एवं अन्य सब्जियों के पौधे लगाने का निर्देश दिया गया।

# प्रजावाणी में 92 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले में प्रजावाणी में 92 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को एकीकृत जिला कार्यालय परिसर सभाकक्ष में आयोजित प्रजावाणी कार्यक्रम को (92) शिकायतें प्राप्त हुईं। जिले में विभिन्न जगहों से आए फरियादी अपनी समस्याएं लेकर जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी के पास पहुंचे। इस मौके पर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि संचालित किये जा रहे सार्वजनिक रेडियो कार्यक्रम में लोगों द्वारा किये गये अनुरोध के संबंध में विभागों के जिला अधिकारी लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें। राजस्व विभाग- 57, पीडी आवास- 19, डीपीओ-07, स्थानीय निकाय-03, एमपीडीओ -01, सेरिलिंगमपल्ली नगर पालिका-01, एडी सर्वेक्षण भूमि-02, रोजगार-01, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग-01, कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिमा सिंह, नगरपालिका अधिकारी, मंडल तहसीलदार, कलेक्टरेट अधीक्षक, संबंधित अधिकारी आदि शामिल रहे।

## छात्र की अमेरिका में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

वारंगल, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हनमकोंडा जिले के कमलापुर मंडल के मदन्नापेट क्षेत्र का एक 25 वर्षीय छात्र संयुक्त राज्य अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में जिस अपार्टमेंट में रह रहा था, उसके बेसमेंट में खड़ी कार में मृत पाया गया।

रविवार को परिवार के सदस्यों को छात्रों से सूचना मिली कि उनके बेटे बंदी वामसी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई और उसका शव अपार्टमेंट के तहखाने में खड़ी कार में मिला, जहां वह रह रहा था। वामसी पिछले साल जुलाई में एमएस करने के लिए मिनेसोटा गया था और हाल ही में उसने पार्ट-टाइम नौकरी ज्वाइन की थी।

हुजूराबाद निर्वाचन क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी प्रभारी वोदितला प्रणव ने परिवार से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि वह वामसी के पार्थिव शरीर को उसके गृहनगर लाने के लिए राज्य सरकार से बात करेंगे। इस बीच, वामसी के माता-पिता ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय से अपने बेटे का शव हनमकोंडा लाने में मदद करने की अपील की है।

# दो ड्रग तस्कर समेत एक उपभोक्ता गिरफ्तार, कोकीन एमडीएमए, एलएसडी ब्लॉट्स, ड्रग कंज्यूमिंग किट जब्त




हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त टास्क फोर्स, दक्षिण पश्चिम जोन टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर अंबरपेट इलाके से दो ड्रग तस्कर और एक उपभोक्ता को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कोकीन 6 ग्राम, एमडीएमए: 15 ग्राम, एलएसडी: 2 ब्लॉट्स, 4) ड्रग कंज्यूमिंग किट:1, 5 मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तस्कर सोलोमन सुसाई राज उर्फ सुलेमान सुसाईराज निवासी: अंबरपेट, हैदराबाद, शेख गौस, निवासी: अंबरपेट, हैदराबाद, उपभोक्ता के. महेश निवासी: तारनाका, सिकंदराबाद शामिल हैं। जब्त की गई संपत्ति की कुल कीमत 3,35,000 रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सोलोमन सुसाई राज हैदराबाद का मूल निवासी है और वह गांजा, एमडीएमए, कोकीन और अन्य नशीले पदार्थों का आदी है। वह खपत के लिए स्थानीय स्रोतों से गांजा और अन्य ड्रग्स खरीदता था। 2021 में, उसने अपने दोस्त अब्दु उर्फ रबू के साथ मिलकर ड्रग का कारोबार करने की योजना बनाई। वे बैंगलोर, गोवा गए और एक्स्टसी की गोलियाँ, एमडीएमए और चरस खरीदी और उन्हें हैदराबाद शहर में ग्राहकों को बेचने का इरादा किया। हालांकि, उन्हें हैदराबाद के अमीरपेट आबकारी पुलिस स्टेशन ने गिरफ्तार कर लिया। 2023 में, सोलोमन को राचकोंडा के एलबी नगर पुलिस स्टेशन ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया और चेरलापल्ली जेल भेज दिया गया।

वहां उसकी मुलाकात शेख गौस से हुई, जो गांजा मामले में जेल में बंद था। जेल से रिहा होने के बाद, सोलोमन ने अपना तरीका नहीं बदला। उसने मादक दवाओं की खरीद जारी रखी, कुछ ग्राहकों को बेचा और बाकी का इस्तेमाल गौस के साथ किया। पिछले महीने उसने बैंगलोर में एक ज्ञात व्यक्ति से कोकीन, एमडीएमए, एलएसडी ब्लॉट्स खरीदे। 21 दिसंबर को वह गौस के साथ अंबरपेट की सीमा में महेश को दवा बेचने की कोशिश कर रहा था। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, कमिश्नर टास्क फोर्स साउथ वेस्ट ज़ोन और अंबरपेट पुलिस टीम ने आरोपी व्यक्तियों को कोकीन, एमडीएमए, एलएसडी ब्लॉट्स के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## बेरोजगारों को ठगने के आरोप में 2 गिरफ्तार

महबूबाबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिजली विभाग में नौकरी दिलाने का झूठा वादा कर कई लोगों को ठगने में कथित रूप से शामिल नागेश्वर राव और साहोहर रेड्डी नामक दो लोगों को महबूबाबाद ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ने कुछ व्यक्तियों से लगभग 1.76 करोड़ रुपये एकत्र किए और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिए। जब व्यक्तियों ने विभाग से संपर्क किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

पीड़ितों में से दो ने महबूबाबाद ग्रामीण पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने मामले की जांच की और नागेश्वर राव और सहोहर रेड्डी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उन लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने नौकरी दिलाने के लिए इन दोनों को पैसे दिए थे। आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दमरे को रेलवे सप्ताह समारोह में दो अखिल भारतीय प्रदर्शन दक्षता शील्ड

## छह अधिकारियों और कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार



नई दिल्ली/ हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह पुरस्कार - अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में भारतीय रेलवे के सभी जोनों के बीच दो अखिल भारतीय प्रदर्शन दक्षता शील्ड प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च मान्यता प्राप्त की। पिछले वर्ष के दौरान जोन द्वारा प्रदर्शित असाधारण प्रदर्शन के सम्मान में, दमरे को सिविल के लिए अखिल भारतीय प्रदर्शन दक्षता शील्ड से सम्मानित किया गया है। इंजीनियरिंग (पश्चिमी रेलवे और दक्षिणी रेलवे के साथ संयुक्त रूप से) और सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण (मध्य रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे के साथ संयुक्त रूप से) में मिला है। समारोह के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा शील्ड प्रदान की गईं। कुल मिलाकर, देश भर के विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे के 101 रेलवे कर्मचारियों ने रेल मंत्री से उत्कृष्ट प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्राप्त किए। इसके अलावा, विभिन्न रेलवे, उत्पादन इकाइयों और रेलवे पीएसयू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और दक्षता के लिए 22 शील्ड भी दिए गए। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक के साथ संबंधित प्रमुख विभागाध्यक्ष सत्य प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, एससीआर (सिविल इंजीनियरिंग निर्माण शील्ड), पी.एस. ब्रह्मानंदम, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, एससीआर (सिविल इंजीनियरिंग शील्ड) ने रेल मंत्री से शील्ड प्राप्त की। एससीआर के तीन अधिकारी और तीन कर्मचारी अर्थात जावदी वेंकट अनूषा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय, गुंटूर, रामबाबू वाविलपल्ली, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, विजयवाड़ा, सुमित शर्मा, प्राचार्य, क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान, मौलाअली, एंथनी दोराई राज, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/मुख्य वाणिज्य पर्यवेक्षक, मुख्यालय; पी. आदिनारायण, वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर (पी.वे), निर्माण, गुंटूर; कमरापु विनोद, वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर, ओएचई, काजीपेट, सिकंदराबाद को अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री के हाथों व्यक्तिगत पुरस्कार, अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, एससीआर ने एससीआर के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम को उनके समर्पण के लिए बधाई दी, जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन दक्षता शील्ड की उपलब्धि हुई। उन्होंने उन कर्मचारियों और अधिकारियों को भी बधाई दी जिन्हें व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और उनके सराहनीय प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण मध्य रेलवे चालू वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना जारी रखेगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को दी गई श्रद्धांजलि



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति में उनके परिवर्तनकारी योगदान की सराहना की।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने पीवी नरसिम्हा राव को एक दूरदर्शी व्यक्ति बताया, जिन्होंने भारत को आर्थिक संकट से बचाया और अपने साहसिक सुधारों के माध्यम से आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्हें तेलंगाना का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना के बेटे पीवी नरसिम्हा राव को बीआरएस सरकार ने उनकी जन्म शताब्दी समारोह मनाकर, नेकलेस रोड का नाम पीवी मार्ग रखकर और एक प्रतिमा स्थापित करके सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य ने उनके लिए भारत रत्न की भी सिफारिश की है।

पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता टी हरीश राव ने देश के राजनीतिक और आर्थिक भविष्य को नया आकार देने का श्रेय नरसिम्हा राव को दिया।

उन्होंने कहा कि उन्होंने जो रास्ता दिखाया, वह आज के विकास की नींव है। उन्होंने लोगों से उनके पदचिन्हों पर चलने का आग्रह किया। बीआरएस एमएलसी के कविता ने नरसिम्हा राव को आर्थिक सुधारों का अग्रदूत और तेलंगाना का बेटा बताया। उन्होंने एक राजनेता के रूप में उनकी भूमिका पर जोर दिया, जिनकी नीतियों ने भारत की प्रगति के लिए मंच तैयार किया।

## कविता ने की कृषि भूमि की नीलामी के प्रयास की निंदा



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के कविता ने कामारेड्डी जिले में कर्ज में डूबे किसानों की कृषि भूमि की नीलामी करने के राज्य सरकार के प्रयास की निंदा करते हुए इसे विश्वासघात बताया। उन्होंने सरकार से इसे तुरंत रोकने और इसके बजाय किसानों को राहत प्रदान करने का आग्रह किया। कविता ने सरकार द्वारा कामारेड्डी जिले के मायलाराम, दुरकी, नसरुल्लाबाद, मिर्जापुर और नचुपल्ली गांवों के किसानों की जमीनों की नीलामी करने के प्रयासों की आलोचना की, जिन्होंने स्थानीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) से फसल ऋण प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि सरकार, जिसे ऋण माफ करना चाहिए और किसानों का समर्थन करना चाहिए, इसके बजाय तानाशाही रवैया अपना रही है।

कविता ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान अंकोल थांडा से किए गए उनके वादे भ्रामक थे। उन्होंने उन पर सहकारी ऋण समितियों से लिए गए ऋण को चुकाने के लिए किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे रेवंत रेड्डी का कपट और किसानों के साथ उनका विश्वासघात साबित होता है।

## पुलिस कमिश्नर ने मीडिया पर की गई टिप्पणी के लिए मांगी माफी



हैदराबाद, 23 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने सोमवार को माफी मांगी और रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मीडिया के कुछ वर्गों पर की गई अपनी टिप्पणी को वापस ले लिया। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने स्वीकार किया कि रविवार को अल्लू अर्जुन विवाद से संबंधित मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत के दौरान उन पर फेंके गए सवालों से वे अपना आपा खो बैठे और भड़क गए। सीवी आनंद ने अपने निजी एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लिखा कि जांच के दौरान लगातार भड़काऊ सवाल पूछे जाने पर मैं अपना संयम खो बैठा और राष्ट्रीय मीडिया के बारे में अनावश्यक सामान्य टिप्पणी की। मुझे बुरा लग रहा है कि मैं उकसाया गया और यह गलत था और मुझे शांत रहना चाहिए था। मैं तहे दिल से अपनी टिप्पणी वापस लेता हूं।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.